स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी
लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित
लखनऊ, सोमवार
26 मई, 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 14
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक -274 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *

# स्वतंत्र भारत

मूल्य : 3 रुपये
epaper : epaper.swatantrabharat.net



## सत्यपाल मलिक बोले झूठे लांछन न लगाए प्रवर्तन निदेशालय

# बेवजह बयानबाजी पर बिफरे पीएम मोदी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने एकजुटता का प्रदर्शन किया है। राजग के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों ने ऑपरेशन सिंदूर में सशस्त्र बलों

### राजग की बैठक में प्रधानमंत्री ने नेताओं को दी नसीहत

### जाति गणना के बताए फायदे

के पराक्रम और पीएम मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए प्रस्ताव पारित किया। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बैठक की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए का सीएम कॉन्क्लेव हुआ। इस कॉन्क्लेव में दो प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं, बैठक में जातिगत जनगणना पर चर्चा हुई। इस दौरान अगली जनगणना में जाति गणना कराने के केंद्र सरकार के फैसले की सराहना की गई। वहीं, बैठक के दौरान पीएम मोदी ने पार्टी के नेताओं के लिए कुछ जरूरी निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान पीएम मोदी ने संघर्ष विराम को लेकर भी टिप्पणी की। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक के दौरान भाजपा नेताओं को कई निर्देश भी दिए। उन्होंने पार्टी के नेताओं को नसीहत देते हुए बेवजह की बयानबाजी से बचने को कहा। इतना ही नहीं, एनडीए के मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जाति गणना पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह उनकी सरकार के उस मॉडल की दिशा में एक कदम है, जिसके तहत वे हाशिए पर पड़े लोगों और हर क्षेत्र में पिछड़े लोगों को विकास की मुख्यधारा में लाएंगे।

# शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में भगदड़ गैस फैलने के बाद अफरा-तफरी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, शाहजहांपुर।** यूपी के शाहजहांपुर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर की ओटी में केमिकल गिरने के बाद गैस फैलने से भगदड़ मच गई। मरीज और तीमारदार सुरक्षित स्थान की ओर भागने लगे। भगदड़ के दौरान एक गंभीर मरीज के मरने की बात सामने आई थी, लेकिन डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने किसी की मौत की बात से इनकार कर दिया है। घटना रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे की है। ट्रामा सेंटर की ओटी में उपकरणों को सैनेटाइज किया जा रहा है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्ट्या ऐसा माना जा रहा है कि सैनेटाइजेशन के दौरान फॉर्मलिन केमिकल जमीन में गिरने से गैस पैदा हुई होगी। एसी-पंखे के जरिये गैस आसपास फैली थी। इस दौरान ऑक्सीजन रिसाव की अफवाह से हड़कंप मच गया। गंभीर हालत के मरीज समेत तीमारदार बाहर की ओर दौड़ पड़े। अस्पताल में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। सूचना पर पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया। आननफानन पुलिस बल, अग्निशमन कर्मचारी पहुंचे।

## असम में 11 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त

**गुवाहाटी।** असम के दो जिलों से 11.5 करोड़ रुपये की कीमत के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं और चार मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। राज्य के सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि असम पुलिस ने कार्बी आंगलोंग और कछार जिलों में दो अभियानों के जरिए मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। कार्बी आंगलोंग पुलिस ने खटखटी चेकपोस्ट पर एक वाहन को रोका और पांच करोड़ रुपये की कीमत की 4.899 किलोग्राम मॉर्फिन जब्त की तथा एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी कार्रवाई में कछार में जिला पुलिस और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने छह करोड़ रुपये से अधिक की कीमत की 1.2 किलोग्राम हेरोइन जब्त की।

# केरल के बाद समय से पूर्व महाराष्ट्र पहुंचा मानसून

**मुंबई।** केरल के बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून महाराष्ट्र पहुंच गया है। इसके अगले तीन दिनों में मुंबई और कुछ अन्य हिस्सों में पहुंचने की उम्मीद है। यह आमतौर पर 7 जून के आसपास महाराष्ट्र और 11 जून को मुंबई पहुंचता

### तीन दिन के अंदर मुंबई में देगा दस्तक

है। भारतीय मौसम विभाग ने रविवार को बताया कि मानसून रविवार को अरब सागर, कर्नाटक, पूरे गोवा, महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों, उत्तरी बंगाल की खाड़ी और मिजोरम के कुछ हिस्सों, मणिपुर और नागालैंड के कुछ हिस्सों में पहुंच गया। मानसून की उत्तरी सीमा देवगढ़, बेलगावी, हावेरी, मांड्या, धर्मपुरी, चेन्नई, आइजोल, कोहिमा से होकर गुजरती है।
आईएमडी ने कहा, मध्य अरब सागर के कुछ और हिस्सों, मुंबई सहित महाराष्ट्र के कुछ और हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए हालात अनुकूल हैं। ऐसे ही बंगलूरू सहित कर्नाटक, आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों, तमिलनाडु के शेष इलाकों, पश्चिम-मध्य व उत्तरी बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों में भी हालात मानसून के हिसाब से ही है। अगले तीन दिनों के दौरान पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ और हिस्सों में भी मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। महाराष्ट्र में तटीय कोंकण और मुंबई में पिछले दो दिनों से भारी प्री-मानसून बारिश हो रही है।



## दिल्ली में आंधी-बारिश से कई उड़ानें प्रभावित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में रातभर भारी बारिश और आंधी के कारण देश के सबसे बड़े इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर 17 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों समेत 49 विमानों के मार्ग में परिवर्तन करना पड़ा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली के प्रमुख मौसम केंद्र ने देर रात 11 बजकर 30 मिनट से सुबह पांच बजकर 30 मिनट के बीच छह घंटे में 81.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की और इस दौरान 82 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं।

# लालू यादव ने बेटे तेज प्रताप को पार्टी से निकाला




**पटना।** पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के विधायक तेज प्रताप यादव को पार्टी से निकाल दिया गया है। राजद सुप्रीमो और तेज प्रताप के पिता लालू यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर यह एलान किया। उन्होंने तेज प्रताप को छह साल के लिए पार्टी से निलंबित

### एक महिला के साथ वायरल हुई थी पोस्ट

कर दिया गया है। उन्होंने लिखा, निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएव उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है। लालू प्रसाद यादव ने आगे लिखा कि अपने निजी जीवन का भला-बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' बदलते भारत की तस्वीर : मोदी




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो शो 'मन की बात' के आज 122वें एपिसोड में कई मुद्दों पर अपने विचार रखे। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, भारतीय सेना के पराक्र म पर बात की। उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक ने संकल्प लिया है कि आतंकवाद को खत्म करना ही है। उन्होंने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य अभियान नहीं है, यह बदलते भारत की तस्वीर है।
प्रधानमंत्री ने कहा, मेरे प्यारे देशवासियो, नमस्कार! आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। आक्रोश से भरा हुआ है। संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। जिस स्पष्टता के साथ, जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया, वो अद्भुत है। ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया-भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया, यह उनका अदम्य साहस था और उसमें शामिल थी, भारत में बने हथियारों, उपकरणों और तकनीक की ताकत। उसमें 'आत्मनिर्भर भारत' का संकल्प भी था। हमारे इंजीनियर, हमारे टेक्नीशियन हर किसी का पसीना इस विजय में शामिल है। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है और इस तस्वीर ने पूरे देश को देश-भक्ति के भावों से भर दिया है, तिरंगे में रंग दिया है।

# भारत-नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट, घुसपैठ की आशंका

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। एक खुफिया रिपोर्ट में 30 से अधिक पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिकों द्वारा भारत में घुसपैठ करने की जानकारी मिली है। इस सूचना के बाद

### सशस्त्र सीमा बल ने बढ़ाई सुरक्षा

सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) को उच्च सतर्कता बरतने का आदेश दिया गया है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, इन संदिग्ध व्यक्तियों के नेपाल पहुंचने की आशंका है। एसएसबी के सूत्रों ने बताया कि 35 से 37 बांग्लादेशी और पाकिस्तानी नागरिक अपने देशों से सीमा पार कर नेपाल आ गए हैं। उनकी योजना खुली सीमा के जरिए भारत में घुसपैठ करने की है, लेकिन सुरक्षा बल उन्हें तुरंत पकड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इसीलिए एसएसबी ने गश्त तेज कर दी है और चौबीसों घंटे जांच अभियान चलाया जा रहा है। जवान सड़कों, जंगलों और सीमा के समीप गांवों में पैदल और वाहनों से गश्त कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि केवल भारतीय और नेपाली नागरिकों को ही नेपाल सीमा से भारत में प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। इससे घुसपैठ की सभी कोशिशों को रोकने की कोशिश की जा रही है। यूपी में नेपाल से लगने वाले सभी जिलों में स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में रखने के लिए एसएसबी ने सुरक्षा कड़ी कर दी है।

# 'मनोरंजन के लिए ताश खेलना नैतिक पतन नहीं'



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक सहकारी समिति के निदेशक के चुनाव मामले में अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि सट्टेबाजी और जुए के बिना मनोरंजन के लिए ताश खेलना नैतिक पतन नहीं है। सुप्रीम

### सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

कोर्ट ने जुआ खेलते पकड़े जाने पर सहकारी समिति के निदेशक पद से हटाए गए युवक को बहाल करने को आदेश दिया।
न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि कर्नाटक के गवर्नमेंट पोर्सिलेन फैक्टरी इंपलाइज हाउसिंग को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के निदेशक मंडल में निर्वाचित हनुमंतरायप्पा वाईसी पर बिना किसी सुनवाई के कथित तौर पर 200 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जब वे कुछ लोगों के साथ सड़क किनारे बैठकर ताश खेलते पकड़े गए।
पीठ ने कहा कि हमें नहीं लगता कि हनुमंतरायप्पा के खिलाफ लगाए गए आरोपों में नैतिक पतन शामिल है। क्योंकि नैतिक पतन तब माना जाएगा जब कोई कार्य भ्रष्टता के साथ किया गया हो। पीठ ने कहा कि हनुमंतरायप्पा आदतन जुआरी नहीं थे। ताश खेलने के कई रूप हैं। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि हर तरह से ताश खेलने से नैतिक पतन होता है। खासकर जब इसे मनोरंजन के तौर पर खेला जाता है। हमारे देश के अधिकांश हिस्सों में जुआ या शर्त के बिना सरल तरीके से ताश खेलना एक गरीब आदमी के मनोरंजन का स्रोत माना जाता है।
सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हनुमंतरायप्पा को सहकारी समिति के निदेशक मंडल में सर्वाधिक मतों से चुना गया था और उनके निर्वाचन को रद्द करने की सजा उनके द्वारा किए गए कथित कदाचार की प्रकृति के अनुपात में ठीक नहीं है। पीठ ने 14 मई के आदेश में कहा कि हम इस बात से संतुष्ट हैं कि हनुमंतरायप्पा के खिलाफ की गई कार्रवाई को बरकरार नहीं रखा जा सकता। इसलिए अपील स्वीकार की जाती है।

# रक्षा बजट बढ़ाएगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत से बुरी तरह मात खाने के बाद पाकिस्तान अब अपना रक्षा बजट बढ़ाएगा। पाकिस्तान के योजना मंत्री अहसन इकबाल ने कहा कि आगामी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए रक्षा बजट में बढ़ोत्तरी की जाएगी। मंत्री ने कहा कि सरकार आम जनता पर बोझ कम करने की कोशिश कर रही है, लेकिन पाकिस्तान की संप्रभुता की रक्षा के लिए रक्षा खर्च में वृद्धि अनिवार्य है। इकबाल ने कहा, यह हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है कि हम अपने सशस्त्र बलों को वह सब कुछ उपलब्ध कराएं जिसकी उन्हें जरूरत है ताकि वे भविष्य में देश की रक्षा कर सकें। यह साबित हो चुका है कि हमारा पड़ोसी (भारत) खतरनाक है, जिसने रात के अंधेरे में हम पर हमला किया, लेकिन हमने उन्हें करारा जवाब दिया।

# आतंकवाद के संरक्षक सुरक्षा की बात कर रहे

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की खुली बहस के दौरान भारत ने पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई।

### यूएन में भारत ने पाक को दिया करारा जवाब

भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को सीधी चुनौती दी और कहा कि जो देश खुद आतंकवाद का संरक्षक रहा है, वह अब नागरिकों की सुरक्षा की बात कर रहा है, ये अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए एक मजाक है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि भारत पिछले कई दशकों से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का शिकार रहा है। उन्होंने कहा, चाहे 26/11 का मुंबई हमला हो या फिर अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की हत्या, पाकिस्तान के हमलों में सबसे ज्यादा जानें आम नागरिकों की गई हैं। राजदूत हरीश ने पाकिस्तान की इस नीति को भी उजागर किया जिसमें वो आतंकवादियों को आम नागरिकों की आड़ में छुपाता है। उन्होंने कहा, जो मुल्क आतंकियों और नागरिकों में फर्क नहीं कर पाता, उसके पास नैतिक अधिकार नहीं कि वो नागरिकों की सुरक्षा पर भाषण दे। हरीश ने हालिया उदाहरण देते हुए बताया कि इसी महीने पाकिस्तानी सेना ने जानबूझकर भारत के सीमावर्ती गांवों पर गोलाबारी की, जिसमें 20 से ज्यादा नागरिक मारे गए और 80 से अधिक घायल हो गए। उन्होंने यह भी बताया कि मंदिरों, गुरुद्वारों, चर्चों और अस्पतालों को भी जानबूझकर निशाना बनाया गया।

# भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली। नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम देश की अर्थव्यवस्था पर टिप्पणी की है। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि हम दुनिया में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं, और यह मेरा डेटा नहीं है। यह आईएमएफ का डेटा है। भारत आज जापान से बड़ा है। केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं। अगर हम जो सोचा जा रहा है, उस पर टिके रहते हैं, तो अगले 2.5 से 3 वर्षों की बात है, हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। सुब्रह्मण्यम ने कहा, भारत एक ऐसे चरण में है, जहां यह बहुत तेजी से विकास कर सकता है, जैसा कि अतीत में कई देशों ने किया है। भारत को अगले 20 से 25 वर्षों के लिए जनसांख्यिकीय लाभांश का वरदान मिला है, जिससे हम तेजी से विकास कर सकते हैं।

# "आँख पर पट्टी रहे और अक़्ल पर ताला रहे..."

नवकांत ठाकुर

**नई दिल्ली।** "आँख पर पट्टी रहे और अक़्ल पर ताला रहे, अपने शाहे-वक़्त का यूँ मर्तबा आला रहे, एक जनसेवक को दुनिया में अदम क्या चाहिए, चार छः चमचे रहें माइक रहे माला रहे।" नेताओं की यह पहचान बताते हुए अदम गोंडवी साहब ने यह भी कहा था कि ये लोग "तालिबे शोहरत हैं कैसे भी मिले मिलती रहे।" यानी कैसे भी चर्चा में बने रहें। क्योंकि बाजारवाद में जो दिखता है वही बिकता है। दिखेगा ही नहीं तो लोग उसे कैसे अपनाएंगे। खास तौर से सूचना विस्फोट के मौजूदा समय में जब लोगों की याददाश्त दिनों दिन क्षीण और किसी भी मसले पर राय "चूल्हे पर पकती हुई सब्जी की तरह" हर पल बदलती और उलटती-पलटती रहती है।
लोगों की याददाश्त कितनी कमजोर और राय किस कदर क्षणभंगुर होती है इसका ताजा उदाहरण "ऑपरेशन सिंदूर" के प्रकरण में देखा जा सकता है। सीमापार स्थित चिन्हित आतंकी अड्डों के सीमित लेकिन सटीक ध्वस्तीकरण से बौखलाए पाकिस्तान के घातक प्रहार को निष्फल करते हुए भारतीय सैन्य बलों की जवाबी कार्रवाई पर अचानक 'सीज फायर' का इमरजेंसी ब्रेक लग जाने की घोषणा होते ही इस कदर घोर निराशा का वातावरण बन गया जिसे अघोषित राष्ट्रीय शोक कहना कतई गलत नहीं होगा। पाकिस्तान की ओर प्रस्तावित सीज फायर को स्वीकार किए जाने की घोषणा से ठीक पहले और उसके ठीक बाद अपने राजनीतिक नेतृत्व के प्रति लोगों की सोच कैसी थी और कैसी हो गई वह किसी से छिपा नहीं है। लेकिन उसके अगले ही दिन जब सबूत के साथ सैन्य पराक्रम की पूरी सच्चाई से देश को अवगत कराते हुए ऑपरेशन सिंदूर आगे भी जारी रहने

### नज़र और नज़रिया

का औपचारिक ऐलान कर दिया गया उसके बाद तो पूरा देश जीत के जश्न में डूबता-उतराता दिखाई पड़ने लगा। कहने का तात्पर्य यह कि लोगों की राय बदलते देर नहीं लगती है। लेकिन इसमें 'पल मे तोला पल में माशा' की तब्दीली तब आती है जब उनकी नजरों के सामने की तस्वीर को ऐसी सफाई से बदला और पलटा जाए कि इसमें उन्हें कोई बनावटीपन महसूस ना हो। यहीं से शुरूआत होती है उस सियासत की जो बाजारवाद के दिखने पर ही बिकने के सिद्धांत को सटीकता से अपना कर लोगों को शीशे में उतारने का जतन करती है। जो इस जतन में जितना अधिक कामयाब हो पाता है उसके पक्ष में उतना ही अधिक जनसमर्थन दिखाई पड़ता है। यानी जनसमर्थन पाने के लिए खबरों में बने रहकर लगातार दिखते रहना अनिवार्य है। ऐसे में चुनौती सामने आती है कि दिखें तो कैसे? क्योंकि मौजूदा दौर की दुर्भाग्यपूर्ण सच्चाई यही है कि जिस मसले पर विवाद ना हो उस पर राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक संवाद होता ही नहीं है। तभी तो संवाद का केन्द्र बिन्दु बनने के लिए अक्सर विवाद का शॉर्टकट पकड़ लिया जाता है।
अगर ऐसा नहीं होता तो अपने अचूक प्रहार से दुश्मनों का सीना फाड़ देने वाली सोफिया कुरैशी को आतंकियों की बहन बताने का दुस्साहस क्यों किया जाता? दुश्मनों को मातृशक्ति के रौद्र रणचण्डी स्वरूप का दर्शन कराने वाली व्योमिका सिंह की जाति की बात क्यों निकलती? क्यों पूछा जाता कि दुश्मन ने हमारे कितने लड़ाकू विमान ध्वस्त किए? वैश्विक कूटनीति के चाणक्य बन कर उभरे विदेश मंत्री पर निजी हमला क्यों किया जाता? क्यों कहा जाता कि सिर्फ बिहार विधानसभा का चुनाव जीतने के लिए पहलगाम में सांप्रदायिक आतंकी नरसंहार होने दिया गया? क्यों 'ऑपरेशन सिंदूर' को 'छोटी-मोटी घटना' और पहलगाम की पीड़िताओं की तकलीफ को 'अपनी ही करनी का फल' बताया जाता? ऐसी बातें ही क्यों की जातीं जिससे दुश्मन को अपना कुतर्क और नैरेटिव मजबूत करने में मदद मिले?
सच यही है कि 'दिखास और छपास' की तलब में ऐसी बातें एवं हरकतें विवाद खड़ा करके संवाद का केन्द्र बिन्दु बनने की चाहत में ही की जा रही हैं ताकि लोगों के मानस पटल पर अमिट छाप छोड़ कर उनकी जहन में खुद को जिंदा रखा जाए। लेकिन जनस्वीकार्यता की मंजिल पर पहुंचने के लिए जनभावना के विरुद्ध जाने से भी नहीं हिचकने वालों को अदम गोंडवी साहब की कही इस बात को ऐसे अर्थ में भी समझ लेना चाहिए कि अगर आंख पर पट्टी रही और अक्ल पर ताला रहा तो आख़िर में चार-छह ही चमचे रहेंगे और सिर्फ माइक रहेगा, माला रहेगी। 'जैसी नज़र, वैसा नज़रिया।'

# हिंदू मजबूत होंगे तभी दुनिया गंभीरता से लेगी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर एक स्पष्ट और गंभीर आकलन पेश करते हुए कहा कि भारत के पास शक्तिशाली बनने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। यह

### पाकिस्तान से तनाव के बीच मोहन भागवत की अपील

बयान ऐसे समय पर आया है जब संघ अपनी शताब्दी वर्ष की तैयारी कर रहा है और हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ सफलतापूर्वक ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया गया है। पत्रिका 'ऑर्गनाइज़र' को दिए एक विशेष साक्षात्कार में भागवत ने कहा, हम विश्व व्यापार पर प्रभुत्व जमाने के लिए ताकतवर नहीं बनना चाहते, बल्कि इसलिए कि हर कोई शांतिपूर्ण, स्वस्थ और सशक्त जीवन जी सके। हमारी सीमाओं पर बुराई की ताकतें सक्रिय हैं, इसलिए हमें शक्ति अर्जित करनी ही होगी। भागवत ने इस बात पर बल दिया कि सुरक्षा केवल सरकार या सेना का कार्य नहीं है, बल्कि समाज से शुरू होती है। उन्होंने हिंदू समाज को आत्मरक्षा के लिए तैयार रहने की सलाह दी, आपको खुद अपनी रक्षा करनी होगी। दूसरों का इंतजार मत कीजिए। जब हिंदू मजबूती से खड़े होते हैं, तब दुनिया उन्हें गंभीरता से लेती है।







# तहेरे भाई ने गोली मारकर की हत्या

## निगोही थाना क्षेत्र में २४ घंटे में दो हत्या की वारदात



**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** निगोही थाना क्षेत्र में २४ घंटे के अंदर हत्या हत्या की दो वारदातें होने से पुलिस महकमा में ह ?कप मच गया है। थाना क्षेत्र के रटी गांव में शाम को मकान के दरवाजे पर खड़े तहेरे भाई की युवक ने राइफल से गोली मारकर हत्या कर दी। परिजन मामले को दबाए रहे। देर रात सूचना आने पर पुलिस ने मौके पर जाकर पड़ताल की। परिजन हत्या की वजह स्पष्ट नहीं बता पा रहे हैं। हत्या के बाद ह ?कम मच गया। आरोपी मौके से फरार हो गया है। रटी गांव के रहने वाले रामबाबू का १८ वर्षीय बेटा प्रदीप नोएडा की एक कंपनी में नौकरी करता था। २२ मई को घर लौटकर आया था। रामबाबू के अनुसार, शनिवार की शाम करीब पांच बजे प्रदीप मकान के दरवाजे पर खड़ा था। तभी छोटे भाई सर्वेश का पुत्र सार्थक पिता की लाइसेंसी राइफल लेकर आया और प्रदीप के ऊपर गोली चला दी। गोली लगने से प्रदीप की मौके पर मौत हो गई। इसके बाद सार्थक अपनी मां के साथ गांव से भाग गया। हत्या की वारदात की सूचना रात करीब नौ बजे पुलिस को दी गई। २४ घंटे के अंदर थाना क्षेत्र में दूसरी हत्या की वारदात से पुलिस में खलबली मच गई। कार्यवाहक थाना प्रभारी रामायण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने जांच करने के बाद उच्च अधिकारियों को सूचना दी। एसपी सिटी देवेंद्र कुमार और सीओ सदर प्रयांक जैन ने पहुंचकर मृतक के परिजन से पूछताछ की। देर रात तक पुलिस मकान के अंदर जांच में जुटी थी। लेकिन किस कारण हत्या की गई उसका पता नहीं लग पाया है। प्रदीप की हत्या के बाद पिता रामबाबू बिलख पड़े। वह बोले कि उनकी कोई दुश्मनी नहीं थी। फिर भी उनके बेटे की हत्या कर दी गई। मृतक का छोटा भाई कुलदीप, प्रमोद, बहन पूनम, पुष्पा, मां राजकुमारी का रो-रोकर हाल बेहाल हो गया। प्रदीप तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। घटना को शाम करीब पांच बजे अंजाम दिया गया, लेकिन परिजन ने पुलिस को सूचना नहीं दी। करीब चार घंटे के बाद मृतक के पिता ने थाने पर सूचना दी है। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। युवक की गोली मारकर हत्या हुई है। आरोपी मौके से भाग गया है। उसकी तलाश की जा रही है। हत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। देवेंद्र कुमार, एसपी सिटी

# एसपी ग्रामीण ने किया निरीक्षण, चौकी के सामने से अतिक्रमण हटाने को कहा



**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे अरुण अचानक कोतवाली पहुंची और परिसर का अवलोकन किया। तदोपरांत पैदल भ्रमण के दौरान अंबेडकर पार्क के समीप सड़क पर अतिक्रमण देख हटवाने को कोतवाल को निर्देश दिए। रविवार शाम साढ़े चार बजे एसपी ग्रामीण अचानक कोतवाली पहुंची। और कार्यालय आदि का निरीक्षण के साथ ही कोतवाली परिसर का भी अवलोकन किया । यहां साफ सफाई दुरुस्त न होने पर नाराजगी जताई । उन्होंने गेट से बैरक तक खुली नाली पर पटले डलवाकर बंद करने के निर्देश दिए । साथ ही शौचालय में गंदगी होने पर साफ सफाई और महिला शौचालय व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए । उन्होंने हवालात के भीतर जाकर भी साफ सफाई का जायजा लिया। आधा घंटे के बाद वह पैदल भ्रमण करती हुई आंबेडकर पार्क के समीप पहुंचीं ।इस रोड पर स्थित पुलिस चौकी बिरियागंज के दोनो ओर सड़क पर फल आदि के ठेलों से सड़क अवरुद्ध होने पर उन्होंने कोतवाल को हर हालत में अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए । यहां से एस पी ग्रामीण जैतीपुर की ओर प्रस्थान कर गईं । पैदल भ्रमण में कोतवाल राकेश कुमार सिंह स्टाफ के साथ मौजूद रहे।

# नवनियुक्त जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष हुआ जोरदार स्वागत



**शाहजहांपुर।** विगत दिनों समाजवादी पार्टी ने आकाश यादव को समाजवादी युवजन सभा का जिला अध्यक्ष एवं पार्थ सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष नामित किया गया। जिसके उपरांत समाजवादी पार्टी नेताओ व कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय पर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर ज़िलाध्यक्ष तनवीर खा ने स्वागत कर कहाँ की आकाश यादव के जिलाध्यक्ष एवम पार्थ सिंह के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने से पार्टी को मजबूती मिलेगी और जिला में युवाओं में जोश है। इनके नेतृत्व ने युवा संगठित होकर पार्टी की नीतियों को जन जन गांव गली में राष्ट्रीय अध्यक्ष की नीतियों को पहुँचे का काम करेगे। इस अवसर पर प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, महानगर अध्यक्ष रामकुमार भोजवाल, छात्र सभा जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया, नगर विधान सभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, अल्पसंख्यक सभा जिला अध्यक्ष हफ़ीज़ अंसारी, उदय यादव, अमित यादव, अखिलेश यादव आदि मौजूद रहे।

## अतुल जिला पर्यावरण समिति सदस्य नामित

**कांट( स्वतंत्र भारत )।** एमएलसी प्रतिनिधि अतुल कुमार सक्सेना को जिला पर्यावरण समिति का सदस्य नामित किया किए जाने पर कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। नगर के मोहल्ला गढ़ी पश्चिम के अतुल कुमार सक्सेना को शासन द्वारा जिला पर्यावरण समिति में सदस्य नामित किया गया है। जिसके जिलाधिकारी अध्यक्ष तथा प्रभागीय वनाधिकारी संयोजक सदस्य हैं। श्री सक्सेना बरेली-मुरादाबाद खंड स्नातक क्षेत्र से एमएलसी डॉ जयपाल सिंह %व्यस्त% के प्रतिनिधि भी है। अतुल कुमार सक्सेना एशिया के सबसे बड़े ट्रस्ट कायस्थ पाठशाला के भी सदस्य हैं। शासन द्वारा सदस्य नामित किए जाने पर जनपद में खुशी की लहर है। तमाम लोगों ने उनको बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है। शुभकामनाएं देने वालों में कमला निवास शास्त्री पूर्व चेयरमैन जलालाबाद, राजीव चंद्र सक्सेना, सुगम सक्सेना, प्रशांत सक्सेना, विनय मिश्रा, सत्यपाल सिंह, शैलेन्द्र सिंह, शांत कुमार, रोहित मिश्रा, शिवओम वर्मा, डॉ विजय जौहरी, सुभाष श्रीवास्तव आदि हर्ष व्यक्त किया है।

# एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं

**मिर्ज़ापुर -शाहजहांपुर ( स्वतंत्र भारत )।** कस्बा निवासी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष पंकज प्रकाश पांडे के भाई राहुल पाण्डेय ने थाने पर दिये प्रार्थना पत्र में कहा है कि बीती उन्नीस मई दिन सोमवार शाम छः बजे को क्षेत्र के गांव पिहानी को मोटर साइकिल क्र७स्न २६६९ सुपर स्प्लेंडर लालकाली जरियनपुर ढाई रोड से पिहानी गांव के सामने कच्ची रोड पर मोटरसाइकिल खड़ी करके १०० मीटर की दूरी पर सबमर्सिबल का बोर करवाने के लिए जगह देखने गये थे ।वहां पर अपाचे मोटरसाइकिल से तीन लड़के आए जिनमें से एक लड़का ने चाबी लगाई तब तक मैंने देख लिया और वहां से भागते चिल्लाते हुए आए तब तक वह मोटरसाइकिल लेकर ढाई की तरफ भाग गया। थाने पर तहरीर दी गई। लेकिन पुलिस ने आज तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की और न ही वाइक को बरामद करने की जरूरत समझी। थाना अध्यक्ष सोनी शुक्ला से सीयूजी नंबर पर बात करनी चाही तो फोन पर घंटी जाती रही है लेकिन फोन नहीं उठा।

# अलग अलग दुर्घटना में दो लोग घायल

**तिलहर ( स्वतंत्र भारत )।** शनिवार को थाना अंतर्गत गांव सरेली के पास निगोही रोड पर मोटर साइकिल अनियंत्रित होने से नहर में गिरी जाकर । जिस से अशोक कुमार निवासी गांव फिरसा चूररा थाना करेली जिला पीलीभीत गंभीर रूप से घायल हो गए । एंबुलेंस की मदद से सीएचसी भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया ।उधर शनिवार बीती रात एक युवक बाइक से जा रहा रास्ते में अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई !बाइक चालक घायल हो गया घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया ।एंबुलेंस एमटी मनोज कुमार ने बताया जनपद पीलीभीत थाना बीसलपुर क्षेत्र के गांव पिपरिया निवासी अशोक बाइक से शाहजहांपुर के लिए जा रहे राष्ट्रीय राजमार्ग हाईवे स्थित पूर्वी भक्सी तिराहे पर शाम लगभग ८ बजे बजे अज्ञात वाहन से बाइक की टक्कर हो गई ! बाइक चालक अशोक गंभीर रूप से घायल हो गया !इलाज को सीएचसी में भर्ती कराया डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया घटना की कोई जानकारी नहीं दी गई।

## विद्युत चोरी करने वालों पर कार्यवाही

**खुदागंज शाहजहांपुर।** विद्युत विभाग के अवर अभियंता अमित कुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि दिन रविवार को बिधुत विभाग द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमे जलालपुर ग्राम मे बिजली चोरी करने बाले पांच लोगो विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा गया है सभी के खिलाफ प्राथमिकता दर्ज कराई गई है उन्होंने बताया है कि बिधुत चोरी करने वालों के विरुद्ध निरंतर यह अभियान संचालित रहेगा इस छापेमारी अभियान के दौरान अवर अभियंता अमित कुमार चौधरी, टी.जी.टू. शिवम वर्मा, अनिल सिंह, शान अली, रोहित सिंह, नेत्रपाल, परविंदर,अमन आदि लोग शामिल रहे।

# जल्द भारतीय बाजार में आएगा केन जूस



**शाहजहांपुर।** गर्मी के मौसम में कोल्ड एंड साफ्ट ड्रिंक की बेहद डिमांड रहती है। कई तरह के एनर्जी ड्रिंक भी बाजार में मिलते हैं, लेकिन इनमें देशीपन का अहसास नहीं होता। अब खास कर यूपी के उद्योग जगत ने एनर्जी कोल्ड ड्रिंक के रूप में %केन जूस% पर काम शुरू कर दिया है। सबकुछ ठीक रहा तो जल्द ही %गन्ने का रस% आपको एनर्जी ड्रिंक के रूप में बाजार में मिलेगा। जी हां, इस दिशा में शाहजहांपुर के उद्योगपति अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में काम शुरू कर दिया गया है। इसी अप्रैल माह में सहारनपुर में देश के उद्यमियों की एक सेमिनार हुई थी। इसमें उत्तर प्रदेश प्लाईवुड मैन्युफैक्चर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को आमंत्रित किया था। वह यहां आए। उन्होंने वहां आए उद्यमी व प्रगतिशील किसानों की बातों को सुना था। उन्होंने बताया था कि प्रदेश सरकार नई पालिसी लेकर आई है। सरकार किसानों से जुड़ना चाहती है, जिससे उनके उत्पाद अमीर देशों में बेचे जाएं। प्रदेश में बंजर जमीन नहीं है। देश के कुल गेहूं का ३५ प्रतिशत प्रदेश में होता है। खेती के १५ उत्पादों में यूपी देश में नंबर एक पर है। जेवर में बन रहे देश के सबसे बड़े एयरपोर्ट के निकट ५० एकड़ में इनफ्रास्ट्रक्चर बनाया जा रहा है, जहां से पैकेजिंग और प्रोसेसिंग कर कृषि उत्पादों का विभिन्न देशों में निर्यात से किसानों को लाभ होगा। यूपी में अपार संभावनाएं हैं। तभी मुख्य सचिव के समक्ष गन्ने के रस को प्रिजर्व कर मार्केट में लाने का प्रस्ताव आया था। तभी आईआईए के पूर्व अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने रु ?की आईआईटी कैम्पस में ही इस दिशा में काम करने का बी ?ा उठाया। रु ?की के वैज्ञानिक इस कार्य में जुटे। आ ?र स ?लता मिली। गत दिवस श्री अग्रवाल की अगुवाई में एक दल लोक भवन लखनऊ में मुख्य सचिव से मिला। वहां इस दिशा में की गई प्रगति का प्रजेंटेशन रु ?की की टीम द्वारा किया गया। मुख्य सचिव ने इस पर हर्ष व्यक्त करते हुए सरकार द्वारा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। श्री अग्रवाल के अनुसार, जल्द ही अन्य औपचारिकता पूरी कर ये शुद्ध देसी एनर्जी ड्रिंक मार्केट में लाया जाएगा। पौष्टिक गुणों से भरपूर इस ड्रिंक को लाने के पीछे उपभोक्ताओं को शुद्ध पेय पदार्थ उपलब्ध कराना और किसानों को आर्थिक लाभ पहुँचाना भी है।

## व्यापारी शहीद दिवस आज

**शाहजहांपुर।** प्रदेश में व्यापार मंडल के आंदोलनों एवं प्रदर्शनों में अब तक शहीद हुए १३ व्यापारियों को नमन करने के लिए प्रतिवर्ष २६ मई को व्यापारी शहीद दिवस मनाया जाता है। जिसमें संगठन के लिए समर्पित पांच व्यापारियों को सम्मानित किया जाता है। उक्त कार्यक्रम को जनपद में आज सोमवार को दोपहर १२:३० बजे कन्हैया होजरी निकट उत्सव मैरिज लॉन पर मनाया जाएगा। है। जानकारी व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ ने दी।

# रानी अहिल्याबाई होल्कर ने किसानों की समस्याओं को दी थी प्राथमिकता : अरुण सागर



**शाहजहांपुर।** पुवायां के ब्लाक सभागार में रानी अहिल्याबाई होकर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे भाजपा सांसद अरुण सागर और बरेली के पूर्व जिलाध्यक्ष गुलशन आनंद मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे। पार्टी पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इसके बाद दोनो ने वहां पर आए लोगों को संबोधित किया। सांसद अरुण सागर ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने हमेशा किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता दी और सिंचाई के लिए नहरों, तालाबों और जलाशयों का निर्माण कराया है। इस तरह उन्होने हमेशा ही जनकल्याण के कार्य किए। किसानों में कृषि के प्रति उत्साह भी बढ़ाया। सांसद ने कहा कि किसानों के लिए अहिल्याबाई होल्कर ने कृषि प्रदर्शनियों का आयोजन भी कराया,जहां- तहां किसान नई तकनीक से परिचित भी हुए। विशेषज्ञों के माध्यम से प्रशिक्षण देकर फल, सब्जी उत्पादन को प्रोत्साहित किया। सांसद ने कहा कि उन्होंने किसानो के लिए बहुत अच्छे कार्य किए । उनके द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यों को आज की नई पीढ़ी को उसकी जानकारी होना चाहिए। यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी रानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के रूप में मना रही है और हर जिले में अलग-अलग कार्यक्रम चल रहे हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, जनप्रतिनिधि और पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कबीर दास निर्गुण भक्ति गायन प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न



**शाहजहांपुर।** संत कबीर अकादमी लखनऊ संस्कृति विभाग उत्तर द्वारा आयोजित दस दिवसीय कबीर दास निर्गुण भक्ति गायन प्रशिक्षण कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कम्पोजिट विद्यालय हथौड़ा बुजुर्ग ब्लाक भावलखेड़ा में १५ मई से प्रातः ७ से ८ बजे तक २५ मई तक संत कबीर एकेडमी लखनऊ द्वारा निर्गुण/भक्ति गायन की दस दिवसीय गायन कार्यशाला का आयोजन प्रशिक्षक, संगीताचार्य दिनेश कुमार एवं साथी दल संगतकर्ता के कुशल निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार संगतकर्ता के रूप में रितेश कुमार कनौजिया (तबल) मनोज कुमार गौतम (नाल), रामस्वरूप (ढोलक) का विशेष सहयोग रहा । १५ मई उद्घाटन कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शैफाली ने सर्वप्रथम संतकबीरदास जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रजुलन कर माल्यार्पण किया गया । इसके बाद प्रशिक्षक श्री दिनेश कुमार जी ने एवं अन्य विद्यालय स्टाफ के द्वारा संत कबीर साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रथम दिन गुरु वन्दना से शुभारंभ हुआ। तदोपरांत कबीर अमृतवाणी से नीति के दोहे में गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागूं पाय बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए. आदि जैसे कई दोहे गायन के रूप गाना सीखा। छात्र छात्राएं कबीर दास के नीति के दोहे पढ़ते थे प्रथम हारमोनियम तबला,ढोलक के साथ गायन के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर अत्यंत उत्साहित दिखे। संगीताचार्य श्री दिनेश कुमार गुरु जी से कार्यशाला में स्वर लय ताल के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया। संत कबीर एकेडमी की प्रथम बार शाहजहांपुर में कार्यशाला का आयोजन हुआ है। इस कार्यशाला में निर्गुण भक्ति गायन का प्रशिक्षण प्राप्त कर लाभान्वित हुए। इस सांस्कृतिक एवं शैक्षिक नवाचार कार्यक्रम के प्रति बच्चों में अत्यधिक उत्साह व रूचि देखने को मिली। कार्यशाला में छात्र छात्राओं ने संगीत के माध्यम से संत कबीर अमृतवाणी को आत्मसात करते हुए सरल मृदुभाषी, अनुशासन, चरित्रवान, परिश्रमी, ईमानदार, प्रकृति प्रेमी, समाजसेवा जैसे आदि गुर सीख समाज प्रेम भाईचारा मैत्री व स्वदेश प्रेम की शिक्षा ग्रहण की। कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक दिनेश कुमार ने प्रथम दिन संत कबीर दास जी का? निर्गुण भजन 卐मत बुरे करम कर वन्दे वरना पछतायेगा माटी का तू है खिलौना माटी मिल जायेगा अरे ओ अभिमानी मत कर नादानी ...। प्रशिक्षण दिया । द्वितीय दिन कार्यशाला में वन्दे तेरी डोली पिया घर जिस दिन जायेगी न सोना काम आयेगा न चांदी आयेगी...। तीसरे दिन मन लागो मेरो ?यार फकीरी में...। चौथे दिन निर्गुण लोगभजन इक दिन चोला दगा दे जायेगो...

# जनपद स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा के मेधावी हुए सम्मानित

**स्वतंत्रभारत,लालगंज,प्रतापगढ़ ।**धधुआगाजर स्थित आइंस्टीन पब्लिक स्कूल में रविवार को जनपद स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा में पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र व छात्रवृत्ति पाकर मेधावियों के चेहरे खिल उठे। सम्मान समारोह का शुभारम्भ निदेशिका सुश्री श्रुति शुक्ला एवं संरक्षक विभव भूषण शुक्ल तथा चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। वही अतिथियों ने विद्यालय के संस्थापक स्व० पं० भगवत प्रसाद शुक्ल एवं शान्ती देवी जी के चित्र पर माल्यार्पण भी किया। सभागार में आयोजित शांति देवी मानव विकास सेवा संस्थान के बैनर तले भव्य एवं रंगारंग समारोह में चौथी बार आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा के सफल मेधावियों को निदेशिका श्रुति शुक्ला एवं अतिथियों ने सम्मान पत्र तथा मेडल व छात्रवृत्ति प्रदान कर हौसला आफजाई किया। समारोह में आइंस्टीन पब्लिक स्कूल लालगंज के मेधावी शिखर मिश्रा, श्रेष्ठ सिंह, सुमित वर्मा, आयुष्मान मिश्रा, व अभिनव सिंह तथा विद्या एजुकेशन इंस्टिटयूट के कौशल पाण्डेय तथा आइंस्टीन पब्लिक स्कूल प्रतापग? के 39 , संस्कार ग्लोबल के 2 , जयपुरिया के एक ,डॉल्फिन पब्लिक स्कूल तथा किड्स वैली एकेडमी के एक व सेंट जोसेफ के तीन , स्वामी विवेकानन्द एवं यश के वाई चिल्ड्रेन एकेडमी के एक समेत इन सफल मेधावियों छात्रों को छह लाख की छात्रवृति के तहत प्लेटनम छात्रवृत्ति पन्द्रह हजार रूपये , गोल्ड छात्रवृत्ति के तहत दस हजार व सिल्वर छात्रवृत्ति में पांच हजार एवं मेरिटोरियस छात्रवृति के तहत एक हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि निदेशिका श्रुति शुक्ला ने प्रदान कियां । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए निदेशिका श्रुति शुक्ला ने कहा कि आइंस्टीन पब्लिक स्कूल के द्वारा इस प्रकार की लगातार ज्ञान वर्धक प्रतियोगिताओं के आयोजन का उद्देश्य जिले भर की प्रतिभाओं को ज्ञान के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ मुकाम हासिल कराना है। उन्होने कहा कि प्रतिभाओं को समाज एंव देश के उन्नयन में मजबूत नागरिक के रूप में तैयार करना विद्यालय के शैक्षिक मिशन के कीर्तिमान को लगातार प्रोत्साहित रखा जायेगा। संरक्षक विभव भूषण शुक्ल ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए परीक्षा एक सशक्त माध्यम है। ऑल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने भारतीय मेधा की सफलताओं का बखान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी व संचालन स्नेहा द्विवेदी एवं संगीताचार्य अशोक ओझा एवं शैलजा तिवारी व सोनी तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। विशिष्ट अतिथि डॉ० सौरभ मिश्र व सुशीला मिश्र रही।

# साहित्यकार अलंकरण, कवि सम्मेलन और पुस्तक विमोचन समारोह सम्पन्न

## विराट कवि सम्मेलन एवं अलंकरण समारोह में जुटे कई जनपदों के साहित्यकार

**शाहजहांपुर।** रविवार को अखिल भारतीय काव्यधारा रामपुर की शाहजहांपुर इकाई ओर से श्री चेतराम मानव सुधार संस्थान जूनियर हाईस्कूल के सभागार में विशाल कवि सम्मेलन , साहित्यकार अलंकरण समारोह एवं सजल स्वर्णाक्षरा साझा काव्य संकलन का विमोचन समारोह कवि महेंद्रपाल सिंह मधुप और राष्ट्रवादी कवि डॉ. प्रदीप वैरागी के संयुक्त संयोजन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कवयित्री सरिता बाजपेई ने सरस्वती वंदना से किया। कवि सम्मेलन का कुशल संचालन पीलीभीत के कवि सत्यपाल सिंह सजग ने किया। राष्ट्रीय कवि जितेन्द्र कमल आनंद की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन मुख्य अतिथि रणधीर प्रसाद गौड़,बलवीर सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र कमल आनंद, डॉ . महेश मधुकर, शिवकुमार चंदन ,डॉ सरिता बाजपेई , ऊषा देवी यादव आदि ने मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अतिथियों का आभार महेंद्रपाल सिंह मधुप ने व्यक्त किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बरेली से कवि रणधीर प्रसाद गौड़ ( मुख्य अतिथि) डॉ.महेश मधुकर (विशिष्ट अतिथि) उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट, राजबाला धैर्य, किरन प्रजापति दिलवारी,शाहजहांपुर से नीलम सिंह (विशिष्ट अतिथि), डॉ .सरिता वाजपेई ( विशिष्ट अतिथि),विनीता चौरासिया, नितिन त्रिगुणायत, चंद्र प्रकाश बाजपेई, राकेश राघव, संदीप गुप्ता, आर एल श्रीवास एडवोकेट,संतोष श्रद्धा, कमलकांत सागर, डॉ. प्रदीप वैरागी, बालक राम यादव, छवि नाथ , कपिल देव पाण्डेय,अवनीश पाल,पीलीभीत से सत्यपाल सिंह सजग,रजनी सिंह प्रज्ञा, उमेश त्रिगुणायत, पुष्पेंद्र शर्मा पांचाल,रामपुर से राजवीर सिंह राज़, शिव कुमार शर्मा चंदन, सोहन लाल भारती, दीप कमल जौहरी, खटीमा, ऊधम सिंह नगर उत्तराखंड से राम रतन यादव,हरदोई से वीरेश सिंह परमार,अनिल अनिकेत, उदयराज सिंह, अखिलेश सिंह अखिल आदि ने काव्यपाठ किया। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा सजल स्वर्णाक्षरा साझा काव्य संकलन का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के उपरांत सभी कवियों को अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न, शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

# सरेशाम दबंगों ने पिता पुत्र को लाठी डंडों और लोहे की रॉड से पीटा

## हालत गम्भीर होने पर डॉक्टर ने किया फर्रुखाबाद रेफर, जिंदगी और मौत से जूझ रहा घायल ढाबा स्वामी

**कलान( स्वतंत्र भारत )।** शरेशाम दबंगों ने पिता पुत्र को लाठी डंडों और लोहे की रॉड से पीट कर घायल कर दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गयी। जहां एक घायल अरुण की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे फर्रुखाबाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।अरुण जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।वहीं हमलावर घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए।

अनुज गुप्ता पुत्र राम किशोर गुप्ता निवासी मोहल्ला शिवनगर कलान ने थाने पर दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि शनिवार की शाम समय ७:४५ बजे उसका भाई अरुण व पिता रामकिशोर अपने भर्रामई स्थित ढाबा पर बैठे हुये थे तभी कलान के ही प्रशांत पुत्र राकेश,अनुज पुत्र प्रमोद गुप्ता,रवि पुत्र प्रमोद गुप्ता,योगेश उर्फ लल्ला पुत्र नत्थू लाल गुप्ता,आकाश पुत्र प्रमोद गुप्ता,पन्चू पुत्र रामकिशोर गुप्ता, कुलदीप पुत्र रामकिशोर गुप्ता हाथों में लाठी डंडे लोहे की रॉड लेकर आये और गाली गलौज करते हुए उसके पिता व भाई को एक राय होकर योजनाबद्ध तरीके से पीट पीट कर घायल कर दिया।सभी उसके भाई को बेहोशी की अवस्था में छोड़कर भाग गए।जब उसके पिता ने उसके भाई को बचाने का प्रयास तो पिता के साथ मार पीट करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।उसने बताया कि उसके भाई की हालत नाजुक बनी हुई है और शरीर में जगह चोटें आई हैं।उसका फर्रुखाबाद में इलाज चल रहा है। इतना ही नहीं दबंगों ने दुकान में घुसकर तोड़फोड़ कर दी।जिससे दुकान में रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया।पुलिस ने अरुण के भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या–१७६/२५ धारा–३३३,१९१(२),१९१(३),११०,३५२,३५१(३),३२४(२) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है। उधर जब इस संबंध में कलान के प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि अरुण के भाई की तहरीर के आधार पर सात लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# संगठन सृजन के तहत लोगों से अर्चना ने की मुलाकात

## कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए किया जनसंपर्क



**शाहजहांपुर ।** महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि ने पुवाया विधानसभा क्षेत्र के तमाम गांव जिसमें बड़ा गांव, कोरो कुइया, पचपेड़ा, धारा, गाजीपुर, रहीमपुर आदि संगठन सृजन के तहत लोगों से मुलाकात की तथा पार्टी को मजबूत करने के लिए संपर्क किया और भाजपा सरकार के ११ साल के कार्यों पर चर्चा की ११ साल में भाजपा सरकार ने झूठ बोलना हिंदू मुस्लिम करना मंदिर मस्जिद... हिंदू मुस्लिम को आपस में लड़ने के अलावा कोई कार्य नहीं किया महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि ने कहा कि भाजपा सरकार ने झूठ बोलने का ठेका ले रखा है सबसे ज्यादा उत्पीड़न दलितों तथा महिलाओं का भाजपा सरकार में हुआ है और उत्तर प्रदेश दलित उत्पीड़न में पूरे भारत में सबसे आगे है हम सबको मिलकर भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए २०२७ में कांग्रेस को मजबूत करना है और आने वाले २०२७ में कांग्रेस की सरकार बनाना है।

# विशेष सचिव ग्राम्य विभिन्न विकास योजनाओं का भौतिक सत्यापन एवं निरीक्षण किया

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित जनपद नोडल अधिकारी एवं विशेष सचिव, ग्राम्य विकास विभाग रजनीश चंद्र ने जनपद शाहजहांपुर का दौरा कर विकास कार्यों का गहन निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने हर घर नल योजना, गौ आश्रय स्थलों तथा ५० करोड़ रुपए से अधिक लागत की परियोजनाओं का भौतिक सत्यापन कर उनकी प्रगति एवं गुणवत्ता की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान श्री चंद्र ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत इनायतपुर पाइप पेयजल योजना का अवलोकन किया, जो विकासखंड निगोही के राजस्व ग्राम रुद्रपुर में संचालित हो रही है। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता, समयबद्धता और पारदर्शिता पर विशेष बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि योजनाएं शासन की मंशा के अनुरूप समय पर पूर्ण हों।

इसके पश्चात उन्होंने बृहद गौ संरक्षण केंद्र ङ्क सल्लिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में स्वच्छता व्यवस्था असंतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की और निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत स्तर पर सफाई कर्मियों की तैनाती कर नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पशुओं के संरक्षण हेतु स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण अनिवार्य है। गौवंशों को गर्मी से राहत देने हेतु उन्होंने जूट के बोर के परदे लगाए जाने और उन पर नियमित पानी का छिड़काव कराने के निर्देश दिए, ताकि उन्हें लू (हीट स्ट्रोक) से बचाया जा सके। साथ ही, उन्होंने गौशाला परिसर में वृक्षारोपण कर छायादार वातावरण तैयार करने का सुझाव दिया। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन गोबर गैस प्लांट को कार्यदायी संस्था से तत्काल नियमों के अनुसार पंचायत को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने पूर्व से स्थापित सोलर पैनल को क्रियाशील बनाने हेतु मरम्मत कार्य शीघ्र कराने पर भी जोर दिया। इसके अतिरिक्त, गौवंशों के आराम के लिए सीमेंट की टीन सेट चादरों का उपयोग करने का भी सुझाव दिया गया। रजनीश चंद्र ने कहा कि शासन की प्राथमिकता योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी संचालन है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे नियमित निरीक्षण करते हुए कार्यों को प्रभावी ढंग से पूर्ण कराएं और जनता को योजनाओं का पूर्ण लाभ मिले, यह सुनिश्चित करें।

# कॉमर्स की शिक्षा स्वरोजगार के लिए आवश्यक

**शाहजहांपुर।** एसएस कॉलेज के वाणिज्य विभाग में स्वरोजगार वृद्धि में कॉमर्स की भूमिका विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप-प्राचार्य व वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. अनुराग अग्रवाल ने स्वामी शुकदेवानंद जी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर किया। मुख्य वक्ता बरेली कॉलेज बरेली के वाणिज्य विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. पंकज यादव ने बोलते हुए कहा कि कॉमर्स की शिक्षा छात्रों को स्वरोजगार के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करती है। कॉमर्स के छात्र उद्यमिता के सभी पहलुओं को समझकर अपने व्यवसाय को सफलतापूर्वक चलाने के लिए तैयार किए जाते हैं। वह उद्यम को चलाने में सहायक बैंकिंग, बीमा ट्रांसपोर्टेशन, संचार आदि सेवाओं में भी अपना भविष्य बना सकते हैं। डा. देवेंद्र सिंह ने अतिथि को अंगवस्त्र उढाकर व डा कमलेश गौतम ने स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मान किया। इससे पूर्व डा. अनुराग अग्रवाल ने अतिथि का परिचय प्रदान किया और विषय की भूमिका को स्पष्ट किया। डा. रूपक श्रीवास्तव के संचालन में हुए कार्यक्रम में आभार डा.कमलेश गौतम ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर डा. गौरव सक्सेना, डा. अजय कुमार वर्मा, डा. संतोष प्रताप सिंह,डा. सचिन खन्ना, पोथीराम सिंह विभाग के आदि शिक्षको समेत ब ?ी संख्या छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में यशपाल कश्यप निश्चय शुक्ला का विशेष सहयोग रहा।

# एक दिवसीय प्रशिक्षण, दोपहिया इंटरसेप्टर वाहन भी किए गए वितरित

**शाहजहांपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक यातायात निदेशालय उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस लाइन सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस.पी. सिटी देवेंद्र कुमार ने की। इसका उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना तथा यातायात उपकरणों के उपयोग और रखरखाव के संबंध में जानकारी देना रहा। प्रशिक्षण के दौरान प्रभारी यातायात विनय कुमार पांडेय द्वारा सभी यातायात उपनिरीक्षकों एवं विभिन्न थानों से आए उपनिरीक्षकों को ब्रेथ एनालाइजर, बॉडीवार्न कैमरा, डेसीबल मीटर आदि उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण दिया गया।ओवरस्पीडिंग पर प्रभावी कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक नगर देवेंद्र कुमार द्वारा यातायात निदेशालय से प्राप्त ०३ दोपहिया इंटरसेप्टर वाहन उपनिरीक्षकों को वितरित किए गए।क्षेत्राधिकारी यातायात संजय कुमार सिंह ने बताया कि बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार पुलिस द्वारा वाहनों की नियमित चेकिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि अधिकांश दुर्घटनाओं में वाहन चालक नशे में पाया गया है, अत: विशेष चेकिंग अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक के नेतृत्व में निकली शौर्य तिरंगा यात्रा



**कांट शाहजहांपुर ( स्वतंत्र भारत )।** भाजपा युवा मोर्चा की ओर से विधायक अरविंद सिंह के नेतृत्व मे नगर में भव्य शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने वंदे मातरम के साथ सेना की जय जयकार की। रामलीला मैदान पर पार्टी कार्यकर्ताओं के एकत्र होने के बाद महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता एवं विधायक अरविंद सिंह जब पहुंचे कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया श्री सिंह ने मंच से कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के मंसूबों पर पानी फेर दिया। उन्होंने कहा कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा निर्दोषों की जो हत्या की गई इसका बदला भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर लिया तथा पाकिस्तान की सेना के छक्के छुड़ा दिए। आतंकवादियों द्वारा निर्दोषों की हत्या की गई थी इसका बदला मात्र कुछ घंटे में ही ले लिया। जिससे पाकिस्तान त्राहि त्राहि कर रहा है। यात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर मदनपुर मार्ग से होते हुए मुख्य मार्ग पर कोतवाली के सामने से होते हुए बंधन मैरिज लान पहुंची। जहां पर कार्यकर्ताओं ने वंदे मातरम भारत माता की जय के नारे लगाए। यात्रा के दौरान ब्लॉक प्रमुख श्री दत्त शुक्ला, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजदीप शर्मा, सोबरन सिंह यादव, संतोष कुमार दीक्षित, अखिलेश कुमार पाठक विकास पाठक, लालजीत राठौर ,रामलड़ैते, योगेश शर्मा सुखबीर सिंह यादव सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता पैदल दुपहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन से चल रहे थे।बड़ी संख्या में पुलिस बल तिरंगा यात्रा को सुरक्षित निकलवाने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल साथ में रहा। यहां प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह अपराध निरीक्षक सत्य सिंह पुलिस बल के साथ यात्रा के दौरान साथ में रहे।

### कार्यकर्ताओ में फोटो खिंचवाने की रही होड

शौर्य तिरंगा यात्रा को व्यवस्थित तरीके से निकालने के लिए मंच से निर्देशित तो किया गया था लेकिन जैसे ही कार्यकर्ताओं की भीड़ सड़क पर आई सभी को सेल्फी लेने एवं अपने पार्टी नेताओं के साथ फोटो खिंचवाने की होड़ दिखाई दी। जिससे तिरंगा यात्रा पूरी तरह से व्यवस्थित रूप से न चल पाई बल्कि कुछ देर तक भागम भाग की स्थिति बनी रही।

# अवैध शराब भट्टी पकड़ी, मुकदमा दर्ज

**तिलहर ( स्वतंत्र भारत )।** थाना अंतर्गत गांव धनौरा में मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब भट्टी पकड़ी गई। उप निरीक्षक विनीत कुमार ने तहरीर में बताया शनिवार देर रात हम अपने क्षेत्र में किसी जांच के सिलसिले से कॉन्टेबल शैलेन्द्र कुमार के साथ कोहनी गांव में गए थे । देर रात लगभग १० बजे के बाद गांव धनौरा से निकल रहे थे। बही एक मुखबिर ने बताया एक ट्यूबवेल पर अवैध शराब भट्टी चल रही है। जब बहा पहुंचे तो देखा एक युवक गैस चूल्हे पर कुछ कर रहा था पूछे जाने पर बताया कि कच्ची शराब निकाल रहा है। उससे पूछे जाने पर बताया उसका नाम आदेश कुमार पुत्र जगदीश बताया । तलाशी लेने पर शराब निकलने वाले उपकरण प्राप्त हुए। जिससे १० लीटर शराब,५० लीटर लहन जो कि नष्ट कर दिया गया।५०० ग्राम नमूना लेकर प्रोगशाला भेज दिया।अपराध निरीक्षक देवेन्द्र यादव ने बताया कि देर रात अवैध शराब भट्टी पकड़ी है सुसंगत धारा में मुकदमा दर्ज कर। आरोपी को जेल भेजा जा रहा है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर झूमे लोग तिरंगा यात्रा निकाली

## पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया मातृ शक्ति ने नगर में दिखाया दम

**जलालाबाद-शाहजहाँपुर ( स्वतंत्र भारत )।** जलालाबाद में शनिवार शाम सरस्वती शिशु मंदिर से महिला समन्वयक मातृ शक्ति के संयोजन में अपरेशन सिंदूर की सफ्लता को लेकर सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा से पहले पूर्व सैनिकों को आरएसएस के पदाधिकारियों द्वारा पूर्व सैनिकों का तिलक लगाकर और पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सरस्वती शिशु मंदिर से महिला समन्वयक मात्र शक्ति के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में महिलाएं, बच्चे, पुरुष हाथ में तिरंगा झंडा



लेकर भारत माता की जय के जयकारे लगाकर चल रहे थे। तिरंगा यात्रा का लोगों ने जगह जगह फूल बरसा कर स्वागत किया। नगर के विभिन्न मार्ग, वाल्मीक मंदिर, अश्विनी तिराहा, क्वालिटी तिराहा होती हुई डाक बंगला पर संपन्न हुई तिरंगा यात्रा में आरआरएस की माधुरी सिंह, सुनैना गुप्ता, ज्योति, इंदु रेखा, कामनी, साधना, मंजू, मात्र शक्ति बहने व अनिल सिंह, डा. रामशंकर अग्रवाल, वीरेंद्र मिश्र, सतेंद्र सिंह, कृष्णपाल सिंह आदि तिरंगा यात्रा में शामिल रहे।

# अवैध कब्जेदारों ने काट ली गेहूं की फसल रिपोर्ट दर्ज

## आला अधिकारियों के निर्देश पर हल्का लेखपाल ने की कार्यवाही

**जलालाबाद-शाहजहाँपुर ( स्वतंत्र भारत )।** अवैध रूप से कब्जा की गई सरकारी जमीन पर गेहूं की फसल लगाई गई थी जिसको तहसील प्रशासन द्वारा फसल ना काटने की हिदायत देकर ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में दे दिया गया था। लेकिन बिना अनुमति दबंगों द्वारा गेहूं की फसल काट ली गई जिसके आधार पर हल्का लेखपाल द्वारा पांच नामजद एक अज्ञात सहित ६ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है अब इनसे फसल के पैसे की वसूली की जाएगी। थाना अल्हागंज क्षेत्र के गांव वजीरपुर निवासी दर्जनों लोगों के राजस्व कर्मियों द्वारा बयान दर्ज किए गए वहीं सुपुर्दगी में दी गई भूमि के सुपुर्दगी कर्ता ग्राम प्रधान विमलेश कुमार द्वारा लिखित बयान दिए गए हैं जिसमें उन्होंने बताया कि उक्त आधा दर्जन गाटों की गेहूं की फसल अनोखेलाल, अरविंद पुत्रगण खेमकरन, अनिल पुत्र अनोखेलाल, अजयवीर पुत्र मनोज कुमार निवासी ग्राम वजीरपुर, अमृतपुर जिला फर्रुखाबाद ने जबरिया काट ली है। वही श्रेणी ६–४ सीमांकन पुलिस टीम व किसान यूनियन के सदस्य नरेंद्र व ग्राम वासियों की उपस्थिति में किया गया था व कब्ज़ा कर्ता को जमीन खाली करने हेतु मौखिक रूप से हिदायत दे दी गई थी। हल्का लेखपाल के निर्देशों का अवैध कब्जदारों पर कोई असर नहीं हुआ उन्होंने जबरदस्ती गेहूं की फसल काट ली इस मामले में हल्का लेखपाल मोहम्मद आजम खान की तहरीर पर उपरोक्त अनोखेलाल, अरविंद, अनिल, अजय वीर, राघवेंद्र व अज्ञात के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता २०२३ की धारा ३२३ व ३२९(३) एवं सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम २ एवं ३ के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### अवैध कब्जे को लेकर मारपीट

**पुवायां।** क्षेत्र के गांव खांडेपुर निवासी जगदेई पत्नी नत्थूलाल ने बताया कि गांव में उनकी व उनके पुत्र आलोक कुमार की झोपडी पड़ी थी। जिसमें आलोक कुमार व परिवार के सदस्य रहते थे, जिसका गाटा संख्या १६ चरागाह में अवैध कब्जेदारो ने लात घूंसों से मारा पीटा और जान से मारने की धमकीं दी। तब प्रार्थिनी व प्रार्थिनी का पुत्र अपनी जान बचाकर भाग आए ।लेकिन उपरोक्त कब्जेदार अपराधी किस्म के व्यक्ति हैं इस लिए इन्होंने मुझे थाने आने पर रोक लिया। किसी तरह जान बचाकर इधर उधर से भागते हुए पुलिस की शरण में पहुंची और अवैध कब्जेदारों के खिलाफ कठोर कार्यवाही तथा कब्ज़ा मुक्त कराने की मांग की है।

# विधायक ने शुरु कराया पुलिया निर्माण गम्भीर समस्या का अन्त

## ग्रामीणों ने फूलमाला पहनाकर विधायक श्री वर्मा का स्वागत किया



**जलालाबाद-शाहजहाँपुर ( स्वतंत्र भारत )।** क्षेत्रीय भाजपा विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने १३२ जलालाबाद विधानसभा में कई ऐसे कार्य कर दिए हैं जो आजादी से लेकर अब तक नहीं हुए थे कई विधायक हुए लेकिन किसी ने इन मूलभूत समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया था हरि प्रकाश वर्मा ने विशेष कर उन समस्याओं को टारगेट किया जो वास्तव में ज्वलंत और गंभीर जन समस्याएं थीं या फिर वह समस्याएं जो नासूर बन चुकी थीं।

नासूर बन चुकी समस्याओं में विकास खंड जलालाबाद की ग्राम पंचायत एलमनगर कटरिया के गांव मझरा तक पहुंचने के लिए एक बरसाती नाले को पार करके जाना पड़ता था जिस पर पुलिया नहीं थी लोग इस नाले के अंदर घुस के निकलते थे। बरसात के दिनों मे यह नाला उफान पर होता था ऐसी परिस्थितियों में लोग इस नाले से जब गुजरते थे तो जान जोखिम में पड़ जाती थी। कई बार इस नाले में स्कूल से घर व घर से स्कूल जाते समय छात्र पानी में बह गए थे बमुश्किल उनको बचा पाया था कई बार ग्रामीण जब इस पानी से होकर निकल रहे थे तो तेज धार ने उनको भी बहने पर मजबूर कर दिया था ऐसी जटिल समस्या का समाधान आज भाजपा विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने पुलिया निर्माण का काम आरंभ कराकर कर दिया है इस पुलिया का निर्माण कई गांव को जीवनदान दे सकता है। नाले के उस पर रहने वाले लोगों को पुलिया से बहुत बड़ी राहत मिलेगी अब लोग आसानी से रात हो या दिन अपने घर जा सकेंगे विधायक हरिप्रकाश वर्मा नाले की पुलिया निर्माण के लिए काम आरंभ कराने आज मौके पर पहुंचे और उन्होंने काम का शुभारंभ कराया और पुलिया निर्माण करने वालों को बरसात से पहले पुलिया बनाकर तैयार कर देने के निर्देश दिए। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख गोपाल सिंह वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे जिन्होंने विधायक श्री वर्मा का माला पहनकर स्वागत किया।

# ७ वर्षीय बालक की पानी में डूबकर मौत

**जलालाबाद ।** घर से अचानक लापता हुआ ७ वर्षीय बालक का शव नदी की छाण में उतरता हुआ मिला सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पीएम के लिए भेज दिया। थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव रैपुरा मजरा कोला निवासी राजेश का ७ वर्षीय पुत्र प्रियांशु शनिवार शाम ४:०० बजे घर से निकला था देर शाम तक जब वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई परिजनों ने गांव में उसकी तलाश शुरू की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा घटना की सूचना पुलिस को दी गई बालक की तलाश में पुलिस ने भी इधर-उधर जानकारी प्राप्त की। देर रात लगभग १२:०० बजे गांव से सटे हुए बहगुल नदी की छाण में भरे पानी में उसका शव पानी की सतह पर उतराता हुआ मिला लोगों ने पानी में घुसकर बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया ग्राम प्रधान पुत्र मोहित ने बताया कि राजेश के दो पुत्र हैं मृतक प्रियांशु छोटा था तथा आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ता था बालक की अचानक पानी में डूब कर हुई मौत पर जहां गांव में लोगों को सदमा है वहीं माता-पिता का भी रो-रो कर बुरा हाल है।

# डीसीएम के ऊपर बैठा मजदूर तारों में उलझ कर नीचे गिरा मौत

**सेहरामऊ दक्षिणी।** गाँव कहेलिया के पास भूसा भर कर जा रही डी सी एम के ऊपर रोड के किनारे लगा बिजली का पोल टूटकर गिरने से ऊपर बैठा व्यक्ति तारों में फंसकर नीचे गिर गया। जिसकी राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचने से पहले ही मृत्यु हो गई। शनिवार की रात करीब ११, ३०बजे कहेलिया के पास ओवर हाइट भूसा भर कर जिला मुख्यालय की तरफ जा रही डी सी एम का भूसा सम्पर्क मार्ग के किनारे लगे बिजली के तारों में उलझ गया जिससे पोल टूटकर डीसीएम पर गिर गया डीसीएम के ऊपर बैठा जनपद कासगंज के थाना सहावर के गाँव नगला हाजी निवासी २४ वर्षीय राज करन नीचे गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र ने घायल को उपचार हेतु एंबुलेंस की मदद से राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया था। उपचार शुरू होने से पहले ही राजकरन की मौत हो गई। जिसकी सूचना मृतक के परिवार को दे दी गई है।

# कलान तहसील क्षेत्र में दिन रात हो रहा मिट्टी और बालू का अवैध खनन, जिम्मेदार खामोश

**मिर्ज़ापुर -शाहजहांपुर ( स्वतंत्र भारत )।** तहसील क्षेत्र में हो रहे बालू और मिट्टी के दिन रात अवैध खनन पर प्रशासन अंकुश नहीं लगा पा रहा है। हद तो तब हो जाती है जब मनबढ़ खनन माफिया खुलेआम जेसीबी से उपजाऊ खेतों में चार चार फिट गहराई में मिट्टी का खनन करके खेतों को तालाब बना रहे हैं। कलान तहसील के मिर्जापुर,परौर और कलान थाना क्षेत्रों में खुलेआम जेसीबी उपजाऊ खेतों में मिट्टी का खनन करके पड़ोसी खेत वालों को भी अपने खेत की मिट्टी माफिया के हाथों बेचने को मजबूर कर रहे हैं। बरसात के मौसम में खनन से तालाब बने खेतों के आसपास खेतों की मिट्टी बरसात के पानी से बहकर खेत खराब हो जाते हैं। तहसील क्षेत्र में खनन रोकने के लिए थानों की पुलिस के साथ ही राजस्व विभाग का पूरा अमला है। किंतु किसी में भी दिन रात होने वाले खनन को रोकने की हिम्मत



नहीं है। ऐसा नहीं है कि ग्रामीण इस अवैध खनन का विरोध नहीं करते हैं,वे पुलिस एवं राजस्व विभाग के अफसरों को दिन के उजाले में होने वाले खनन की शिकायतें फोटो और वीडियो बनाकर भी करते हैं। किंतु ग्रामीणों की शिकायत पर होने वाला अवैध खनन तो नहीं रुकता,उल्टे माफिया शिकायत कर्ताओं को धमकाने आ जाते हैं। पुलिस से माफिया के शिकायत करने पर पुलिस शिकायतकर्ताओं को एक ही जवाब देती है कि खनन रोकना पुलिस का नहीं,बल्कि खनन विभाग का काम है। जबकि ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ही खनन माफिया से वसूली करके संबंधित विभागों को उनका हिस्सा पहुंचाती है। ग्रामीणों का कहना है कि जब से सरकार ने मिट्टी और बालू के खनन पर रोक लगाई है,तब से खनन तो बढ़ा ही है बल्कि जरूरतमंदों को एक ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी का मूल्य सात - आठ सौ और बालू का मूल्य ढाई हजार रुपए प्रति ट्राली देना पड़ रहा है।

# निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में मंत्री सुरेश खन्ना ने दिए निर्देश, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**शाहजहांपुर।** निर्माणाधीन एवं स्वीकृत परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन सुभाष चंद्र बोस सामुदायिक भवन में किया गया।



बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने की। बैठक के दौरान जनपद में चल रही विभिन्न प्रमुख परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री ने एक-एक परियोजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी कार्य निर्धारित समयसीमा से बाहर नहीं जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जनहित से जुड़ी परियोजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में बताया गया कि हथौड़ा स्टेडियम का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है और इसे २६ दिसंबर २०२५ से पहले पूर्ण कर लिया जाएगा। मंत्री ने निर्देश दिए कि कार्य शीघ्र पूरा कर हस्तगत की कार्यवाही कराई जाए। शहीद द्वार पर प्रस्तावित मल्टीलेवल कार पार्किंग तथा प्लेनेटोरियम की योजना शासन को प्रेषित की जा चुकी है और टेंडर की प्रक्रिया वर्तमान में चल रही है। नगर निगम के जोनल ऑफिस के निर्माण कार्य की भी प्रगति संतोषजनक बताई गई, जिसे समयबद्ध रूप से पूरा किया जाएगा। नगर निगम के मुख्य कार्यालय के संबंध में अधिशाषी अभियंता, सीएंडडीएस ने जानकारी दी कि इसका कार्य नवम्बर २०२५ तक पूर्ण हो जाएगा। इस पर मंत्री ने नाराजगी जताते हुए कार्य में हो रही देरी और धीमी प्रगति को गंभीरता से लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किया जाए तथा विलंब के लिए जिम्मेदार संस्थाओं पर पेनाल्टी भी लगाई जाए। हॉकी क्लब में एस्ट्रोटर्फ के लिए विस्तृत परियोजना प्रस्ताव निदेशालय, लखनऊ को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं। सीनियर केयर सेंटर का निर्माण कार्य प्रगति पर है जबकि नगर निगम के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और अब शिलान्यास होना शेष है। ककरा क्षेत्र में बन रहे कन्वेंशन सेंटर का कार्य आरंभ हो गया है, जहां फाउंडेशन का कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। वहीं, ककरा में अर्बन हाट और हनुमत धाम पर रिवरफ्रंट विकास योजना भी सक्रिय रूप से आगे बढ़ाई जा रही है। बैठक के अंत में मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि सभी विकास कार्य समय पर, पारदर्शिता के साथ और जनहित को ध्यान में रखते हुए पूरे किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर कोताही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्र, एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा, एडीएम एफआर अरविंद कुमार, नागर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# छुट्टा गौवंश की समस्या पर प्रशासन की अनदेखी से जनाक्रोश, २ जून से होगा बेमियादी सत्याग्रह

**तिलहर ( स्वतंत्र भारत )।** क्षेत्र में छुट्टा गौवंश की समस्या को लेकर लंबे समय से परेशान किसानों का धैर्य अब जवाब दे रहा है। प्रशासन की लगातार अनदेखी और संवेदनहीन रवैये के विरोध में अब किसान बेमियादी सत्याग्रह के लिए मजबूर हो गए हैं। भारतीय कृषक दल के राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद यादव जनसेवक के नेतृत्व में यह आंदोलन आगामी २ जून से शुरू किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, किसानों द्वारा दिनांक २५ मार्च, ९ अप्रैल और २८ अप्रैल को क्रमशः एसडीएम तिलहर, जिलाधिकारी शाहजहांपुर और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया था। इन ज्ञापनों में क्षेत्र में छुट्टा पशुओं द्वारा फसलों को नुकसान पहुँचाने की गंभीर समस्या को उठाया गया था। किसानों ने चेताया था कि यदि इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे बड़ा आंदोलन करने को विवश होंगे। बावजूद इसके, प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जनसेवक प्रमोद यादव ने बताया कि छुट्टा गौवंश के कारण किसानों की '२ जून की रोटी' खतरे में है। यदि यही स्थिति रही, तो किसानों के पास रोज़गार और जीवनयापन का कोई साधन नहीं बचेगा। उन्होंने कहा, यह आंदोलन हमारी रोटी की रक्षा का है। प्रशासन अगर अभी भी नहीं जागा, तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व उसी का होगा। जनता और किसानों में इस मुद्दे को लेकर भारी असंतोष देखा जा रहा है। गाँवों में बैठकों और जनचेतना अभियानों के ज़रिए सत्याग्रह को व्यापक जनसमर्थन मिलने लगा है। आंदोलन शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से होगा, लेकिन तब तक जारी रहेगा जब तक प्रशासन कोई ठोस समाधान नहीं देता। इस बीच स्थानीय प्रशासन की चुप्पी ने स्थिति को और अधिक गंभीर बना दिया है। अब देखना होगा कि २ जून से पहले प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई करता है या नहीं।

# पाइप लाइन डालने के सड़क सही करना भूल जाते ठेकेदार

**सिंधौली।** भारत सरकार की बड़ी ही महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन योजना है बहुत ही सराहनीय योजना जनहित की योजना, भारत सरकार का लक्ष्य है हर घर जल पहुंचना लेकिन इसके जिम्मेदारो की करतूत निराली है बह सड़क खोद कर लाइन तो बिछा देते है इसको पाटना मुनासिब नहीं समझते। सड़कों को यूं ही खुला छोड़ देते हैं जिससे राहगीरों को निकालना दूंभर हो जाता है। इसी को लेकर सुरेन्द्र पाल जिला पंचायत सदस्य सिंधौली में काफी नाराजगी है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक शिकायती पत्र भेजकर अवगत कराया है। कि सिंधौली में लगभग १० माह पहले खोदी गई सड़कों को पाइप लाइन डाल कर यूं ही खुला छोड़ दिया गया। जिससे निकलने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। आवागमन में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सिधौली एक व्यावसायिक स्थल है जिसमें क्षेत्र के पचासों गांव के लोग व्यवसाय की दृष्टि से सिधौली बाजार में आते और जाते हैं सड़के खुदी होने के कारण राहगीर गड्ढों में गिरकर चोटिल हो जाते हैं उन्होंने आरोप लगाया कि खड़ंजा, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग को खोद कर यूं ही खुला छोड़ देते हैं कई बार कंपनी के अधिकारीयो को अबगत कराया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई वर्षों से टंकी का कार्य अधूरा पड़ा है पोर्टल पर सभी कनेक्शन १०३८ को पूर्ण दिखाया गया लेकिन हुए २०० कनेक्शन जांच कराकर उचित कार्रवाई की मांग की है। उधर सिंधौली क्षेत्र की ग्राम पंचायत चांदा के गांव जांदूइया के ग्रामीणों ने बताया कि महीनो से जांदूइया चांदा की मैंन सड़क पर जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत बिछाई गई पाइप लाइन टूटी पड़ी है जिम्मेदार को अवगत कराने पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई सड़क पर अमूल्य पानी बह रहा है। जिससे राहगीरों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है यही हाल ग्राम पंचायत पसियाखेड़ा का है यहां भी जल जीवन मिशन योजना में आधे अधूरे कनेक्शन हुए ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत कर ने के बाद भी कनेक्शन नहीं हो पाए।

# कब्रिस्तान की मेड़ तोड़कर कब्जा

**मिर्ज़ापुर-शाहजहांपुर ( स्वतंत्र भारत )।** दबंगो ने कब्रिस्तान की मेड़ तोड़कर कब्रिस्तान को मिलाया अपने खेत में। पूर्व में नाप के बाद लगवाए गए थे सीमेंट के पोल वह भी तोड़कर जमीन पर किया कब्जा। थाना प्रभारी निरीक्षक परौर को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में ग्राम मईखुर्द कला निवासी तालिब पुत्र कट्टू ने बताया कि उनके गांव में ही गाटा संख्या६ रकबा ०. ३३२ हेक्टेयर है। यह मजरा तहसील कलान जिला शाहजहांपुर के अभिलेखों में दर्ज है। जो कब्रिस्तान के रूप में है। इस कब्रिस्तान की जगह पर गांव के शाहरुख खान, अरबाज खान, वसीम खान, इलियास खान, कामसूल खान, जबरिया मेड़ तो? कर कब्जा कर लिया था। अवैध कब्जा हटवाने के लिए गांव के ही शायद शकील, रियासत, मोहसिन ने जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार, उपजिला अधिकारी का दरवाजा न्याय के लिए खट खटाया था। अधिकारियों ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए अतिक्रमित कब्रिस्तान की नाप राजस्व कर्मियों एवं थाना परौर पुलिस को भेजकर करवाई थी। तथा सीमेंट के खंभे लगवाए थे। मौका पाकर कब्रिस्तान की सुरक्षा के लिए नाप के समय राजस्व विभाग द्वारा एवं पुलिस द्वारा लगवाए गए खंबे दुबारा तोड़ दिए तथा जब पीड़ित पूछने गए। तो उपरोक्त दबंग गाली गलौज करने लगे। मारपीट को तैयार हो गए। जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में पीड़ितों ने दबंगो के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

# स्कूटी सवार युवती ने रास्ते में खेल रहे बालक को ठोंका

## युवती स्कूटी चलाना सीख रही थी मामला पहुंचा थाने दी तहरीर

**जलालाबाद-शाहजहाँपुर ( स्वतंत्र भारत )।** गांव की गलियों में युवती स्कूटी चलाना सीख रही थी रास्ते में खेल रहे बच्चों के परिजनों ने मना किया लेकिन वह नहीं मानी इसी दौरान एक बच्चे के स्कूटी से टक्कर लग गई बच्चे की बुआ ने विरोध किया तो युवती स्कूटी फेक बच्चे की बुआ पर चिपट पड़ी और बाल पड़कर पिटाई कर दी मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। थाना क्षेत्र जलालाबाद के गांव नूरपुर करही निवासी रंजना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर के सामने थी तभी गांव की रहने वाली खुशबू पुत्री अशोक अपनी स्कूटी सीख रही थी पीड़िता ने कहा गली में बच्चे खेल रहे हैं इन्हें चोट लग सकती है वह नहीं मानी इसी दौरान पीड़िता के भतीजे के स्कूटी से टक्कर लग गई पीड़िता रंजना ने जब इसका विरोध किया तो खुशबू ने स्कूटी छोड़ बाल पड़कर रंजना की पिटाई कर दी। बाद में स्कूटी सवार युवती अपने परिजनों को बुला लायी और घर में जो भी मिला सभी की पिटाई की जिससे घर के सभी लोगों को चोटें आयीं घटना की तैयारी पुलिस को दी गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कार ने दो टैंपो को मारी टक्कर १३ लोग घायल, महिला गम्भीर रूप से घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर ( स्वतंत्र भारत )।** हाईवे पर अनियंत्रित होकर एक गाड़ी ने सवारियों से भरे दो टेंपो को टक्कर मार दी। टक्कर में १३ लोग घायल हो गए जिसमें से दो महिलाओं को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बंथरा में रविवार की शाम दो टेंपो वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के गेट पर सवारियां भर रहे थे। दोनों टेंपो के अंदर कई सवारियां बैठी हुई थी तभी अचानक बरेली की ओर से आई गाड़ी संख्या यूपी ३२ केंए ३०३० के चालक ने लापरवाही से तेज चलते हुए दोनों टेंपो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद एक टेंपो पूरी तरह कुचल गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई वहां पर मौजूद लोगों ने घायल यात्रियों को वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां से गंभीर दो महिलाओं को निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद बरेली से शाहजहांपुर को जाने वाले मार्ग पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त हाईवे पर पड़े वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में लगभग १३ लोग घायल हुए हैं जिनके नाम पता पुलिस ले रही है। नाम पता मिलने के बाद उनके परिजनों को सूचना दी जाएगी।

# खुले में शराब पीने वालों के खिलाफ हुई सख्त कार्यवाही

**आजमगढ़।** जनपद में शुक्रवार को खुले में शराब पीने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ के निर्देशानुसार प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक नगर/यातायात द्वारा की गई कार्यवाही में कुल 237 व्यक्तियों के विरुद्ध खुले में शराब पीने के लिए पुलिस एक्ट की धारा 34 के अंतर्गत कार्यवाही की गई। इसी के साथ शराब की दुकान के संचालकों को भी चेतावनी दी गई कि यदि उनकी दुकानों के सामने खुले में शराब पीते हुए लोग पाए गए तो लाइसेंस निरस्तीकरण की विधिक कार्यवाही भी की जाएगी। पुलिस अधीक्षक 23 कार्यवाही से पूरे जनपद में शराब पीने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

# राष्ट्रीय विद्यालय प्रबंधक संघ की बैठक सम्पन्न

## विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने दिलाया भरोसा, समस्याओं का होगा समाधान

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** देवरिया जनपद का रामपुर कारखाना विकास खंड के बरियारपुर स्थित ज्ञान दीप एकेडमी में राष्ट्रीय विद्यालय प्रबंधक संघ, देवरिया इकाई की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुरेन्द्र चौरसिया (रामपुर कारखाना) उपस्थित रहे। साथ ही प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह एवं प्रदेश संगठन मंत्री विजय पटेल भी मंचासीन रहे। बैठक में जिले के सैकड़ों निजी विद्यालयों के प्रबंधक शामिल हुए जिन्होंने अपनी समस्याओं को प्रमुखता से रखा। प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा छ्ढ्ढस्श्व कोड आवंटन और स्थायी मान्यता के नाम पर हो रहे उत्पीड़न हो रहा हैं। राष्ट्रीय विद्यालय प्रबंधक संघ के जिलाध्यक्ष जनार्दन चौहान ने कहा वर्ष 2017 से मान्यता प्राप्त कई विद्यालयों को आज तक छ्ढ्ढस्श्व कोड आवंटित नहीं किया गया है।जबकि पूर्व में मान्यता प्राप्त विद्यालयों को यह



कोड निर्गत किया गया था। स्थायी मान्यता के स्पष्ट प्रावधान होने के बावजूद विभाग द्वारा भ्रम की स्थिति बनाकर विद्यालय प्रबंधकों को परेशान किया जा रहा है। प्रदेश संगठन मंत्री विजय पटेल ने कहा मान्यता पत्रावली में स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है कि आपको 3 वर्ष की अस्थाई मान्यता निर्गत किया गया है यदि 3 वर्ष के अवधि के दौरान आपके विद्यालय के विरुद्ध किसी भी प्रकार की आपत्ति या शिकायत नहीं प्राप्त होती है तो आपकी मान्यता स्थाई मान ली जाएगी। इस आधार पर तत्काल प्रभाव से यू डायस कोड निर्गत किया जाना आवश्यक है। विद्यालय के अन्य प्रबंधकों ने कहा कि ऋक्षश्व के तहत नामांकन एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट के भुगतान में भारी अनियमितताएं की गई हैं। विद्यालयों को नेशनल बिल्डिंग कोड एवं अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में बाधाएं आ रही हैं। मुख्य अतिथि विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने बैठक में आश्वासन दिया कि प्रबंधकों की समस्याओं को वे उचित फोरम पर उठाएंगे और किसी भी प्रकार का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी प्रबंधकों का शोषण करता है तो तत्काल सूचना दी जाए। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि छ्ढ्ढस्श्व कोड आवंटन के मुद्दे पर संगठन सतत संघर्ष करता रहेगा जबतक समस्याओं समाधान न हो जाय।

# सेंट्रल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के संतोष उपाध्याय बने तहसील संयोजक

## विकास चंद्र गुप्ता संरक्षक, सन्नी गुप्ता बने सामाजिक संरक्षक

**शाहजहांपुर।** सेंट्रल जनरल जर्नलिस्ट एसोसियेशन की बैठक तहसील जलालाबाद में संपन्न हुई। जिसमें सभी पत्रकारों की सहमति से संतोष उपाध्याय को तहसील संयोजक मनोनीत किया गया। वरिष्ठ पत्रकार विकास चंद्र गुप्ता को संरक्षक एवं सामाजिक संरक्षक सन्नी गुप्ता को बनाया गया। जिला अध्यक्ष शिशांत शुक्ला महामंत्री दीपक दीक्षित जिला संयोजक अनिल मिश्रा वरिष्ठ संरक्षक बलराम शर्मा एवं जी न्यूज के वरिष्ठ पत्रकार शिवकुमार ने सभी सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और संगठन को मजबूती देने के लिए विचार विमर्श किया। बैठक का शुभारंभ सभी आगंतुकों की स्वागत श्रृंखला के साथ हुआ माल्यार्पण और अंगवस्त्र पहनकर सभी का स्वागत किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष शिशांत शुक्ला ने आज के दौर की पत्रकारिता के बारे में अपने अनुभव साझा करते हुए संगठन को और मजबूती देने के लिए कहा कि उन्होंने सभी से पत्रकारिता के क्षेत्र में बेहतरीन ढंग से कार्य करने के पत्रकारिता के बारे में बताया संगठन को मजबूत करने के लिए सभी से एकजुट होने की अपील की जिला संयोजक अनिल मिश्रा ने संगठन के नियम और शर्तों की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी सदस्यों को संगठन मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं वरिष्ठ पत्रकार बलराम शर्मा ने उपस्थित सभी पत्रकारों को विषम परिस्थिति से गुजर रही पत्रकारिता के नए-नए आयाम और बारीकियों की जानकारी दी और संगठित होकर पत्रकारिता एवं संगठन को वल देने पर जोर दिया किसी क्रम में ज़ी न्यूज़ के वरिष्ट पत्रकार शिवकुमार जी ने पत्रकारों को समाज का आईना बताते हुए कहा कि संगठन में बड़ी शक्ति है इसलिए संगठन के साथ जुड़कर संगठन और स्वयं को मजबूत करें बैठक के दौरान सभी ने सर्वसम्मति से संतोष उपाध्याय वरिष्ठ पत्रकार को तहसील संयोजक मनोनीत किया। वहीं जलालाबाद के मान्यता प्राप्त पत्रकार विकास चंद्र गुप्ता को संरक्षक एवं समाजसेवी एवं व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष सन्नी गुप्ता को सामाजिक संरक्षक बनाया गया। इस मौके पर सभी सदस्यों एवं पदाधिकारी का माल्यार्पण कर एवं अंग वस्त्र लेकर स्वागत किया गया। इस दौरान संगठन मंत्री आनंद शर्मा, अमरीक सिंह, धर्मेंद्र शर्मा, गौरव श्रीवास्तव, परशुराम पुरी समाचार पत्र के संपादक देवेश शुक्ला, विपिन कुशवाहा, विकास राठौर, पुष्कर गुप्ता, वीर गुप्ता बिट्ठ, अतुल कुशवाहा, दिनेश कुमार, तेजपाल कठेरिया, गौतम वर्मा आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

# संकल्प सेवा संस्थान के समर कैंप में महिलाओं और बच्चों ने सीखी विभिन्न स्किल्स

## निशुल्क समर कैंप में जुंबा, डांस, ग्रूमिंग और कंप्यूटर क्लासेस से बच्चों और महिलाओं को मिला नया मंच



**शाहजहांपुर।** संकल्प जनसेवा संस्था की ओर से एक सप्ताहीय समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत नटराज ग्रुप अकैडमी के अशोक कुमार, संस्थान की अध्यक्ष प्रीति गुप्ता और संरक्षक रमन गुप्ता ने रिबन काटकर व दीप प्रज्वलन कर की।समर कैंप में %द केज़ फिटनेस% के प्रशिक्षकों द्वारा महिलाओं व बच्चों को जुंबा की ट्रेनिंग दी गई। इसके साथ ही मेहंदी, क्राफ्ट, पर्सनल ग्रूमिंग, इंग्लिश स्पीकिंग, कंप्यूटर और डांस की क्लासेस भी निशुल्क चलाई जा रही हैं। इन गतिविधियों में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को कैंप की समाप्ति पर सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।संस्था की अध्यक्ष प्रीति गुप्ता ने बताया कि समर कैंप का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना है ताकि वे अपने हुनर के बल पर आगे बढ़ सकें। उन्होंने आगे बताया कि संस्थान भविष्य में भी ऐसे आयोजन करता रहेगा और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का प्रयास करेगा। इस अवसर पर संरक्षक रमन गुप्ता, रूबी गुप्ता, उमा गुप्ता, डॉ. विजयलक्ष्मी, अमित गुप्ता, मंजू गुप्ता, रीति गुप्ता, राधिका गुप्ता, कोपल गुप्ता, संजू गुप्ता, मीरा गुप्ता, माही गुप्ता, शिखा गुप्ता, संगीता यादव, अर्चना वर्मा, शिवा वैश्य समेत अनेक महिलाओं ने सक्रिय योगदान दिया।अध्यक्ष प्रीति गुप्ता ने सभी से संस्थान से जुड़ने की अपील की ताकि इसकी सेवाओं को और अधिक लोगों तक पहुँचाया जा सके।

# दो महिला समेत युवक पर धोखाधड़ी एवं ठगी का आरोप, मुकदमा दर्ज

**तिलहर ( स्वतंत्र भारत )।** थाना अंतर्गत गांव बंथरा निवासी शिवांग ने तहरीर देकर बताया कि हमारे पड़ोसी गांव मित्रपुर बरुआ निवासी ऊषा पत्नी अजय बिहारी शुक्ला,पारुल शुक्ला पुत्री अजय बिहारी शुक्ला एवं दुर्गेश शुक्ला पुत्र अजय बिहारी शुक्ला ने ६ लाख ३५ हजार रुपए हड़पने के आशय से एक गाटा संख्या का आधा भाग जिसकी रजिस्ट्री २१ अक्टूबर २०२१ दर्ज है। इसके आधार पर बैनामा कराने की तिथि २१ जनवरी २०२२ थी। बताया कि ऊषा देवी को पता था कि उक्त गाटा की बह स्वामिनी नहीं है। फिर भी उनके साथ योजनाबद्ध तरीके से ठगी की गई। जब हम बैनामा के लिए मुआयना कराने गया तो पता चला कि ऊषा देवी ने वह जमीन सुधीर सिंह पुत्र पंजाब सिंह गांव सरकी जिला बदायूं हाल निवासी गांव फिरोजपुर परगना तिलहर को दुबारा बेचने का इकरार नामा ३० जून २०२१ को कर दिया। इस बात पर पंचायत जोड़ी तो ऊषा देवी ने कहा हमारा यही पेशा है। कोई कानूनी कार्यबही करोगे तो मरवा देंगे नहीं झूठे मुकदमे में फसा देंगे। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया तहरीर आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। मामले की जांच चल रही है।

# युवक ने जहरीला पदार्थ खाया

**तिलहर ( स्वतंत्र भारत )।** शनिवार देर रात एक युवक किसी बात को लेकर जहरीला पदार्थ खा लिया हालत बिगड़ने पर परिजनों ने बेहोशी में सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार देकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। कटरा थाना क्षेत्र के गांव समधाना निवासी जंग बहादुर के ३० वर्षीय पुत्र अमित कुमार ने किसी बात को लेकर शाम करीब १०:३० बजे घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर पिता जंग बहादुर ने बेहोशी हालत में इलाज को सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।


# धूप लू से बचने के लिए रेड क्रॉस की ताप घात आपदा प्रबंधन पर बैठक



**शाहजहांपुर।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव डॉ० विजय जौहरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला अधिकारी महोदय धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० विवेक कुमार मिश्रा के सहयोग से रेड क्रॉस जनपद स्तर पर गतिशील है और रेडक्रॉस जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा और मानव के प्रति सम्मान सुनिश्चित करने के क्रम में पुराने जिला अस्पताल परिसर में आशा महिलाओं की बैठक आयोजित की जिसमें डॉ० विजय जौहरी ने धूप और लू से बचने के लिए आपदा प्रबंधन उपाय की जानकारी दी और बताया कि पानी पर्याप्त मात्रा पीना चाहिए ओआरएस लेना चाहिए लहसुन प्याज का सेवन करें हल्का भोजन ले शरीर को ठंडा रखने के लिए सुविधाजनक स्थान पर रहे हल्के रंग के और ढीलेढाल कपड़े पहने जो लोग धूप में काम करते हैं उन्हें लू लगने का खतरा अधिक होता है इसलिए उन्हें विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है यदि आपको लू लगने के लक्षण देखे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें लू के कुछ सामान्य लक्षण हैं जैसे कि : पसीना न आना, त्वचा गर्म-लाल और शुष्क होना, मतली, सिरदर्द, थकान, चक्कर आना, उल्टी होना, बेहोश हो जाना आदि बैठक में उपस्थित सभी से जनहित में उक्त जानकारी प्रचार प्रसार करने का आवाहन किया।





## नाली सफाई पर विवाद, सफाई कर्मियों ने किया काम बंद



- थाने में दी शिकायत
- स्थानीय व्यक्ति पर जातिसूचक टिप्पणी का आरोप

स्वतंत्र भारत

**बिजुआ खीरी।** भीरा नगर पंचायत में बारिश के मौसम से पहले चल रहे नाली सफाई अभियान में विवाद हो गया है। मार्केट रोड पर नाली से पत्थर हटाने को लेकर स्थानीय व्यक्ति और सफाई कर्मियों के बीच विवाद हुआ। स्थानीय व्यक्ति ने पत्थर हटाने का विरोध किया। इस पर दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई। सफाई कर्मियों ने आरोप लगाया कि स्थानीय व्यक्ति ने उनके साथ जातिसूचक टिप्पणियां कीं और गाली-गलौज की। नाराज सफाई कर्मियों ने तुरंत काम बंद कर दिया।

वे नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और विरोध जुलूस निकाला। इसके बाद थाने पहुंचकर थानाध्यक्ष सुनील मलिक को शिकायती पत्र सौंपा। इस दौरान नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राजेश चैधरी भी मौजूद रहे। नगरपंचायतवासियों ने चिंता जताई है कि सफाई कर्मियों की हड़ताल से कस्बे की सफाई व्यवस्था बिगड़ सकती है। नगर अध्यक्ष पति संजय शुक्ला ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने की पहल शुरू कर दी है।

## धोखाधड़ी के अपराध में जिला पंचायत खीरी, गोला नगर पालिका की पूर्व अध्यक्षों सहित, पूर्व अपर मुख्य अधिकारी व पूर्व अधिशासी अधिकारी कोर्ट में तलब

- 15 जुलाई को पेशीरू एसीजेएम न्यायालय में चलेगा धोखाधड़ी का मुकदमा
- गोला में कांजी हाउस की भूमि पर दुकानें बनाने का मामला

स्वतंत्र भारत

**गोला गोकरननाथ खीरी** नगर में कांजी हाउस के नाम दर्ज भूमि पर धोखाधड़ी कर दुकान बनाने के मामले में लखीमपुर के एसीजेएम प्रदीप कुमार कुशवाहा ने जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष सुमन नरेंद्र सिंह, गोला नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्षा मीनाक्षी अग्रवाल, जिला पंचायत के पूर्व अपर मुख्य अधिकारी अशोक कुमार सिंह और नगर पालिका गोला के पूर्व अधिशासी अधिकारी राम रतन अम्बेश को 15 जुलाई को न्यायालय में तलब किया है।

गोला के अधिवक्ता सन्तोष त्रिपाठी ने वर्ष 2024 में सीजेएम न्यायालय में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156 ( 3) के अंतर्गत सुमन नरेंद्र सिंह , मीनाक्षी अग्रवाल , अशोक कुमार सिंह और राम रतन अंबेश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के लिए याचिका की थी जिसे न्यायालय ने परिवाद के रूप में दर्ज किया। मुकदमें में यह आरोप लगाया गया कि तहसील के राजस्व अभिलेखों में ग्राम गोला नान जेड, मुहाल मथुरा नगर की गाटा संख्या 411 मि0 .065 एकड भूमि कांजी हाउस के नाम पर दर्ज है। विपक्षियों ने जालसाजी कर फर्जी कूट रचित खतौनी के आधार पर उस भूमि पर अवैध मार्केट बनाने का जाली नक्शा पास कर दुकानें बना दीं जो, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासनादेश से गो संरक्षण केंद्र के रूप में नामांकित किए जाने के लिए आदेशित है। सीजेएम ने मुकदमे को एसीजीएम कोर्ट नं0 2, प्रदीप कुमार कुशवाहा की अदालत में स्थानांतरित किया उन्होंने परिवादी सन्तोष त्रिपाठी के बयान दर्ज किए और थाना और प्रभारी निरीक्षक थाना - गोला से विस्तृत जांच रिपोर्ट मांगी, पुलिस ने अपनी विस्तृत जांच आख्या में लिखा कि, प्रश्नगत भूमि गाटा संख्या 411वर्तमान समय में कांजी हाउस के नाम दर्ज है जिस पर वर्तमान समय में शॉपिंग कंपलेक्स की इमारत बनी हुई है। नगर पालिका ने मार्केट बनाने की अनुमति का नक्शा न्यायालय में पेश किया जिस पर अधिशासी अधिकारी राम रतन अंबेश और पूर्व पालिकाध्यक्षा मीनाक्षी अग्रवाल के हस्ताक्षर और मुहर हैं। न्यायालय ने सारे तथ्यों का परिशीलन करनें के बाद लिखा है कि अभियुक्तों नें एक ऐसी खेतौनी का प्रयोग किया जिसके बारे में यह ज्ञात था कि वह पहले से ही राजस्व अभिलेखों में निष्प्रभावी एवं संशोधित की जा चुकी है। यह अभियुक्तगण की प्रवंचनापूर्ण मंशा को इंगित करता है ।

पुलिस जांच में भी यह लिखा है कि, संबंधित भूमि राजस्व अभिलेखों में कांजी हाउस के नाम पर ही दर्ज है, जबकि मौके पर एक शॉपिंग कंपलेक्स का निर्माण हो चुका है, यह परिवादी के अभिकथनों को महत्वपूर्ण बल प्रदान करती है। समग्र परिशीलन के आधार पर, अभियुक्तगण 1-सुमन नरेंद्र सिंह, 2-अशोक कुमार सिंह, 3- मीनाक्षी अग्रवाल एवं 4- रामरतन अम्बेश के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 420 के अंतर्गत अपराध के संबंध में प्रथम दृष्टया मामला बनता है, इसलिए चारों को जारिए समन न्यायालय में तलब किया जाता है, अनुपालन आख्या संबंधित पुलिस थाने के माध्यम से नियत तिथि से पूर्व प्रस्तुत की जाए।

## सीएमएस के विद्यार्थियों नें जानी रेलवे स्टेशन की प्रक्रियाएं

**लखीमपुर-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** स्थानीय सिटी मांटेसरी इंटर कालेज की मुहिम मिशन इन्ट्रैक्ट नालेज इज पावर के तहत रविवार को शिक्षक व विद्यार्थी रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से जाना कि रेलवे स्टेशन तीन डिपाम्रेट में कार्य करता है। आपरेशन डिपाम्रेट (स्टेशन अधीक्षक), कामर्शियल डिपार्टमेंट और इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट (रेलवे ट्रैक और ट्रेन) होते हैं। इस दौरान विद्यार्थियों ने यह भी जाना कि लोको पायलट को कैसे सिग्नल दिए जाते हैं और रेलवे ट्रैक कैसे बदला जाता है? बच्चों की उत्सुकता को देखते हुए स्टेशन मास्टर ने आरआरबी की तैयारी कैसे की जानी चाहिए, इसके बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान शिक्षक विवेक सक्सेना व विशाल सक्सेना के नेतृत्व में विद्यालय के छात्र श्रद्धेय श्रीवास्तव, सक्षम सिंह, कृष्णा सिंह, विनय सिंह, विनायक, अजीत सिंह, यश वर्मा, महेंद्र कुमार, अक्षत सक्सेना व गौरव वर्मा आदि छात्रों ने शैक्षिक भ्रमण किया।

## आत्मनिर्भर भारत ही बनेगा विश्व की महाशक्ति-अतुल रस्तोगी

स्वतंत्र भारत

**मोहम्मदी खीरी।** नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में साप्ताहिक यज्ञ अतुल रस्तोगी द्वारा सम्पन्न कराया गया जिसमें मुख्य यजमान वरिष्ट चिकित्सक डॉ0 सुभाष चन्द्र गुप्ता रहे। नियम हरीओम गुप्ता ने व भजन सुमन पाण्डेय ने सुनाया।

आर्यसमाज के मंत्री व लोक भारती के जिला संयोजक अतुल रस्तोगी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत ही विश्व की महाशक्ति बनेगा।

वह ही पूरे विश्व को अहिंसा, ज्ञान, आध्यात्मिकता विश्व बंधुत्व का सन्मार्ग दिखलायेगा। 22अप्रैल को पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा देश के 26 निर्दोष नागरिकों की उनका धर्म पूछकर की गई नृशंस हत्या की जितनी भी निंदा की जाए कम है।

इसके प्रतिउत्तर में देश की सेना ने एक कुशल रणनीति के साथ ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पाकिस्तान में चल रहे आतंकवादियों के 9 सेंटरों को जिस तरह से ध्वस्त किया वह बहुत ही सराहनीय कार्य रहा। इस सब बातों से एक बात स्पष्ट रूप से सामने आई है कि हमे देश के विकास हेतु हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना होगा।

हमे सुई से लेकर लडाकू विमान तक सब अपने बनाने होंगे जो पूर्णरूपेण स्वदेशी हो। कृषि, चिकित्सा, शिक्षा, खेल, विज्ञान, आदि हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना है। राष्ट्र निर्माण हेतु राष्ट्रभक्त व्यक्तियों को अपने कर्तव्य समझते हुए स्वयं से आगे आना होगा तथा सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक कृषि, स्वदेशी आदि में अपना योगदान देना है तथा कोई एक सेवा कार्य अवश्य करना है ।

इस अवसर पर आर्यसमाज के कोषाध्यक्ष रामलाल गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता गण वीरेन्द्र नाथ गुप्ता एड0, सुरेंद्र नाथ गुप्ता एड0, सत्यप्रकाश भारद्वाज, करतार सिंह भदौरिया, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, बीना राठौर, शशांक रस्तोगी जुगनू आदि उपस्थित रहे।

## पालिका सभागार में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती मनाई गई

स्वतंत्र भारत

**गोला गोकरननाथ खीरी** शनिवार मध्याह्न नगर पालिका परिषद के सभागार में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री विनोद स्वर्णकार एवं कार्यक्रम अध्यक्ष भाजपा विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इसके बाद मुख्य अतिथि नगर पालिकाध्यक्ष ने कहारू- रानी अहिल्याबाई होल्कर ने विपरीत परिस्थितियों में समाज के लिए काम किया। उन्होंने गरीबों को न्याय तथा देश की सीमाओं को सेना मजबूत सुरक्षित किया। जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा एवं संजीव दीक्षित ने अपने विचार रखें। संचालन नगर मंत्री धीरज बाजपेयी ने किया।

इस अवसर भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, वरिष्ठ नेता अशोक सक्सेना, पूर्व नगर अध्यक्ष दीपेन्द्र गुप्ता, कस्ता मण्डल प्रभारी अरुण अवस्थी, प्रदेश महामंत्री वि0 प्र0 प्रधानाचार्य कल्याण समिति शैलेन्द्र सक्सेना, प्रदेश कोषाध्यक्ष अनुज खरे , अरविन्द श्रीवास्तव, नगर मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, शक्ति केन्द्र संयोजक शिवम गुप्ता , बूथ अध्यक्ष प्रभात गुप्ता, लवकुश अवस्थी, काके सहगल , महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष गीता विश्वकर्मा, मैलानी महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीता शर्मा, गीता दुबे, सुमित्रा मिश्रा , सरिता गौढ , सीमा वर्मा, सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## पानी की टंकियों को युवाओं ने बनाया सेल्फी पॉइंट

स्वतंत्र भारत

**खमरिया-खीरी।** धौरहरा व ईसानगर क्षेत्र में जलजीवन मिशन की तरफ से बनाई जा रही पानी की टंकियां बच्चों से लेकर युवाओं तक के लिए सेल्फी पॉइंट बनी हुई हैं। सब कुछ जानने के बाद भी जिम्मेदार किसी बड़ी अनहोनी होने का इंतजार कर रहे हैं।

धौरहरा तहसील क्षेत्र के गांवों में जलजीवन मिशन की तरफ से बनाई जा रही टंकियों के ऊपर जिम्मेदारों ने चढ़ने उतरने के लिए किसी प्रकार की रोक की व्यवस्था नहीं की है। जिसकी वजह से बच्चों से लेकर युवाओं तक के लिए यह टंकियां सेल्फी पॉइंट बनी हुई हैं। हालात यह हैं कि खमरिया, अदलिशपुर व दिलावलपुर सहित अन्य गांवों में बच्चे व युवा स्कूलों में छुट्टियां होने के बाद इन टंकियों पर चढ़कर सेल्फी व रील बनाने में लगे हुए हैं। जिसको लेकर जहां ग्रामीणों के साथ-साथ परिवारीजन चिंतित नजर आ रहे हैं वहीं जिम्मेदार इन टंकियों पर उतरने व चढ़ने के बीच किसी प्रकार की रोक की व्यवस्था न कर किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं। इस बाबत ग्रामीण राजेंद्र वर्मा, संजय यादव, कपिल राजपूत व रामकुमार आदि ने बताया कि टंकियों के निर्माण के वक्त जिम्मेदारों द्वारा ऊपर चढ़ने-उतरने के लिए किसी प्रकार



की रोक की व्यवस्था नहीं की गई है। जिसके चलते बच्चे व युवा जीने से ऊपर चढ़कर सेल्फी खींचने के साथ रील बनाकर जान जोखिम में डाल रहे हैं। साथ ही बताया कि अगर जल्द ही टंकियों में ऊपर चढ़ने से रोकने की व्यवस्था न की गई तो किसी भी वक्त बड़ी अनहोनी हो सकती है।

## जल निगम में 1.25 करोड़ की पाइप शिफ्टिंग योजना में हो रहा बंदरबांट

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर-खीरी।** जल के बिना जीवन संभव नहीं है। इसीलिए सरकार ने स्वच्छ जल को घर-घर तक पहुंचाने का बेड़ा उठा रखा है। इसके लिए हर जिले को करोड़ों रुपयों की धनराशि आवंटित की गई। जनपद में जल निगम को इसी से संबंधित कार्य पाइप शिफ्टिंग योजना के लिए करीब 1.25 करोड़ का बजट इसी वित्तीय वर्ष में मिला है परंतु विभाग के आलाधिकारी इस योजना में दीमक लगाने पर आमादा हैं। यही कारण है कि बिना टेंडर प्रक्रिया को अपनाए ठेकेदारों को कार्य करने के आदेश मिल गए हैं जिसमें बंदरबांट की संभावनाएं साफ नजर आ रही हैं। गौरतलब रहे कि पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड-3 के अंतर्गत मैलानी से सुआबोझ तक पाइपलाइन शिफ्टिंग के लिए जल निगम ग्रामीण लखीमपुर को लगभग 1.25 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई थी। यह योजना क्षेत्रीय जल आपूर्ति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से स्वीकृत की गई थी, लेकिन अब इसमें गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। सरकार की करोड़ों रुपयों की इस योजना को अमलीजामा पहनाने का कार्य जल निगम को सौंपा गया है। परंतु यहां तैनात अधिशाषी अभियंता को शायद इसमें अपने निजी स्वार्थ दिखने लगे हैं इसीलिए उन्होंने शासन की टेंडर प्रक्रिया को बिना अपनाए कार्य करवाना प्रारंभ कर दिया है। आपको बता दें कि जल निगम लखीमपुर में तैनात रहे पूर्व अधिशासी अभियंता योगेन्द्र नीरज ने इस योजना के अंतर्गत कार्यों का टेंडर जारी किए बिना अपने पसंदीदा ठेकेदारों को कोटेशन के आधार पर कार्य आवंटित कर दिया गया था। नियमानुसार इतनी बड़ी धनराशि के कार्य के लिए सार्वजनिक निविदा (टेंडर) प्रक्रिया अपनाना आवश्यक होती है, जो कि अमल में नहीं लाई गई। अब देखने वाली बात यह है कि मैलानी से सुआबोझ तक योजना के अंतर्गत किया जा रहा कार्य पूरा नहीं हो सका है जिससे न सिर्फ सरकार के करोड़ों रुपए भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहे हैं। वहीं स्थानीय लोगों को भी पीने का स्वच्छ पानी मिलने में एक बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। स्थानीय नागरिकों ने इस गंभीर अनियमितता की जांच की मांग की है। शासन स्तर से इस मामले की यदि जांच की जाती है तो बड़ा घोटाला सामने आ सकता है।

## जिले भर के विभिन्न स्कूलों में आयोजित हुए समर कैंप

स्वतंत्र भारत

**पलिया कलां-खीरी।** समर कैम्प के दौरान आइकन ऑफ एशिया से सम्मानित समाजसेवी एवं पर्यावरण प्रेमी डा आई ए ख़ान द्वारा एनसीसी के छात्र छात्राओं को सीपीआर की ट्रेनिंग दी गई तथा एसोसियेट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट विशाल पराशर द्वारा चलाए जा रहे समर कैम्प में एनसीसी छात्र छात्राओं को ड्रिल, आपदा प्रबंधन आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया एवं प्राचार्य ओमप्रकाश गौढ़ द्वारा सीपीआर को लेकर अपने अनुभव साझा किए गए।









डा ख़ान द्वारा बताया गया कि आज कल सडेन कार्डियेक अरेस्ट बहुत आम हो गया है लगभग सात लाख लोगों की प्रति वर्ष सडेन डेथ हो रही है अगर हम सब को सीपीआर के बारे में सही जानकारी तथा यदि हमने 2-3 मिनट के अंदर सीपीआर शुरू कर दिया तो बहुत सारे लोगों की जान बचाई जा सकती है सीपीआर देने से व्यक्ति के बचने की संभावना दो तीन गुना ज्यादा हो जाती है अगर कोई व्यक्ति मूर्छित हो कर गिर गया है तो सबसे पहले देखना चाहिए की क्या व्यक्ति होश में है या नहीं, साँस और पल्स चल रही है या नहीं अगर ये तीनों चीजे नहीं हैं तो फौरन चिकित्सीय सहायता को बुलाना चाहिए तथा सीपीआर शुरू कर देना चाहिए सीपीआर व्यक्ति के होश, सांस, चिकित्सीय सहायता के आने तक करना चाहिए सीपीआर देने के लिए फर्श या किसी हार्ड सर्फेस पर सीधा लिटा देना चाहिए सीने के बीच में निचले हिस्से पर दोनों निप्पल के बीच में अपने दोनों हाथों को कंधों तक बिलकुल सीधा रखकर पंजों को एक दूसरे में फसाकर हथेलियों को एक दूसरे के ऊपर रख कर जोर जोर से दबाना चाहिए जिससे व्यक्ति का सीना लगभग दो इंच तक दब जाये ये क्रिया एक मिनट में 100 से 120 बार करना चाहिए और हर 30 बार ये क्रिया करने के बाद गला सीधा कर नाक बंद कर मुँह पर मुँह रख कर दो बार साँस देनी चाहिए अगर माउथ टू माउथ रेस्पिरेशन देने में दिक्क़त है तो सीने के बीच में प्रेशर लगातार देते रहना चाहिए अगर एक थक जाये तो दूसरे को ये क्रिया करनी चाहिए। समाजसेवी एवं पर्यावरण प्रेमी दनियाल ख़ान ने स्वच्छता का महत्त्व बताया एवं सभी को पेपर सोप बाटे। इस मौके पर एनसीसी छात्र छात्राएं एवं आरव पाराशर मौजूद रहे।

**बरवर।** संविलियन विद्यालय पलिया में समर कैंप के प्रथम सप्ताह के अंतर्गत प्रशिक्षक शचींद्र नारायण दीक्षित एवं ज्योति शुक्ला के निर्देशन में छात्र छात्राओं ने ग्राम स्वच्छता अभियान चलाया।बच्चों और शिक्षकों ने विद्यालय परिसर को साफ स्वच्छ किया।प्रशिक्षक शचींद्र नारायण दीक्षित ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि साफ सफाई से बीमारियां नहीं आती और सभी स्वस्थ रहते हैं।स्वच्छता और स्वास्थ्य एक दूसरे के पूरक हैं।इस अवसर पर बच्चों ने साफ सफाई की शपथ भी ली।इस मौके पर आयुष सिंह, साक्षी, शिवानी, नैंसी, कृष्णा, आनंद सक्सेना, पुष्पेंद्र, छबि, विमल, अभिषेक, पवन, विशाल, आरुषि, अनमोल सिंह आदि मौजूद रहे। मां भू देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में तीन दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन, समर कैंप में भैया बहनों ने क्राफ्टिंग, संगीत, नृत्य के साथ ही सिंकजी जूस, फ्रूट चाट, भेलपुरी आदि का निर्माण करना भी सीखाया, तीन दिवसीय समर कैंप की संरक्षक आरती मिश्रा रही जिनकी देखरेख में छात्रों द्वारा सभी गतिविधियां की गई आयोजन मे अध्यापक अभिनेश पाल सूरज सिंह जगत कुमार प्रधानाचार्य अजय अवस्थी व पूरा स्टॉप मौजूद रहा।

# खबर एक नजर

## अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान पर गोष्ठी का आयोजन

**निघासन खीरी (स्वतंत्र भारत)।** पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत निघासन ब्लॉक सभागार में संगोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी व पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा व विशिष्ट अतिथि के रूप में और विधायक शशांक वर्मा और भाजपा प्रदेश संयोजक राजा राज राजेश्वर सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुकेश शर्मा ने अहिल्याबाई की



धार्मिक सहिष्णुता और जनकल्याण के कार्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि त्रिशताब्दी स्मृति अभियान का उद्देश्य युवा पीढ़ी को इतिहास की उन नारियों से जोड़ना है, जिन्होंने समाज को दिशा दी। राजा राज राजेश्वर सिंह ने कहा, आज यदि समाज में नारी सम्मान का भाव जाग रहा है तो इसका श्रेय उन महान नारियों को जाता है जिन्होंने अपने कर्मों से नया इतिहास रचा। अहिल्याबाई का जीवन, संयम, सेवा और समर्पण का आदर्श है। विधायक शशांक वर्मा ने अहिल्याबाई होल्कर के न्याय, सेवा और नारी नेतृत्व को प्रेरणादायक बताया। संगोष्ठी में मंडल अध्यक्ष रमियाबेहड़ जयप्रकाश विश्वकर्मा , मंडल अध्यक्ष सिंगाही ब्रजेन्द्र सिंह, अध्यक्ष अशोक चैधरी, संचालक कन्हैया लाल, विमल तिवारी, रामकुमार मौर्य, ध्रुव वर्मा, मुन्नी देवी, आनंद चतुर्वेदी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत शहीदों को नमन करते हुए ब्लॉक से नगर के मुख्य चैराहे तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। देशभक्ति के नारों और तिरंगे की लहराती शान ने पूरे नगर को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया।

## टेंडर निरस्त

**लखीमपुर-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पत्र संख्या 337/लेखा/पंचम-15वां वित्त/नि0सू0/2025-26 दिनांक 20.05.2025 के द्वारा निविदा आमंत्रित की गई थी।जिसे अपरिहार्य कारणों से एतत् द्वारा दिनांक 24.05.2025 को निरस्त किया जाता है। अग्रिम सूचना पृथक से निर्गत की जायेगी।

## राहगीरों को वितरण किया गया शीतल शर्बत

**पड़रिया तुला खीरी (स्वतंत्र भारत)।** श्री बालाजी महाराज के विशेष जेष्ठ माह के उपलक्ष्य में पड़रिया तुला पुलिस चैकी के सामने से निकलने वाले राहगीरों के लिए मीठे शर्बत का वितरण किया गया। इस मौके पर समस्त पुलिस स्टाफ के अलावा क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। रविवार के दिन पड़रिया तुला पुलिस चैकी के चैकी इंचार्ज उमराव सिंह द्वारा श्री बालाजी महाराज के विशेष जेष्ठ माह के उपलक्ष्य में चैकी के सामने पंडाल लगाकर शीतल मीठे शर्बत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में सर्व प्रथम क्षेत्रीय पुरोहित पण्डित मिथिलेश शुक्ल द्वारा श्री बालाजी महाराज की पूजा अर्चना कराने के बाद लखीमपुर भीरा राजमार्ग पर निकलने वाले राहगीरों को शीतल मीठा शर्बत पिलाया गया। पूरे दिन चले इस कार्यक्रम में हजारों लोगों ने शर्बत ग्रहण किया। इस मौके पर भीरा थानाध्यक्ष सुनील मलिक, चैकी इंचार्ज उमराव सिंह, मुख्य आरक्षी अनुज यादव, आरक्षी सोहित कुमार, मोहित कुशवाहा, व्यापार मंडल अध्यक्ष रामजीत सिंह, फौजी ओमकार सिंह, भाजापा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, सुशील गुप्ता, डॉक्टर कुलदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह, राजा सिंह, सीएल राज, मोहित, अमन बॉथम, श्याम खन्ना, रामू गुप्ता, विवेक विश्वास सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पुलिया निर्माण व बोर्ड लगाने की मांग

**जंगबहादुरगंज खीरी (स्वतंत्र भारत)।** पसगवां बासी ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता को शिकायती पत्र भेजकर रेलिंग वहीन पुलिया व सरकारी आफिसों में बोर्ड लगवाने की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि श्रीमान अधिशासी अभियंता महोदय आपको अवगत कराना है शंकरपुर चैराहा से होकर जंगबहादुरगंज तक जाने वाली सड़क विकास खण्ड पसगवां कस्बे से होकर गुजरती है मुख्य मार्ग पर ब्लॉक संसाधन केंद्र विकास खण्ड कार्यालय, कोतवाली मार्ग सीएचसी आदि, जो कि मुख्य मार्ग के किनारे है पर कोई संकेतक बोर्ड लोक निर्माण विभाग द्वारा नहीं लगाया गया है जिससे बाहर से आने बालों को कोतवाली, विकास खण्ड कार्यालय, सीएचसी आदि सरकारी संस्थाओं का पता पूछना पड़ता है विभाग द्वारा कोई भी संकेतक बोर्ड का सरकारी संस्थाओं के नाम नहीं लिखे गये हैं कृपया मेरे अनुरोध पर सहानभूति पूर्वक विचार कर संकेतक बोर्ड मार्ग के किनारे बने सरकारी कार्यालयों के नाम सहित बोर्ड लगवाने की कृपा करें जिससे आवश्यक कार्यों से बाहरी लोगों को दिक्कत का सामना न करना पड़े कृपया नाम लिखवाने की कृपा करें, और पसगवां से जंगबहादुर गंज मार्ग पर एक पुलिया रेलिंग विहीन है जिसमें अब तक कई हादसे हो चुके है कई लोग अपनी जान भी गंवा चुके है ध्यान रहे बाहर से आने वाले लोग यह पूछते हुए दिखाई देते हैं कि फलां कार्यालय कहां पर है बोर्ड लगने से बाहर से आने बालों को काफी सहूलियत हो जाएगी।

## मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

**लखीमपुर खीरी (स्वतंत्र भारत)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात का रविवार को शहर के एक होटल में आयोजन किया गया । कार्यक्रम का संचालन राम मोहन गुप्त ने किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह मुख्य अतिथि रहे। इस मौके पर इंटर-हाईस्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र



भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में आलोक मिश्रा, दीपक पुरी, अभिजात मिश्रा सहित अध्यापकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मजदूर को शिकायत करना पड़ा भारी

**उचैलिया खीरी (स्वतंत्र भारत)।** पसगवां क्षेत्र के गांव नरदी के कोटेदार की शिकायत पसगवां पुलिस से एक युवक को महंगी पड़ गई । यहां पसगवां थाना क्षेत्र के गांव नरदी निवासी संदीप कुमार ने बताया कि उसने गांव के कोटेदार की शिकायत पसगवां पुलिस से बीते सप्ताह की थी । जिसमे राशन कम देने का विरोध किया गया था उसके बाद ही मेरी पत्नी से बतमीजी व गाली गलौज कोटेदार ने किया । पीड़ित ने बताया पुलिस से मामले की शिकायत की तो बीते दिन शनिवार की सुबह पीड़ित को बुलबाया और कोटेदार के समक्ष सुलह का दबाव बनाया गया न मानने पर पुलिस ने उसके साथ कमरे में ले जाकर कोटेदार के कहने पर अमानवीय व्यवहार कर मारपीट की और उसे जेल भेज दिया । पीड़ित ने बताया कि उसने मोहम्मदी कोर्ट से जमानत के बाद एसपी से लिखित शिकायत कर न्याय की मांग की है।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## प्रभावी अभियान

पहलगाम नरसंहार के बाद देशभर में फैले जबर्दस्त आक्रोश को मूर्त रूप देते हुए भारतीय सेना द्वारा चलाए 'ऑपरेशन सिंदूर' की उतनी ही जबर्दस्त कामयाबी से थर्राए पाकिस्तान द्वारा शुरू प्रोपेगेंडा वार भी बुरी तरह ध्वस्त हो रहा है। भारत के सर्वदलीय सांसदों के डेलिगेशनों द्वारा पाकिस्तान की नीचता और इस ऑपरेशन की वजहें सामने रखने के बाद दुनिया के तमाम देश उसकी हकीकतों से तो रूबरू हो ही रहे हैं, आतंकवाद के खिलाफ दुनिया में एक नई लहर भी इस मुहिम से पैदा हो रही है। करीब चार साल पहले पाक के साथ आए रूस और आमतौर पर तटस्थ रहने वाले जापान के अलावा जर्मनी ने भी आतंकवादी गतिविधियों के खिलाफ स्पष्ट रूप से एकजुटता जाहिर करते हुए उसकी खबर ली है। तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी का टोक्यो में यह कहना कि 'पाक ने रैबीज वाला कुत्ता पाल रखा है' पूरे घटनाक्रम की असलियत को उजागर कर देता है। मॉस्को में डीएमके सांसद कनिमोझी ने स्पष्ट रूप से कहा कि 'भारत के सामने और कोई विकल्प ही नहीं बचा था। हमने जवाब भी पूरी जिम्मेदारी से दिया।' इसी तरह कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अगुवाई वाले डेलिगेशन ने टेररिज्म और उसके आका पाक की असलियतों को उजागर किया है। इन प्रतिनिधिमंडलों के अलावा संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के गुमराह करने वाले आरोपों पर भी पलटवार करते हुए भारत का असलियत उजागर करो अभियान जारी है। सुरक्षा परिषद में भारतीय प्रतिनिधियों की दलीलों ने उसे पूरी तरह नंगा कर दिया है। विदेश मंत्री जयशंकर अपने तूफानी राजनयिक अभियानों में पड़ोसी देश और आतंकवाद के साथ उसके गहरे जुड़ाव तथा दुनिया पर उससे पड़ने वाले विनाशकारी प्रभावों को सामने लाने की मुहिम जारी रखे हुए हैं। इन अभियानों की गंभीरता को तमाम देश अनुभव भी कर रहे हैं। उन्हें भी अच्छे से पता है कि अगर आतंकवाद का निर्यात शुरू होने लगा तो वे खुद भी निशाने पर आ सकते हैं। अमेरिका जैसा महाबली देश खुद इसका भुक्तभोगी रह चुका है। भारत के अभियान इन अर्थों में पूरी तरह से सार्थक हैं कि इनसे पाक की वह असलियत पूरी तरह से सामने आ जाएगी जिसे वह पीड़ित होने का नाटक करके अभी तक सबसे छिपा रहा था। यह जरूरी भी है क्योंकि आतंकवाद की उसके द्वारा चलाई जा रही नर्सरी के दुनिया भर में फैलने का खतरा बढ़ रहा है।

## यह कैसी ज्योति

वैसे तो देश में पुरुषों और महिलाओं सहित कई लोग पाकिस्तान के लिए जासूसी करने में पकड़े जा चुके हैं लेकिन हरियाणा की यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा की गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ में सामने आई बातों से पता चलता है कि वह गद्दारी की राह पर कितनी बेखौफ होकर व्यापक रूप से आगे बढ़ चुकी थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय और आईएसआई के लोगों के साथ तो उसके संबंध काफी हद तक बढ़ ही चुके थे, उनके लिए जासूसी करने के मकसद से भारत में भी उसने अपना जाल काफी दूर तक फैला लिया था। इस काम में उसने सोशल मीडिया का भरपूर सहारा लिया। चौंकाने वाली इन बातों से स्पष्ट होता है कि इस चुनौती भरे समय में भीतर के दुश्मनों को पहचानना और उन पर नजर रखना कितना जरूरी है। 'ट्रैवल विद जो' नाम से यू-ट्यूब चैनल चलाने वाली ज्योति आईएसआई एजेंटों के साथ व्हाट्सएप, टेलीग्राम और स्नैपचैट के जरिये संपर्क में थी। यह तथ्य भी सामने आया है कि उसने एक पाक खुफिया अधिकारी के साथ गहरे संबंध बनाये और उसके साथ बाली भी गयी थी। पाकिस्तान ज्योति का इस्तेमाल भारत के खिलाफ प्रचार और जासूसी गतिविधियों के लिए कर रहा था। ज्योति पर यह आरोप वास्तव में उसका दुस्साहस ही है कि वह न केवल सोशल मीडिया पर पाकिस्तान की सकारात्मक छवि पेश कर रही थी, बल्कि उसने पाक खुफिया एजेंसी के एजेंटों से भारत से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां भी साझा की थीं, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी गोपनीय जानकारियां भी थीं। जासूसी में शामिल होने के कारण केंद्र सरकार ने पिछले दिनों दानिश को अवांछित व्यक्ति घोषित किया और उसे देश छोड़ने का आदेश दिया। एक से अधिक बार पाकिस्तान जा चुकी ज्योति पर खुफिया अधिकारियों की नजर तो थी ही, ज्योति के कई वीडियोज ने भी खुफिया एजेंसियों का ध्यान खींचा, चाहे वह नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी दूतावास में इफ्तार की दावत का वीडियो हो, पिछले साल हुए विश्व कप में भारत-पाक मैच में दर्शकों की प्रतिक्रिया वाला वीडियो हो या कश्मीर घूमने आये लोगों पर बनाये गये वीडियो हों. यह केवल ज्योति तक सीमित मामला नहीं है, बल्कि इसके जरिये एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है।

## काँव-काँव

♦♦♦

**टीम इंडिया की तरह काम करें केंद्र राज्य-मोदी**
तब केंद्र भी इंडिया गठबंधन में माना जायेगा!

**पाक तक गोपनीय जानकारी पहुंचाता था सहदेव**
और विपक्षी दल जयशंकर के पीछे पड़े हैं?

**मतदान केंद्र के बाहर जमा कर सकेंगे मोबाइल**
भीतर मतदाता सूचियों में नाम ढूंढ़े नहीं मिलेगा!

**केरल में समय से पहले ही मानसून ने दी दस्तक**
लखनऊ में जलभराव के बाद नाले साफ होंगे!

**पुंछ निवासियों को डरने की जरूरत नहीं-राहुल**
आपरेशन सिंदूर की सफलता का सर्टिफिकेट!

**लखनऊ की पंचायतों मे रहेगी स्वच्छता-डीएम**
डीएम आफिस के बाहर कूड़े के ढेर कब हटेंगे?

♦♦♦

# नीति नीयत सब नापाक, फिर भी कहिये 'पाकिस्तान'?



-तनवीर जाफ़री


स्वतंत्रता पूर्व 1941 में ब्रिटिश हुकूमत द्वारा कराई गयी भारत की जनगणना के अनुसार अविभाजित भारत की कुल जनसंख्या लगभग 39-40 करोड़ थी। जिसमें मुस्लिम आबादी लगभग 24-25 प्रतिशत थी । इस आधार पर अविभाजित भारत में मुस्लिम जनसंख्या लगभग 9.5 से 10 करोड़ के आसपास थी। 1947 के विभाजन के समय भारत की कुल मुस्लिम आबादी का लगभग 35-40 प्रतिशत हिस्सा पाकिस्तान और पूर्वी पाकिस्तान (1971 के बाद का बांग्लादेश ) चला गया। जिन भारतीय राज्यों के अधिकांश मुस्लिम भारत छोड़कर गये उनमें ख़ासतौर से पंजाब, सिंध, और उत्तर-पश्चिम सीमा प्रांत जैसे क्षेत्रों के मुस्लिम शामिल थे। पूर्वी बंगाल या पूर्वी पाकिस्तान में पहले से ही मुस्लिम बहुसंख्यक थे, इसलिए वहां अपेक्षाकृत कम प्रवास हुआ। विभाजन के समय मुस्लिम आबादी का लगभग 60-65 प्रतिशत हिस्सा भारत में ही रह गया। भारत में ही रहने का फ़ैसला करने वाले अधिकांश मुस्लिम ख़ास तौर से उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश व कई दक्षिणी राज्यों के थे। पाकिस्तान के अस्तित्व में आने के समय जो प्रक्रिया अपनाये गयी वह अत्यंत हिंसक और अव्यवस्थित थी जिसमें सभी धर्मों के लाखों लोग मारे गये।

बहरहाल, कहने को तो भारत से विभाजित होकर पाकिस्तान का गठन विश्व के सबसे बड़े मुस्लिम राष्ट्र निर्माण जैसे दुःस्वप्न को लेकर किया गया था। इसी मुहिम के अंतर्गत 1943 में उर्दू शायर असग़र सौदाई ने यह नारा लिखा था -'पाकिस्तान का मतलब क्या है, 'ला इलाहा इल्ललाह'। यह नारा हालांकि उस समय मुस्लिम लीग द्वारा अपनाया गया था परन्तु आज वहां कि न केवल अनेक कट्टरपंथी धार्मिक पार्टियाँ बल्कि वहाँ पनाह पा रहे अनेक आतंकी संगठन भी समय समय पर इस नारे का इस्तेमाल करते हैं। परन्तु यदि हम पाकिस्तान के गठन की घोषित मंशा और इस्लामी कलमे को पाकिस्तान के नाम के साथ इस्तेमाल करने की हक़ीक़त को देखें तो हमें सब कुछ उल्टा नज़र आता है। हक़ीक़त तो यह है कि पाकिस्तान ने अपने वजूद में आते ही सिवाय नफ़रत, हिंसा, क्षेत्रवाद, फ़िरक़ा परस्ती, भ्रष्टाचार, अल्पसंख्यकों पर ज़ुल्म व आतंकवाद के सिवा दुनिया को कुछ दिया ही नहीं। अन्यथा प्राकृतिक सम्पदाओं से परिपूर्ण 1971 से पहले के इस भूभाग को आज दुनिया में आर्थिक व राजनैतिक रूप से इतना कमज़ोर व अलग थलग न रहना पड़ता। पाकिस्तान की सत्ता एक तरफ़ तो पाकिस्तान का मतलब ला इलाहा इल्ललाह बताते हैं दूसरी तरफ़ इसी देश की सेना लगभग 30 लाख बंगाली मुसलमानों की हत्या कर देती है। जब पाकिस्तान ला इलाहा इल्ललाह के नारे के साथ अलग हुआ तो क्या कारण था कि बांग्लादेश का गठन यानी क्षेत्रवाद इस्लामी नारे पर भारी पड़ गया? यह आख़िर कैसा इस्लाम है तो कैसा ला इलाहा इल्लल लाह? इसी पाकिस्तान पर 40 लाख अफ़ग़ानी मुसलमानों का आरोप है। और इसी 'अल्लाह वाली' पाकिस्तानी सेना पर दो लाख से अधिक बलूचों की हत्या का भी इलज़ाम है ? आरोप तो यह भी है कि पाकिस्तानी सेना बलूच लोगों के घरों में आग लगाती है, उनके खेतों और बाग़ों को नष्ट करती है, और बलोची युवाओं को अपहृत कर उनकी आंखें, दिल, और गुर्दे जैसे अंग बेच देती है। क्या यही पाकिस्तान के अस्तित्व में आने का मक़सद था? आज पाकिस्तान पर बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना द्वारा 'जातीय सफ़ाया' और 'नरसंहार' करने जैसा संगीन इलज़ाम है। ज़ियाउलहक़ के शासनकाल में उर्दन में 10 हज़ार फ़िलिस्तीनी एक ही रात में मारने का आरोप इसी पेशेवर पाक सेना पर है। यह कैसा इस्लामी देश है? इसी पाकिस्तान पर भारतीय कश्मीर में गत छः दशकों से आतंकवाद व अशांति फैलाने का आरोप है। भारत में जगह जगह आतंकवादी हमले कराने जैसा अमानवीय व ग़ैर इस्लामी काम पाकिस्तान करता रहा है। मस्जिदों से लेकर दरगाहों, इमामबारगाहों व धार्मिक जुलूसों पर आत्मघाती हमले करने वाले हमलावरों की पैदावार तैय्यार करने वाला पाकिस्तान जब यह कहे कि पाकिस्तान का मतलब,ला इलाहा इल्ललाह, तो इससे बढ़कर अफ़सोसनाक व शर्मनाक बात और क्या हो सकती है? इसी नफ़रत की सियासत ने ज़ुल्फ़िक़ार अली भुट्टो को फांसी के फंदे तक पहुंचा दिया। कल पाकिस्तान ने जिन तालिबानों की सरपरस्ती की थी वही आज पाकिस्तान के लिये बड़ी चुनौती बन चुके हैं। अफ़ग़ानिस्तान में भी चार लाख लोगों की हत्या का इलज़ाम पाकिस्तान पर है। कहना ग़लत नहीं होगा कि स्वयं को लाइलाहा इल्लाह का झंडाबरदार बताने वाले पाकिस्तान जैसे देश ने जितने मुसलमानों की हत्या की उतनी हत्याएं किसी अन्य मुस्लिम राष्ट्र ने नहीं की । उसके बावजूद बड़ा आश्चर्य होता है जब पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर आज भी द्विराष्ट्र सिद्धांत की बात को दोहराते हुए हिंदू और मुसलमान को जीवन के हर पहलू में भिन्न बताते हैं। यदि हिन्दू मुसलमानों से भिन्न हैं तो बंगाली मुसलमान तो एक थे? शिया, अहमदिया, बरेलवी तो ला इलाहा इल्ललाह कहते हैं? इनके प्रति क्या व्यवहार है पाकिस्तानी सत्ता व सेना का? यदि पाकिस्तान की नीयत में खोट न होती तो 1971 जैसा ऐतिहासिक अपमान पाकिस्तानी सेना को सहन न करना पड़ता। आज दुनिया में पाकिस्तान की पहचान आतंकवाद के केंद्र के रूप में हो चुकी है। उसके बाद तुर्रा यह कि भारत जैसे पड़ोसी देश को परमाणु हमले की धमकी देता रहता है। भारत में धार्मिक उन्माद फैलाने के नित्य नए हथकंडे अपनाता है। हक़ीक़त तो यह है कि भारत में हिंदू और मुसलमान उतने भिन्न नहीं हैं जितने कि पाकिस्तान में मुसलमानों के ही विभिन्न वर्ग 'ला इलाहा इल्लल अल्लाह' कहने वालों के ही दुश्मन बने हुए हैं। यह सच है कि दक्षिणपंथी विचारधारा के दल आज सत्ता में हैं परन्तु फिर भी महात्मा गाँधी का यह देश यहाँ के बहुसंख्य हिन्दू समाज के चलते तथा भारतीय संविधान की वजह से आज भी दुनिया का सबसे बड़ा धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। 1947 के पहले भी समग्र भारतीय मुसलमानों ने किसी मुसलमान को अपना नेता स्वीकार नहीं किया और आज भी यहाँ के मुसलमान देश के विभिन्न धर्मनिरपेक्ष दलों को अपना समर्थन देते हैं। मुसलमानों पर आने वाले किसी भी संकट के समय भारतीय धर्मनिरपेक्ष हिन्दू व सिख सभी उनके साथ खड़े होते हैं। ख़ुद अटल बिहारी वाजपेयी कह चुके हैं कि भारत की धर्मनिरपेक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ या भाजपा जैसे संगठनों के कारण नहीं, बल्कि हिंदू समुदाय की सहिष्णु और समावेशी प्रकृति के कारण बनी हुई है। गोया वर्तमान समय में अनेक संकटों के बावजूद भारत, मुसलमानों के लिये सबसे सुरक्षित देश है। यहाँ कुछ भी हुआ हो परन्तु ऑपरेशन लाल मस्जिद जैसी घटना कभी नहीं घटी। इसलिए आज का सबसे बड़ा सवाल यही है कि जिस देश की नीति और नीयत सब कुछ 'नापाक' हो फिर भी उसे 'पाकिस्तान' कहना कितना मुनासिब होगा?



## प्रेमचंद की कहानियां

### दो बैलों की कथा



एक दिन मोती ने मूक भाषा में कहा- अब तो नहीं सहा जाता, हीरा !

'क्या करना चाहते हो ?'

'एकाध को सींगों पर उठाकर फेंक दूंगा।'

'लेकिन जानते हो, वह प्यारी लड़की, जो हमें रोटियां खिलाती है, उसी की लड़की है, जो इस घर का मालिक है, यह बेचारी अनाथ न हो जायेगी ?'

'तो मालकिन को न फेंक दूं? वही तो उस लड़की को मारती है।'

'लेकिन औरत जात पर सींग चलाना मना है, यह भूले जाते हो।'

'तुम तो किसी तरह निकलने ही नहीं देते। बताओ, आज रस्सी तुड़ाकर भाग चलें?'

'हां, यह मैं स्वीकार करता, लेकिन इतनी मोटी रस्सी टूटेगी कैसे?'

'इसका एक उपाय है। पहले रस्सी को थोड़ा-सा चवा लो। फिर एक झटके में जाती है।'

रात को जब बालिका रोटियां खिलाकर चली गयी, तो दोनों रस्सियां चवाने लगे; पर मोटी रस्सी मुंह में न आती थी। बेचारे बार-बार जोर लगाकर रह जाते थे।

सहसा घर का द्वार खुला और वही लड़की निकली। दोनों सिर झुकाकर उसका हाथ चाटने लगे। दोनों की पूंछें खड़ी हो गईं। उसने उनके माथे सहलाए और बोली-खोले देती हूं। चुपके से भाग जाओ, नहीं तो यहां लोग मार डालेंगे। आज घर में सलाह हो रही है कि इनकी नाकों में नाथ डाल दी जायें। उसने गरांव खोल दिया; पर दोनों चुपचाप खड़े रहे। मोती ने अपनी भाषा में पूछा- अब चलते क्यों नहीं? हीरा ने कहा-चलें तो; लेकिन कल इस अनाथ पर आफत आयेगी। सब इसी पर सन्देह करेंगे। सहसा बालिका चिल्लायी- दोनों फूफा वाले बैल भागे जा रहे हैं।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**नास्ति कामसमो व्याधिर्नास्ति मोहसमो रिपुः।**
**नास्ति कोपसमो वह्निर्नास्ति ज्ञानात्परं सुखम्।।**

संसार में कामवासना के समान कोई रोग नहीं है, मोह के समान कोई शत्रु नहीं हैं, क्रोध के समान कोई अग्नि नहीं है तथा ज्ञान से बड़ा कोई सच्चा सुख नहीं है।

♦♦♦

# सेना में दिखने लगा महिला शक्ति का दम



- रमेश सर्राफ धमोरा

भारतीय सेना में महिला शक्ति का दम दिखाई देने लगा है। पुरुषों की तरह महिलाएं भी सेना में बढ़ चढ़कर अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर रही हैं। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग में सेना की दो महिला अधिकारियों द्वारा युद्ध से संबंधित जानकारी देना एक महत्वपूर्ण कदम रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारत के पराक्रम की तस्वीर को पूरी दुनिया के सामने पेश किया और बताया कि आखिर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने कैसे और क्या कार्यवाही की। सेना की दोनों महिला अधिकारियों ने सैनिक कार्यवाही की हर दिन प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से देश दुनिया को ताजा जानकारी प्रदान कर यह दिखा दिया कि भारत में महिला शक्ति भी किसी से कम नहीं है। भारत में सदियों से महिलाओं को मातृशक्ति का दर्जा दिया जाता रहा है। कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः ।। अर्थातः जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रमते हैं। जहां नारियों की पूजा नहीं होती, वहां किए गए सभी कार्य निष्फल हो जाते हैं। हम देश में साल में दो बार नवरात्र पर मातृशक्ति रूपी मा दुर्गा की पूजा कर देश दुनिया को यह संदेश देते हैं कि मातृ शक्ति भी किसी से कम नहीं है। अब तो हमारी सेना में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपनी उत्कृष्ट क्षमता दिखा दी है। महिलाएं फाइटर प्लेन उड़ा रही है। तो युद्ध भूमि में हर प्रकार की भूमिका निभाने को तैयार नजर आ रही है।

भारतीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी का इतिहास लंबे संघर्ष और बदलावों से भरा रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही महिलाएं भारत की सुरक्षा और सेवा में अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देती रही हैं। लेकिन सेना में औपचारिक तौर पर उनकी नियुक्ति का रास्ता बहुत बाद में खुला। साल 1943 में बनी रानी झांसी रेजिमेंट, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज का हिस्सा थी। यह पहली बार था जब महिलाएं युद्ध के मोर्चे पर सक्रिय रूप से दिखाई दी। आजादी के बाद भी सशस्त्र बलों में महिलाओं को लंबे समय तक सहायक भूमिकाओं तक ही सीमित रखा गया। भारत की तीनों सेनाओ (थल सेना, नौसेना, वायु सेना) में महिलाओं की संख्या को लेकर अगस्त 2023 में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने संसद में बताया था कि तीनों सेना में 11414 महिलाएं सेवाएं दे रही है। थल सेवा में 7054 महिलाएं सेवारत है। इनमें 1733 महिला अधिकारी है। यह आंकड़ा 1 जनवरी 2023 तक का है। भारतीय वायु सेवा में 1654 अधिकारी सेवारत है जबकि 155 महिलाएं एयर मेन (अग्निवीर) के रूप में सेवा दे रही है। भारतीय नौसेना में 580 महिलाएं अधिकारी के रूप में सेवारत है जबकि 727 महिलाएं सैलर्स (अग्निवीर) के तौर पर तैनात है।

इसी तरह 1212 महिलाएं भारतीय थल सेना के आर्मी मेडिकल कॉर्प्स में 168 महिलाएं आर्मी डेंटल कार्स में और 3841 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में कार्यरत है। 151 महिलाएं नौसेना के मेडिकल कॉर्प्स में 10 महिलाएं डेंटल कार्य और 380 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में सेवारत है। 274 महिलाएं भारतीय वायु सेवा के मेडिकल कॉर्प्स में पांच महिलाएं डेंटल कॉर्प्स में और 425 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में सेवारत है। पहले महिलाओं को शार्ट सर्विस कमीशन में ही लिया जाता था। लेकिन फरवरी 2020 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद महिलाओं को सेना में स्थाई कमीशन मिलने लगा है। अब एनडीए की कुल सीटों का 10 प्रतिशत सीटों पर लड़कियां सिलेक्ट होती है और वह भी ओपन कंपटीशन में मुकाबला करके। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मार्च 2025 में संसद में बताया था कि 2022 में महिला कैडेट्स के पहले बैच की एंट्री के बाद से अब तक एनडीए में 126 महिलाओं को एडमिशन मिला है। आर्म्ड फोर्सज में आने के बाद उनके लिए भी अवसर समान होते हैं। उनका करियर प्रोग्रेस वैसा ही होगा जैसा लड़कों का होगा। सर्विस रूट समान होते हैं। अब हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि हमारी सेना में पूरी तरह जेंडर न्यूट्रलाइजेशन हो गया है।सेना में आज हमारी महिला कॉम्बैट पायलट भी है। जो मिसाइल चलती है मोर्चे पर भी जाती है। वह इंजीनियरिंग का कार्य भी देखती है और सैटेलाइट को भी नियंत्रित करती है। अब महिलाएं डिफेंस भी करती है। टेक्निकल इंटेलिजेंस भी एकत्रित करती है। अभी तक आमने-सामने की लड़ाई में महिलाओं को नहीं भेजा जाता है। राजस्थान में झुंझुनू जिले की स्क्वाड्रन लीडर मोहन सिंह 2016 में भारतीय वायु सेवा की तेजस फाइटर स्पाइडर में शामिल होने वाली पहली महिला बनी। इससे पहले वह मिग 21 बाइसन फाइटर प्लेन भी उड़ा चुकी है। ग्रुप कैप्टन सालिया धामी वायु सेवा की ऐसी पहली महिला अधिकारी बनी है जो फ्रंटलाइन काम्पैक्ट यूनिट की कमान संभाल रही है। फ्लाइंग यूनिट की फ्लाइट कमांडर बनने वाली भी वह पहली महिला अधिकारी है। भारत की सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा और थलसेना एवं नौसेना की चिकित्सा सेवाओं का नेतृत्व महिला अधिकारी ही कर रही हैं।



रक्षा बलों में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने की दिशा में भारत की प्रगति धीमी रही है। लेकिन लोगों का मानना है कि इसमें लगातार प्रगति हुई है। अब एक साथ बहुत सारी महिलाएं प्रमुख भूमिकाओं में हैं। वे दूसरों के लिए रास्ता बना रही हैं। उनके प्रदर्शन पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। अगर वे अच्छा काम कर रही हैं तो उन्हें स्वीकार करना आसान होगा और आने वाली महिलाओं के लिए रास्ता साफ हो जाएगा।

शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत महिलाएं केवल 10 या 14 साल तक सेवाएं दे सकती हैं।

## प्रेरक प्रसंग

## आत्म-ज्ञान

पुराने जमाने की बात है। शुकदेव परम ज्ञानी थे, संयम कीर्ति थे, किन्तु उन्हें अपने में कोई अभाव अनुभव होता था। उनके पिता वेद व्यास ने यह देखा तो उन्हें राजा जनक के पास मिथिला जाने को कहा। शुकदेव वहां गये। नगर के स्त्री-पुरुषों के चारों ओर वैभव इठला रहा था, पर इसका उनके मन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। जब वह महल की ड्योढ़ी पर पहुंचे तो द्वारपालों ने उन्हें रोक दिया। वह धूप में बहुत समय तक खड़े रहे, लेकिन इसका भी उन पर कोई असर नहीं हुआ। अन्त में उन्हें महल के भीतर पहुंचा दिया गया। वहां छाया में वह आत्म- चिन्तन में लीन हो गये।

इसके पश्चात उन्हें बड़े ही सुहावने उद्यान में ले जाया गया, बढ़िया भोजन कराया गया और रात को सोने के लिए आरामदेह पलंग दिया गया। पर शुकदेव ब्राह्म मुहूर्त में उठे और ध्यान में डूब गये। नगर और महल का सम्पूर्ण जीवन अत्यन्त लुभावना था । नगर की सजावट, नागरिकों का रहन-सहन, महल की भव्यता, सबकुछ अद्भुत था, लेकिन शुकदेव उस ऐश्वर्य के बीच ऐसे रहे, जैसे जल में कमल रहता है।

अगले दिन उन्हें राजा जनक के सामने उपस्थित किया गया। राजा को सारी चीज की जानकारी थी। उन्होंने शुकदेव की पूजा-अर्चना की, उन्हें ऊंचे आसन पर आसीन किया और स्वयं उनके सामने धरती पर बैठ गये

विनत होकर उन्होंने कहा, महाराज, आप दुनिया की मोह-माया से मुक्त हैं। सुख से परे हैं। आप अनन्त ज्ञान के भण्डार हैं। लेकिन आपको अपने ज्ञान और महानता का भान नहीं है। इसी से आप अपने अन्तर में कोई कमी पा रहे हैं। जनक के इतना कहते ही शुकदेव ने अपने स्वरूप को पहचान लिया, उन्हें आत्म-ज्ञान हो गया।

## आपका पत्र मिला

### कोरोना से डरना नहीं, सतर्क रहना है

देश में फिर कोरोना की दस्तक होने की आहट सुनाई दे रही हैं. और आंकड़े भी नजर आ रहे. राज्यों में कोरोना को लेकर भी सतर्कता रखने के आदेश पारित हो रहे।

मध्य प्रदेश, सहित उत्तर प्रदेश में 4, हरियाणा में 5, गुजरात में 33, बेंगलुरु में 9 माह की बच्ची भी कोरोना की गिरफ्त में महाराष्ट्र में भी कोरोना के बढ़ते आंकड़े, अर्थात कहीं राज्यों में कोरोना ने अपने पाँव पसार लिए, देशभर में 350 के लगभग केस हैं! दिल्ली सहित सभी राज्यों में कोविड 19 को लेकर एडवाइजारी दे दी गई! कोरोना माहमारी का विगत समय हम रौद्र रूप भयावह मौत का मंजर वाला खौफनाक समय देख चुके हैं! हालांकि रफ्तार भले धीमी हो कोरोना की परन्तु सतर्कता, सावधानी बेहद जरुरी हैं, कोरोना को लेकर हमें डर, भय या किसी भी प्रकार का खौफ नहीं रखना, बल्कि सतर्कता, और जागरूकता जरूर रखना हैं! भीड़ तंत्र में मास्क का उपयोग प्रचलन में लाये, साबुन सेनिटाइजर से हाथ बार बार धोयें, खांसते छीकते समय रुमाल मुँह पर लें, प्रशासन की गाइड लाइन का पालन करें! जितना हम सतर्क और साहस रखेंगे यही उपचार इस कोरोना का हैं। अक्सर लोग अतिविश्वास में सतर्कता की अनदेखी कर देते हैं फिर परिणाम अप्रिय परिस्थिति पैदा करते हैं! ऐसा करने से जरूर बचें, कोरोना को हलके में लेकर अतिविश्वास न रखें, हां आत्मविश्वास जरूर रखें, सतर्कता जरूर रखें! यह अच्छी बात है कि प्रशासन कोरोना को लेकर जागरूक है। कुछ भी हो इस कोरोना को हमें हमारी सूझबूझ से नेस्तनाबूद करना होगा, सरकार के साथ कदमताल मिलाकर चलना होगा!

**योगेश जोशी**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

# वट सावित्री व्रत का महत्व

## वट वृक्ष की पूजा क्यों करती हैं सुहागिनें?

वट सावित्री व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए एक अत्यंत शुभ पर्व है जो इस वर्ष 26 मई 2025, सोमवार को मनाया जाएगा। यह दिन ज्येष्ठ मास की सोमवती अमावस्या के रूप में मनाया जाता है, जो व्रत के फल को और भी अधिक शुभ बनाती है। पौराणिक कथा के अनुसार, देवी सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से बरगद के पेड़ के नीचे वापस लिए थे। तभी से यह व्रत पति की लंबी उम्र, अखंड सौभाग्य और संतान प्राप्ति के लिए रखा जाता है।

**वट सावित्री व्रत के दौरान की जाने वाली पूजा**

इस दिन महिलाएं सोलह श्रृंगार करके वट वृक्ष की पूजा करती हैं। पूजा में परिक्रमा की जाती है और सावित्री-सत्यवान की कथा सुनाई जाती है। इसके बाद सुहाग सामग्री का दान भी किया जाता है। इस साल व्रत के दिन शनि जयंती का योग भी बन रहा है, जिससे इसका धार्मिक महत्व और भी बढ़ जाता है।

**बरगद के पेड़ का धार्मिक महत्व**

बरगद का पेड़ न केवल एक वृक्ष है बल्कि हिंदू धर्म में यह एक जीवंत प्रतीक माना जाता है। इसे अक्षय वटवृक्ष कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बरगद के पेड़ में त्रिमूर्ति का निवास माना गया है। इसके जड़ों में ब्रह्मा, तने में विष्णु, और शाखाओं में शिव का वास होता है। बरगद की लटकती हुई जटाएं मां सावित्री के स्वरूप मानी जाती हैं, जो त्याग, तपस्या और संतान की देवी हैं। कहा जाता है कि यक्षों के राजा मणिभद्र से ही इस वटवृक्ष की उत्पत्ति हुई थी, और तभी से यह दिव्यता का प्रतीक बन गया।

**वट सावित्री व्रत में बरगद की पूजा क्यों की जाती है?**

वट सावित्री व्रत के दिन बरगद के पेड़ की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश विद्यमान हैं। मान्यता है कि इस पेड़ की जड़ें ब्रह्मा, तना विष्णु का और



शिव का वास होता है। कहा जाता है कि वट सावित्री व्रत के दौरान बरगद के पेड़ के नीचे पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, जैसे सावित्री अपने समर्पण से अपने पति सत्यवान को यमराज से वापस लाई थीं, उसी तरह इस व्रत को रखने वाली विवाहित महिलाओं को सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद प्राप्त होता है।



**वट सावित्री व्रत में बरगद की पूजा कैसे करें?**

**व्रत के दिन की शुरुआत-** वट सावित्री व्रत के दिन सुहागिन महिलाएं ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें और शुद्ध वस्त्र धारण करें। इसके बाद व्रत का संकल्प लें और सोलह श्रृंगार करें।

**पूजा सामग्री-** पूजा सामग्री में रोली, चंदन, अक्षत, फूल, फल, मिठाई, धूप-बत्ती, और कच्चा सूत शामिल करें।

**वट वृक्ष की पूजा-** महिलाएं बरगद के पेड़ के नीचे एकत्र होकर व्रत कथा का श्रवण करें। फिर, बरगद के वृक्ष को जल चढ़ाएं और रोली-चंदन से तिलक करें। कच्चे सूत को बरगद के तने के चारों ओर 7 या 11 बार लपेटते हुए परिक्रमा करें। पूजा के बाद, 7 या 11 सुहागिन स्त्रियों को सुहाग सामग्री जैसे चूड़ियां, बिंदी, सिंदूर, काजल, और वस्त्र दान करें।

**बरगद के पेड़ के नीचे दान क्यों करें?**

वट वृक्ष की पूजा के बाद 7 या 11 सुहागिन स्त्रियों को दान देना शुभ माना जाता है। यह दान श्रद्धा और सौभाग्य का प्रतीक होता है, जिसे प्रेमपूर्वक अर्पित किया जाता है। मान्यता है कि इस दान से सुहाग पर कोई संकट नहीं आता और सौभाग्य की रक्षा होती है। त्रिदेव की कृपा प्राप्त होती है, जिससे वैवाहिक जीवन में सुख, शांति और प्रेम बना रहता है। इस दिन का दान संतान सुख की प्राप्ति में भी सहायक माना गया है। इस दिन की पूजा और दान का विशेष महत्व है, जो न केवल धार्मिक आस्था को बढ़ाता है, बल्कि जीवन में सुख-शांति और प्रेम का संचार भी करता है। बरगद के पेड़ की पूजा और दान से सभी इच्छाएं पूरी होती हैं और जीवन में समृद्धि आती है।

# वट सावित्री व्रत - पति की लंबी उम्र के लिए ये खास उपाय



वट सावित्री व्रत का हिंदू संस्कृति में बहुत खास महत्व है। यह व्रत खासतौर पर विवाहित महिलाएं रखती हैं और अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुखद वैवाहिक जीवन की कामना करती हैं। ऐसा माना जाता है कि इस व्रत को रखने से न केवल पति की उम्र लंबी होती है, बल्कि दांपत्य जीवन में शांति और प्रेम बना रहता है।

**वट सावित्री व्रत 2025 की तिथि और शुभ समय**

इस साल वट सावित्री व्रत 26 मई 2025, सोमवार को रखा जाएगा।
अमावस्या तिथि की शुरुआत – 26 मई को दोपहर 12:11 बजे
अमावस्या तिथि समाप्त – 27 मई को सुबह 8:31 बजे
उदय तिथि के अनुसार व्रत 26 मई को ही मनाया जाएगा, क्योंकि हिन्दू पंचांग में उदय तिथि को प्राथमिकता दी जाती है।

**वट सावित्री व्रत का महत्व क्यों है खास?**

पौराणिक कथाओं के अनुसार, सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस लेकर उन्हें नया जीवन दिया था। यह चमत्कार वट वृक्ष (बरगद के पेड़) के नीचे हुआ था। इसीलिए इस दिन वट वृक्ष की पूजा करने का विशेष महत्व होता है। इस वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवताओं का वास माना जाता है। इसलिए इस पेड़ की पूजा से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

**वट सावित्री व्रत पर क्या करें खास उपाय?**

**वट वृक्ष की पूजा करें विधिपूर्वक-** इस दिन वट वृक्ष के नीचे जाकर पूजा करें। व्रत रखने वाली महिलाएं भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करें और उनके सामने घी का दीपक जलाएं।

**पति के साथ करें वट वृक्ष की परिक्रमा-** पति के साथ मिलकर वट वृक्ष की 11 बार परिक्रमा करें। परिक्रमा करते समय मौन रहना और मन में प्रार्थना करना शुभ माना जाता है। यह उपाय पति-पत्नी के रिश्ते में प्रेम और एकता बढ़ाता है।

**आर्थिक उन्नति के लिए करें ये उपाय**

इस दिन बरगद के पेड़ के नीचे जाकर पीले या सफेद रंग की 11 कौड़ियां चढ़ाएं। यह उपाय देवी लक्ष्मी की कृपा पाने और आर्थिक स्थिति को बेहतर करने के लिए किया जाता है।

**वैवाहिक जीवन में मिठास लाने के लिए**

इस दिन 11 सुहागिन महिलाओं को श्रृंगार का सामान (जैसे चूड़ी, बिंदी, सिंदूर, कंघी आदि) भेंट करें। यह परंपरा आपके वैवाहिक जीवन में मधुरता और सुख-शांति लाती है।

**जरूरतमंदों को भोजन कराएं**

वट सावित्री व्रत के दिन किसी जरूरतमंद को वट वृक्ष के नीचे भोजन कराना भी बहुत पुण्यदायी होता है। ऐसा करने से पति की दीर्घायु के लिए शुभ फल मिलता है और घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। वट सावित्री व्रत सिर्फ एक धार्मिक परंपरा नहीं है, बल्कि यह नारी शक्ति, त्याग और आस्था का प्रतीक है। इस दिन यदि आप पूरे विधि-विधान और विश्वास के साथ व्रत रखें और बताए गए उपाय करें, तो निश्चित ही आपके वैवाहिक जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहेगी।

# वट सावित्री पूजा के लिए होना है दुल्हन की तरह तैयार, तो अपनाएं ये टिप्स



गर्मी अपने चरम पर है और इसी बीच सुहागिनों का महत्वपूर्ण पर्व वट सावित्री व्रत मनाया जाना है। इस साल विवाहित महिलाएं 26 मई 2025 को वट सावित्री व्रत करेंगी। इस दिन महिलाएं सोलह श्रृंगार करके व्रत करती हैं और वट वृक्ष की पूजा कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। ऐसे में हर स्त्री चाहती है कि वह इस खास मौके पर दुल्हन की तरह खूबसूरत दिखे, लेकिन मई-जून की तेज गर्मी में भारी कपड़े, मेकअप और गहनों के साथ सहज रहना भी एक बड़ी चुनौती होती है। ऐसे में कुछ स्मार्ट और स्टाइलिश फैशन टिप्स को अपनाकर आप दुल्हन सी सुंदर दिख सकती हैं और गर्मी में भी कंफर्टेबल रह सकती हैं।

**हल्के कपड़े चुनें-** वट सावित्री व्रत के लिए ऐसे आउटफिट का चयन करें, जिसका फैब्रिक गर्मी में राहत दिलाने वाला हो। शिफॉन, जॉर्जेट, लिनेन, कॉटन सिल्क जैसे फैब्रिक गर्मी में बेस्ट होते हैं। यह पहनने में हल्के होते हैं और हवादार होते हैं, जिससे गर्मी में पसीना कम आता है।

**पेस्टल टोन में ब्राइट कलर पहनें**

गर्मियों के हिसाब से पेस्टल रंग ठंडे और आंखों को सुकून देने वाले होते हैं। हालांकि वट सावित्री व्रत में पारंपरिक तौर पर गहरे रंग पहनने होते हैं। ऐसे में लाल, गुलाबी, नारंगी जैसे पारंपरिक रंगों को पेस्टल या फेडेड टोन में चुनें। ये रंग परंपरागत भी दिखते हैं और गर्मी में आंखों को भी सुकून देते हैं।

**सिंपल लेकिन एलीगेंट साड़ी या सूट**

ज्यादा भारी लहंगा या कढ़ाईदार कपड़ों की बजाय हल्की बनारसी साड़ी, चिकनकारी सूट या फ्लोरल प्रिंटेड अनारकली पहनें। इससे ट्रेडिशनल लुक भी आएगा और गर्मी में घुटन भी नहीं होगी।

**हल्का मेकअप करें**

गर्मी में भारी मेकअप पसीने के कारण जल्दी खराब हो जाता है। मेकअप के कारण अधिक गर्मी भी महसूस हो सकती है। इसलिए बीबी क्रीम, वाटरप्रूफ काजल, लिप टिंट और लाइट हाइलाइटर से मिनिमल लुक अपनाएं।

**गहनों का चयन**

भारी हार या झुमकों की जगह लाइटवेट स्टोन ज्वेलरी, कुंदन सेट या ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी पहनें। मांगटीका या नथ के साथ छोटा सेट लुक को कम्पलीट कर सकता है।

# अगर वट वृक्ष न हो तो कैसे करें पूजा?

वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ माह की अमावस्या को मनाया जाता है और यह सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। इस व्रत के पीछे मान्यता है कि सावित्री ने वट वृक्ष के नीचे अपने पति सत्यवान के प्राण वापस पाए थे, इसलिए इस दिन वट वृक्ष की पूजा कर पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की जाती है। साथ ही यह भी माना जाता है कि वट वृक्ष में ब्रह्मा,विष्णु और महेश त्रिदेवों का वास होता है, जिससे इसका धार्मिक महत्व और बढ़ जाता है। हालांकि, कई बार ऐसा होता है कि जहां महिलाएं रहती हैं, वहां वट वृक्ष उपलब्ध नहीं होता। ऐसी स्थिति में यह सवाल उठता है कि पूजा कैसे की जाए। दरअसल, यह व्रत आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है, इसलिए अगर वट वृक्ष पास में न हो तो भी व्रत की भावना में कोई कमी नहीं आती। मन की सच्ची भावना और विश्वास से किया गया संकल्प ही सबसे अधिक महत्व रखता है। आइये जानें कैसे बिना बरगद के पेड़ के आप वाट सावित्री कि पूजा कर सकती हैं।



**वट वृक्ष की मिट्टी घर लाकर करें पूजा**

यदि आपके आस-पास वट वृक्ष नहीं है, तो व्रत से एक दिन पहले आप किसी ऐसे स्थान पर जाकर वट वृक्ष की थोड़ी सी मिट्टी घर ले आएं। इस मिट्टी को एक साफ स्थान पर रखकर उसके ऊपर सावित्री, सत्यवान और यमराज की छोटी मूर्तियाँ या चित्र स्थापित करें। उसी स्थान को पूजा स्थल मानते हुए पूरे श्रद्धा भाव से पूजा करें। मिट्टी का यह प्रतीकात्मक रूप, वट वृक्ष की उपस्थिति के समान ही माना जाता है। जब भावना सच्ची हो, तो प्रतीक भी पूजनीय बन जाता है।

**वट वृक्ष की टहनी लाकर गमले में लगाएं**

अगर आपको पूरा पेड़ नहीं मिल रहा लेकिन कहीं से वट वृक्ष की कोई फलयुक्त टहनी मिल सकती है, तो वह भी एक उत्तम विकल्प है। उस डाली को किसी गमले में मिट्टी में रोप दें और व्रत के दिन उसे ही वट वृक्ष का प्रतीक मानकर उसकी पूजा करें। ऐसे में आप पूजा के सारे पारंपरिक कर्म उसी डाली के चारों ओर कर सकती हैं, जैसे कि धागा बांधना, कथा सुनना, परिक्रमा करना आदि।

***तुलसी के पौधे के पास बैठकर करें पूजा***

*यदि न वट वृक्ष मिल पाए, न उसकी डाली, और न ही मिट्टी उपलब्ध हो, तो एक और पवित्र विकल्प है तुलसी का पौधा। तुलसी हिन्दू धर्म में अत्यंत पूजनीय मानी जाती है और घर मे ही उपलब्ध होती है। ऐसी स्थिति में आप तुलसी के पास बैठकर श्रद्धा और विधि के साथ व्रत की पूजा कर सकती हैं। वहां पर आप व्रत की कथा सुनें, व्रत की भावना को आत्मसात करें और मन से संकल्प लें। इस रूप मे भी व्रत पूर्ण माना जाता है।*

**भावना और श्रद्धा है सबसे महत्वपूर्ण**

यह समझना ज़रूरी है कि किसी भी पूजा में स्थान या सामग्री से ज़्यादा महत्वपूर्ण होती है आपकी श्रद्धा और भावना। यदि आप सच्चे मन से, आस्था के साथ व्रत करती हैं तो वट वृक्ष की शारीरिक अनुपस्थिति आपके पुण्य या फल में कोई कमी नहीं लाती। सावित्री ने अपने संकल्प और निष्ठा से यमराज तक को झुका दिया था। उसी भावना से अगर आप व्रत करें, तो परिणाम भी उतना ही फलदायी होगा।

# कोई 500 तो कोई 250 साल, ये हैं भारत के सबसे पुराने वटवृक्ष



बरगद का पेड़ भारत में सिर्फ एक वृक्ष नहीं बल्कि आस्था, आयुर्वेद और पर्यावरण का प्रतीक है। देशभर में कुछ ऐसे वटवृक्ष हैं जो सैकड़ों वर्षों से खड़े हैं और आज भी पूरी भव्यता के साथ मौजूद हैं। आइए जानते हैं भारत के कुछ सबसे पुराने और प्रसिद्ध वटवृक्षों के बारे में।

**नैनीताल में 200 साल पुराना बरगद का पेड़-** उत्तराखंड में नैनीताल के पास लगभग 200 साल पुराना बरगद का पेड़ है। किसी हिल स्टेशन पर इतने पुराने वटवृक्ष का होना दुर्लभ है। नैनीताल घूमने आने वाले लोग जब इस वटवृक्ष की मजबूत और लंबी भुजाओं को देखते हैं तो उन्हें इसकी ऐतिहासिकता और महत्व का आभास होता है।

**गुजरात में वड तालुका वटवृक्ष-** गुजरात के आनंद जिले के पास वड तालुका नाम का वटवृक्ष मौजूद है। इस वटवृक्ष की आयु लगभग 300 वर्ष बताई जाती है। इतना प्राचीन होने के कारण यह पेड़ स्थानीय समुदाय के लिए आध्यात्मिक केंद्र के रूप में माना जाता है। वट सावित्री पूजा पर यहां विशेष आयोजन होता है।

**प्रयागराज में अक्षयवट-** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में संगम तट पर प्राचीन बरगद का पेड़ है। यहां के वटवृक्ष को अक्षयवट कहा जाता है, जो अनादिकाल से मौजूद माना जाता है। मान्यता है कि इस पेड़ के दर्शन मात्र से ही पाप समाप्त हो जाते हैं। **आंध्र प्रदेश का थिमम्मा मरिमानु-** आंध्र प्रदेश में बेहद प्राचीन बरगद का पेड़ है। यह पेड़ अनंतपुर जिले के गुटी मंडल में स्थित है। इस पेड़ की आयु 550 साल से अधिक बताई जाती है। कहते हैं कि यह दुनिया के सबसे बड़े वटवृक्षों में से एक है। यह एक ही पेड़ लगभग 5 एकड़ ज़मीन पर फैला है। कहा जाता है कि जहां यह पेड़ उगा, वहां थिमम्मा नामक महिला ने सती होकर जान दी थी।

# विवाह में आ रही है अड़चनें तो मासिक शिवरात्रि पर करें ये खास उपाय



हर माह आने वाली शिवरात्रि का दिन भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना के लिए अति शुभ माना जाता है। इस दिन श्रद्धालु विशेष पूजा-अर्चना के साथ-साथ अन्न, वस्त्र और अन्य जरूरतमंद चीजों का दान करते हैं। मान्यता है कि मासिक शिवरात्रि का व्रत रखने और विधिपूर्वक शिव पूजन करने से भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है, जिससे जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। यदि आप भी इस खास दिन पर भोलेनाथ को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो कुछ आसान लेकिन प्रभावशाली उपाय ज़रूर करें। कहा जाता है कि इन उपायों को करने से विवाह में आ रही अड़चनें दूर होती हैं और योग्य जीवनसाथी की प्राप्ति होती है। आइए जानते हैं मासिक शिवरात्रि के दिन किए जाने वाले खास उपायों के बारे में।

***मई 2025 में मासिक शिवरात्रि की तिथि***

*पंचाग के अनुसार, ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 25 मई 2025 को दोपहर 3:51 बजे आरंभ होगी और अगले दिन, यानी 26 मई को दोपहर 12:11 बजे समाप्त होगी। इसलिए मासिक शिवरात्रि का व्रत 25 मई को रखा जाएगा। इस दिन भगवान शिव की पूजा के लिए रात्रि 11:58 बजे से 12:38 बजे तक का समय अत्यंत शुभ माना गया है।*

**मंगल दोष निवारण के लिए उपाय**

यदि आप कुंडली में मौजूद मंगल दोष से मुक्ति चाहते हैं, तो मासिक शिवरात्रि के दिन प्रातः स्नान करके भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करें। इसके बाद गंगाजल में लाल पुष्प और लाल चंदन मिलाकर शिवलिंग का अभिषेक करें। पूजा करते समय शिव मंत्रों का जाप करें। मान्यता है कि इस उपाय से मंगल दोष शांत होता है और वैवाहिक सुख की प्राप्ति होती है।



**मनचाहे जीवनसाथी के लिए पूजा विधि**

मनचाहा वर या वधु पाने की कामना रखने वाले युवक-युवतियों को मासिक शिवरात्रि के दिन गंगाजल और शहद से शिवलिंग का अभिषेक करना चाहिए। इसके साथ ही मन में अपना संकल्प लेते हुए कामना करें। अंत में आरती करें और भगवान को भोग अर्पित करें। धार्मिक विश्वास है कि इस उपाय से मनचाहा जीवनसाथी प्राप्त हो सकता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ सोमवार, 26 मई 2025

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, चर्तुदशी तिथौ सोम वासरे 12/12/ भरणी नक्षत्रे 08/24/ शोभन योग 07/02/ शकुनि करणे 12/12/ वृष राशिगत चन्द्रमा घं.13मि.41पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** महापंचक। श्राद्ध की अमावस्या। शनि जयंती। सावित्री चर्तुदशी।

**मेष :** दांपत्य जीवन सामान्य। विचारों में परिवर्तन अनुभव करेंगे। घरेलू मांगलिक कार्यों की चिंता रहेगी।

**वृष :** सामाजिक अथवा जातिगत संस्थानों में मान-सम्मान बढ़ेगा। कला संस्कृति से संबंधित कार्य में व्यस्तता संभव है। मित्रों से मेल संभव होगा।

**मिथुन :** चर्चाओं में कष्ट होगा। शत्रु पर प्रभाव बनेगा। मान-सम्मान बना रहेगा। वाद विवाद टाले। धन आगमन।

**कर्क :** नए लोगों से मेलजोल बढ़ेगा। कार्य क्षेत्र का विस्तार होगा। परिवार में तनाव रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**सिंह :** साझेदारी के व्यापार में हानि होगी। सत्परामर्श से लाभ होगा। अभाव गस्तता दूर होगी। व्यक्तित्व विकास होगा।

**कन्या :** शारीरिक अरोग्यता रहेगी। सत्कर्म की वृद्धि होगी। संतान चिंता रहेगी। शत्रु पख की प्रबलता रहेगी।

**तुला :** आरोग्य सुख प्राप्ति होगी। राज्य अधिकारीयों का सहयोग मिलेगा। लेनदेन के प्रकरण निबटेगे। सुख साधनों पर खर्च होगा।

**वृश्चिक :** मान-हानि भय रहेगा। व्यापार में सामान्य बाधा रहेगी। व्यय भार में कमी कठिन होगी। सत्परामर्श का लाभ होगा।

**धनु :** कार्य योजना में परिवर्तन करेंगे। लाभप्रद स्थितियां रहेगी। आकस्मात जिम्मेदारी वहन करनी पड़ेगी। मित्र समागम होगा।

**मकर :** आर्थिक योजनाएं सिद्धप्रद होंगी। पुरानी समस्याओं का निवारण होगा। वाणी कौशल से कार्य पूर्ण होंगे। क्रोधाधिक्य त्यागें।

**कुंभ :** मनोरंजन आदि पर अति व्यय सं बचे। अर्था भाव आएगा। परिजनो की चिंता। नए अवसरों को टाले नहीं।

**मीन :** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। संचित कोष बढ़ेगा। जमीन जायदाद की चिंता रहेगी। यात्रा से लाभ होगा।



स्वतंत्र भारत

# सीतापुर और आसपास

लखनऊ, सोमवार, 26 मई 2025 ८



## महापुरुषों एवं वीरांगनाओं के सम्मान के साथ खड़ी है भाजपा-अवधेश श्रीवास्तव

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में सेवता विधानसभा में पुण्य लोक अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बाराबंकी के पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे । उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी इतिहास में योगदान देने वाले सभी महापुरुषों एवं वीरांगनाओं के सम्मान के साथ खड़ी है आज इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी पुण्य लोक अहिल्याबाई होल्कर की ३००वी जयंती को मना रही है और उनके विषय में देश के गांव-गांव में लोगों को उनके सही इतिहास से अवगत कराया जा रहा है इस अवसर पर सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने भी माता अहिल्याबाई होलकर के इतिहास और सनातन की सुरक्षा के लिए किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी माता अहिल्याबाई होल्कर की ३००वीं जयंती मना रही है और इसको लेकर पूरे देश में उनके सम्मान में कार्यक्रम हो रहे हैं जिला सीतापुर में भी पार्टी प्रत्येक विधानसभा में उनके सम्मान में कार्यक्रम कर रही है। मातृशक्ति के लिए रानी अहिल्याबाई होलकर एक प्रेरणा है जिसे भारत कि प्रत्येक बालिका को ग्रहण करना चाहिए। इस अवसर पर सेवता विधानसभा में भाजपा नेताओं द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा भी निकली है कार्यक्रम में सुधाकर शुक्ला पार्टी के मंडल अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता समर्थक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## पेङ से लटकता मिला युवक का शव इलाके में फैली सनसनी

( स्वतंत्र भारत )

अटरिया-सीतापुर। थाना क्षेत्र अटरिया स्थिति गांव मठपुरवा मे एक सनसनीखेज वारदात सामने आई एक नवयुवक का शव पेड़ से झूलता मिला मृतक युवक का नाम सुजीत पिता का नाम स्वर्गीय रमेश है जो सुजीत की मां भी आंखों से देख नहीं पाती है जिसके चलते ओ अपनी बेटी के वहां रहती थी।सूत्रों की मानें तो एक दिन पहले भी यह युवक फंसे से लटकने के लिए उसी पेड़ के नीचे गया हुआ था किन्तु लोगों को इसकी जानकारी होने पर उसे समझा बुझाकर घर वापस लाया गया था किन्तु आज सुबह जब बागवान निरीक्षण करने अपने बाग को गया तो वहां पेङ से लटकता हुआ पाया जिसकी सूचना डायल ११२ पर दी प्राप्त सूचना पर डायल ११२ व स्थानीय थाने के पुलिस फारेसिंक टीम के साथ आकर युवक को पेङ से उतारकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए सीतापुर भेज दिया गया है व पुलिस द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण 31 मई को

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष पर नगर पालिका परिषद द्वारा स्थानीय सीतापुर आँख अस्पताल निकट स्थिति अहिल्याबाई होल्कर की भव्य प्रतिमा का पुनर्निर्माण कराया है नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सहित संपूर्ण राष्ट्र २१ मई से ३१ मई तक अहिल्याबाई होल्कर जी की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष बहुत धूम धाम से मना रहा है नगर पालिका के द्वारा पुनर्निर्माण की गयी अहिल्याबाई होल्कर की भव्य प्रतिमा का अनावरण प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के द्वारा आगामी ३१ मई शनिवार की सुबह नौ बजे किया जाएगा कार्यक्रम मे उपस्थिति रहने के लिए सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण भी भेजा गया है और पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी ने यह भी बताया कि समिति के द्वारा जन्मोत्सव के अवसर पर सभा भी की जाएगी जन मानस से कार्यक्रम मे उपस्थिति रहने का अनुरोध किया गया है।



## वैदिक मंत्रोच्चार संग श्रीहनुमत धर्मशाला का हुआ शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी के चरण पादुका रामघाट में श्रीहनुमत धर्मशाला का लोकार्पण हुआ। सर्वप्रथम विधि-विधान पूर्वक पूजन-अर्चन किया गया। उसके बाद संत-महंतों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्रीहनुमत धर्मशाला का उदघाटन किया। यह धर्मशाला वैष्णव कुलभूषण बाबा हनुमान दास महाराज सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी की पावन पुण्य स्मृति में बनाया गया है। जो आम जनमानस और श्रद्धालु-भक्तों के लिए समर्पित है। श्रीहनुमत धर्मशाला के लोकार्पण अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हनुमानगढ़ी चारों पट्टी के समस्त संत-महंत, नागातीत एवं अयोध्याधाम के सभी संत-महंतों ने सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण किया। अंत में निर्वाणी अनी अखाड़ा के महासचिव आचार्य सत्यदेव दास महाराज द्वारा आए हुए संत-महंत व नागातीतों का स्वागत-सत्कार कर भेंट-विदाई दिया गया। इस अवसर पर निर्वाणी अनी अखाड़ा के महासचिव आचार्य सत्यदेव दास ने बताया वैष्णव कुलभूषण गुरुदेव बाबा



हनुमान दास महाराज की इच्छा थी कि अयोध्यानगरी में श्रद्धालु, भक्तों, यात्रियों और आम जनमानस के लिए कुछ किया जाए। उन्हीं के नाम पर एवं उनके पावन पुण्य स्मृति में यह धर्मशाला बनवाया गया है। जिसे श्रीहनुमत धर्मशाला का नाम दिया है। जो सभी प्रकार की सुविधाओं से सुसज्जित और पूर्णतया वातानुकूलित है। विधि-विधान से पूजन-अर्चन व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ धर्मशाला का उद्घाटन किया गया। उदघाटन के मौके पर बड़ी संख्या में संत-महंत, नागातीत और भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु-भक्त ज्यादा से ज्यादा संख्या में अयोध्या आयें। श्रीहनुमत धर्मशाला में रूक कर अयोध्या धाम में वास का लाभ उठायें। सरयू स्नान कर सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी, कनक भवन, श्रीराम जन्मभूमि समेत अन्य प्रमुख मठ-मंदिरों में दर्शन-पूजन कर पुण्य के भागीदार बनें। साथ ही साथ अपना जीवन धन्य बनायें। यह श्रीहनुमत धर्मशाला श्रद्धालुओं और आम जनमानस के लिए ही समर्पित है।

## सेना के सम्मान मे निकाली नयागांव मे तिरंगा यात्रा

( स्वतंत्र भारत )

कमलापुर-सीतापुर। नयागांव मे आपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए तिरंगा यात्रा निकाली गयी स यात्रा मे भाजपा कार्यकर्ता एवं प्रधान जनक कुमारी सिंह और स्थानीय नागरिक शामिल रहे स प्रधान जनक कुमारी सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर के तहत सीमा पर जाकर आतंक वादियों के ठिकानो को नष्ट किया यह पुरे देश के लिए गर्व की बात है स भाजपा कार्यकर्ता दुर्गेश सिंह ने कहा इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगो मे देश प्रेम की भावना को और मजबूत करना और राष्ट्रीय एकता का संदेश देना है । इस अवसर पर बूथ नंबर चार पर प्रधान नवागांव जनक कुमारी सिंह, भाजपा कार्यकर्ता दुर्गेश सिंह,वेद सिंह प्रधान प्रतिनिधि, सानू सिंह सेक्टर प्रभारी, घनश्याम सिंह बूथ अध्यक्ष, वेद सिंह, यादवेंद्र सिंह , अरविंद सिंह, बबलू सिंह, हरिकरन सिंह, महेश सिंह, राजेश सिंह, अभय सिंह, अमरेश सिंह,प्रशांत सिंह, अमन सिंह, नैमिष सिंह, राघवेंद्र सिंह, लेखराम, कुलदीप सिंह, राम सहाय पाल, संतराम, सहित ग्रामीण मौजूद रहे।





## दहेज लोभियों की भेंट चढ़ी विवाहिता, हुई मौत

( स्वतंत्र भारत )

महमूदाबाद-सीतापुर। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर कदीम गांव में दहेज उत्पीड़न का शिकार हुई विवाहिता की मौत सिर पर डंडे से चोट लगने के कारण हुई थी। पत्नी की मृत्यु हो जाने के बाद पति ने बचने के लिए पत्नी के शव को फंदे से लटका दिया था और ससुरालीजनों को आत्महत्या की झूठी कहानी सुना दी। यही नहीं आनन-फानन में शव को कब्र में दफनाकर मामला रफा दफा कर दिया था। मृतका के पिता ने डीएम और एसपी से मिलकर पीएम कराने की मांग की थी। डीएम के निर्देश के बाद शव को कब्र से निकालकर पीएम के लिए भेजा गया था। पीएम रिपोर्ट में विवाहिता की मौत हेड इंजरी के कारण होना बताया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रामपुर मथुरा के अलायपुर निवासी बकरीदी पुत्र मजनू ने २१ मई को कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया था कि उन्होंने वर्ष २०१७ में अपनी बेटी जाकिरून बानो (३०) का निकाह महमूदाबाद के मोहम्मदपुर कदीम निवासी इसराइल पुत्र मेंहदी के साथ किया था। निकाह के बाद से ही ससुरालीजनों द्वारा बेटी को प्रताड़ित करते थे। १९ मई की रात ससुरालीजनों ने बेटी को बुरी तरह से पीटा जिससे उसकी मौत हो गई। आनन-फानन में ससुरालीजनों ने उसके शव को कब्र में दफना दिया। तहरीर के बाद पुलिस ने मामले में पति समेत चार लोगो पर मुकदमा दर्ज किया था। शुक्रवार को डीएम के आदेश के बाद मृतका के शव को कब्र से निकालकर पीएम के लिए भेजा गया।

## मार्ग दुर्घटना में वृद्ध की मौत

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। घर से पैतेपुर जा रहे वृद्ध को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीररूप से घायल वृद्ध को इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद लाया गया जहां से ट्रामा सेंटर के जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। रामपुर मथुरा के शहरी के गुरू प्रसाद (६५) रविवार की सुबह करीब १० बजे पैदल घर से पैतेपुर जा रहे थे। केदारपुर किसान भट्ठा के पास अज्ञात वाहन ने इन्हें टक्कर मार दी और दुर्घटना को अंजाम देकर वाहन लेकर चालक फरार हो गया। सूचना पर चौकी इंचार्ज पैतेपुर दिनेश सिंह मौके पर पहुंचे और कार्रवाई शुरू की। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है।

## नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के पिता ने ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न कर बेटी को मार डालने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। रामपुर मथुरा क्षेत्र के अलायपुर निवासी बकरीदी पुत्र मजनू ने कोतवाली पुलिस को दिए गऐ प्रार्थना पत्र में बताया कि आठ वर्ष पूर्व अपनी बेटी जाकिरून बानो का निकाह महमूदाबाद के मोहम्मदपुर कदीम निवासी इसराईल पुत्र मेंहदी के साथ किया गया। निकाह के बाद से ही ससुरालीजनों बेटी को प्रताड़ित करते थे। बीते १९ मई की रात ससुरालीजनों ने बेटी को बुरी तरह से पीटा। आरोप है कि ससुरालीजन इस बात से नाराज थे कि मृतका के देवर शकील को शादी में बहुत दहेज मिला था जबकि मृतका के पिता ने हैसियत के हिसाब से दहेज दिया था। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति समेत चार लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## सुरक्षा, सुविधा और विकास की चिंता करते हैं मोदी : अचिन मेहरोत्रा

### भाजपा नेताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विकास के साथ नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा की भी चिंता करते हैं। यही वजह है कि देश के हर क्षेत्र में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। यह बात भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने सीतापुर विधानसभा के सीतापुर नगर मंडल १ के शक्ति केंद्र तामसेनगंज बूथ संख्या २४३ पर कहीं। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुन रहे थे। निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी को महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के काटेझरी गांव की चिंता थी। वहां आजादी के बाद से अब तक बस नहीं पहुंची थी। लेकिन अब उस गांव में बस पहुंच रही है। प्रधानमंत्री ने अपने उदबोधन उस गांव का नाम लिया। सुरक्षा की बात करें हो मोदी जी ने आपरेशन सिंदूर पर बात की। उन्होंने कहा, 'आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, आक्रोश से भरा हुआ है, संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। आपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, 'जिस सटीकता और सटीकता के साथ हमारी सेना ने सीमा पार आतंकवादी ठिकानों को नष्ट किया, वह असाधारण है। आपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है और इस तस्वीर ने पूरे देश को देशभक्ति की भावना से भर दिया है और इसे तिरंगे के रंग में रंग दिया है। पीएम मोदी ने कहा, 'हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया, यह अदम्य साहस था और उसमें शामिल थी, भारत में बने हथियारों, उपकरणों और टेक्नोलाजी की ताकत। उसमें आत्मनिर्भर भारत का संकल्प भी था। हमारे इंजीनियर्स, हमारे टेक्नीशियन हर किसी का पसीना इस विजय में शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'आपरेशन सिंदूर ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। बिहार के कटिहार, यूपी के कुशीनगर और कई अन्य शहरों में उस दौरान पैदा हुए बच्चों का नाम 'सिंदूर' रखा गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मन की बात में हम छत्तीसगढ़ में हुए बस्तर ओलंपिक और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में साइंस लैब पर चर्चा कर चुके हैं। यहां के बच्चों में साइंस का पैशन है। वो स्पोर्ट में भी कमाल कर रहे हैं। ऐसे प्रयासों से पता चलता है कि इन इलाकों में रहने वाले लोग कितने साहसी होते हैं। इन लोगों ने तमाम चुनौतियों के बीच अपने जीवन को बेहतर बनाने की राह चुनी है। मुझे यह जानकार भी बहुत खुशी हुई कि १०वीं और १२वीं की परीक्षाओं में दंतेवाड़ा जिले के नतीजे बहुत शानदार रहे हैं।' पीएम मोदी ने कहा, 'पिछले केवल पांच वर्षों में गुजरात के गिर में शेरों की आबादी ६७४ से बढ़कर ८९१ हो गई है। गुजरात ऐसा पहला राज्य बना, जहां बड़े पैमाने पर फारेस्ट आफिसर के पद पर महिलाओं की तैनाती की गई। आज हम जो नतीजे देख रहे हैं, उसमें इन सभी का योगदान है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'नार्थ ईस्ट की बात ही कुछ और है, वहां का सामर्थ्य, वहां का टेलेंट वाकई अद्भुत है। मोदी जी ने सिक्किम के अलावा, उत्तराखंड के हल्द्वानी निवासी ६५ वर्ष के जीवन जोशी के संघर्ष का जिक्र किया। उन्होंने ड्रोन दीदी का ज़िक्र भी किया। इस मौके पर उपस्थित बृजेश कुमार हरिओम वर्मा उत्तम पांडे दिनेश कुमार अंकुर तिवारी आशु राठौर सुनील कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।



## दादी पोती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

( स्वतंत्र भारत )

महमूदाबाद, सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत देर शाम पोती को लेकर टहलने निकली दादी पोती संग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। वृद्धा के बेटे पंकज वर्मा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर ढूंढने की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। महमूदाबाद क्षेत्र के श्याम मार्केट रामपुर मथुरा रोड निवासी पंकज वर्मा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दो दिन पूर्व उनकी मां विद्यावती (६५) अपनी पोती एंजल पुत्री पंकज को लेकर देर शाम मार्केट में टहलने लगी गई थी। जो काफी देर तक वापस नहीं आई। बेटे के अनुसार विद्यावती मंदबुद्धि है। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर तलाश की जा रही है।

## सर्पदंश से किशोर की मौत

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। सदरपुर के शाहपुर में एंक किशोर की सर्पदंश से मौत हो गई। शाहपुर के चुन्नी लाल (१४) पुत्र रामगोपाल गुप्त बुधवार की दोपहर के बाद अपने जानवरों के लिए खेत से घास लेने गया था। इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उसके दाहिने पैर में काट लिया। परिजनों ने जानकारी होने पर उसे एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया, जहां से उसे गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। गुरुवार को इलाज के दौरान किशोर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की।

## सभी जगहों पर डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कराया जाये-जिलाधिकारी

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जहां-जहां शौचालय निर्माणाधीन हैं, उन्हें तत्काल समयावधि में पूर्ण कराया जाये। निर्माणाधीन शौचालय समय से पूर्ण न होने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन पर जोर देते हुये कहा कि सभी जगहों पर डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कराया जाये, जिससे आमजनमानस को कोई भी परेशानी न हो। साथ ही उन्होंने ए०डी०ओ० पंचायत को निर्देशित किया कि लोगों के जन्म प्रमाण-पत्र का अभिलेख दर्ज रखा जाये, इस कार्य में रूचि न लेने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी भ्रमण करें और सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिये ग्रामीणो, स्कूलों एवं स्वयं सहायता संगठनों को जोड़ा जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला पंचायत राज अधिकारी डा. निरीश चन्द्र साहू, ए०डी०ओ० पंचायत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने सड़क किनारे जा रही वृद्धा को रौंदा, ग्रामीणो ने किया हंगामा

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। महमूदाबाद थाना क्षेत्र के बिलौली तेतारपुर सम्पर्क मार्ग पर मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने सड़क किनारे जा रही वृद्धा को रौंद दिया। वृद्धा की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और बिलौली तेतारपुर सम्पर्क मार्ग पर हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शव को पीएम के लिए भेजने के साथ मामले की जांच शुरू की। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के तेतारपुर गांव की रहने वाली राजेश्वरी (६०) पत्नी रामलखन रविवार की सुबह रिश्तेदारी से वापस अपने घर जा रही थी। बिलौली तेतारपुर सम्पर्क मार्ग पर छोटा धौरहरा गांव के पास सामने से आ रही मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली ने उन्हें रौंद दिया। हादसा इतना दर्दनाक था कि राजेश्वरी का सर ट्राली की पहिये के नीचे आ गया। मृतका के पति ने आरोप लगाया कि ट्रैक्टर नाबालिग चला रहा था। हादसे के बाद ट्रैक्टर ट्राली छोड़ कर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही मृतका के परिजन व ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और हंगामा करने लगे। परिजनों ने चालक को मौके पर बुलाने की मांग रख कर हंगामा काटा। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शव को पीएम के लिए भेजने के साथ मामले की जांच शुरू की।



## छात्रा से सरेराह छेड़छाड़

( स्वतंत्र भारत )

महमूदाबाद-सीतापुर। कस्बे में एग्जाम देकर जा रही छात्रा से सरेराह छेड़छाड़ की गई। छात्रा के शोर मचाने पर आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। सूचना पर पुलिस ने आरोपियों को कस्बे के ही एक बिल्डिंग से पकड़ लिया। बदहवास छात्रा को बेहोशी की हालत में सीएचसी में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बे के एक संस्थान की छात्रा अपने सहेलियों के साथ एग्जाम देकर जा रही थी। रामकुंड चौराहे से कुछ दूर पीछे उसी कालेज के दो छात्र पीछे से आए और छात्रा से छेड़छाड़ करने लगे। छात्रा ने बचने के लिए शोर मचाया तो आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। छात्रा ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों छात्रों को बजाजा चौराहे के पास उनके कमरे से हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम बाराबंकी के साढ़ेमऊ के अभय सिंह और आदि पटेल बताया। दोनों छात्र महमूदाबाद में किराए पर कमरा लेकर पढ़ाई करते हैं। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि आरोपियों को हिरासत में लेकर मामले की जांच की जा रही है।



# डेढ़ वर्ष से फरार रियल स्टेट कारोबारी गिरफ्तार

## कंपनी बनाकर लोगों से की करोड़ों की ठगी, कोर्ट से वारंटी जारी हो चुके थे

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** थाना बारादरी पुलिस ने रिएल स्टेट कारोबारी एवं श्री गंगा इन्फ्रासिटी प्रा. लिमिटेड के डायरेक्टर राजेश मौर्य पुत्र रामदेव मौर्य निवासी चन्द्रगुप्त पुरम कालोनी पीलीभीत बाईपास रोड थाना बारादरी बरेली को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध माननीय न्यायालय से कई गिरफ्तारी वारन्ट जारी हुए थे किन्तु अभियुक्त जानबूझ कर विगत डेढ वर्ष से फरार चल रहा था काफी प्रयास एवं सर्विलान्स आदि के मदद से रविवार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दाखिला वारण्ट बनवाकर जेल भेजा गया। अभियुक्त के विरूद्ध दिल्ली, मथुरा व अन्य जनपदो में भी अभियोग पंजीकृत है। जिसकी जानकारी की जा रही है।



पूछताछ करने पर बताया कि वह मूल रूप से जनपद कुशीनगर का रहने वाला है यहां इसके पिता नगर निगम में ट्यूवल ऑपरेटर के पद पर नियुक्त थे जो वर्ष 2015 में रिटायर्ड हो गये एवं बरेली में ही रहने लगे। वर्ष 2018 में अभियुक्त ने श्री गंगा इन्फ्रासिटी प्रा लि नाम से रिएल स्टेट कारोबार के तहत रजिस्ट्रेशन कराकर कम्पनी का मुख्य कार्यालय रूहेलखण्ड चौकी क्षेत्र में ग्रीन पार्क कालोनी में खोला था तथा थाना भुता क्षेत्र में लगभग 200 बीघा जमीन पर भूखण्ड आवंटन बिक्री हेतु भूमि एग्रीमेन्ट के तहत लिया था, सम्बन्धित लिमिटेड द्वारा 1 वर्ग गज जमीन की कीमत 2500-3000 रूपये रखकर बिक्री करना प्रारम्भ किया। कम्पनी ने अपनी इस स्कीम को प्रचार प्रसार के लिए 200 छोटे बडे ब्रान्च विभिन्न गांव मोहल्ले में खोल रखा था उक्त ब्रान्च का फ्रेन्चाइजी देने के लिए कम्पनी द्वारा उक्त व्यक्ति से 2 लाख रूपये सिक्योरटी मनी जमा कराकर उन्हे प्रत्येक महीने 18000 रूपये नगद वेतन देती थी बदले में शर्त यह था कि उक्त शाखा उन्हे प्रत्येक वर्ष 25 लाख का निवेश बिजनेस देगी। शुरूआत में सब कुछ ठीक चल रहा था किन्तु कम्पनी अपने शर्तो के अनुरूप कार्य नही कर पायी और लोगो को तय राशि का केवल 70 प्रतिशत ही वापस कर पायी किसी किसी को पैसे भी समय पर नही दे पायी और लगभग 200 लोगो का पैसा कम्पनी में बकाया या फंस गया था। कम्पनी ने बकाया के रूप में जिसको चेक दिया था वे भी बैंक में पैसा पर्याप्त न होने के कारण वाउन्स हो गया था। जिनका कम्पनी मे पैसा फंसा या चेक वाउन्स हुआ उसमें प्रमुख रूप से अनिल शाहू, राजीव गुप्ता, संजीव गुप्ता आदि लोग थे। कंपनी के खिलाफ उस समय काफी लोगो द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया था जिसके बाद विभिन्न तिथियो में विभिन्न थानो पर कम्पनी के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किये गये थे तथा गैंगस्टर की कार्यवाही भी की गयी थी जिसमें अभियुक्त तथा उसका पूरा परिवार जेल गया था। जमानत के बाद मुख्य डायरेक्टर एनआई एक्ट के मुकदमें में जारी वारण्ट से फरार चल रहा था जिसको गिरफ्तार गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रनि धनन्जय कुमार पाण्डेय, उनि धर्मेन्द्र विश्नोई चौकी प्रभारी जोगी नवादा, हेका राजू , का पवन नागर मौजूद रहे।

# प्लॉट पर अवैध कब्जा कर निर्माण करा रहे दबंग प्रेमनगर पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल

## पीड़ित ने अपर पुलिस महानिदेशक, को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** जिले में भूमाफियाओं की दबंगई का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां अमित अग्रवाल नामक व्यक्ति ने अपने प्लॉट पर अवैध कब्जे और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली को एक पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है, जिसमें उन्होंने स्थानीय पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। यह मामला न केवल व्यक्तिगत संपत्ति के हनन का है, बल्कि कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।



अमित अग्रवाल, जो मोहल्ला साहूकारा, थाना फतेहगंज पश्चिमी के निवासी हैं, उन्होंने अपने पत्र में बताया कि उन्होंने गुलमोहर पार्क, राजेंद्र नगर में खसरा नंबर 97 डी के अंतर्गत प्लॉट नंबर 3 और 4, दोनों 180.60 वर्गमीटर, क्रमशः 5 अप्रैल 2024 और 19 जनवरी 2024 को रजिस्टर्ड बैनामे के जरिए खरीदे थे। इन प्लॉटों पर निर्माण के लिए उन्होंने बैंक से ऋण स्वीकृति भी प्राप्त की थी। लेकिन 24 मई 2025 को जब वह अपने प्लॉट पर पहुंचे, तो पाया कि विशाल चौधरी, विभूति सिंह यादव, विक्रम यादव, बलवंत सिंह उर्फ बंटी, राजेंद्र सिंह और तरुण त्यागी ने अवैध रूप से निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। विरोध करने पर इन लोगों ने अमित को मां-बहन की गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित ने तुरंत डायल 112 पर शिकायत दर्ज की, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवाया और आरोपियों को थाना प्रेमनगर ले गई। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि अगले ही दिन, 25 मई 2025 को, थाना प्रेमनगर पुलिस की मौजूदगी में आरोपियों ने फिर से निर्माण कार्य शुरू कर दिया। अमित का आरोप है कि पुलिस की मिलीभगत से यह अवैध कब्जा हो रहा है। पीड़ित ने यह भी बताया कि उक्त लोग उनके प्लॉट को खसरा नंबर 93 डी और 95 डी का बताकर जबरन कब्जा कर रहे हैं। इस मामले में दो मुकदमे, मूलवाद संख्या 357/2025 और 258/2025, बरेली की एसीजेएम 7 कोर्ट में विचाराधीन हैं।

अमित ने अपर पुलिस महानिदेशक से अनुरोध किया है कि उनके प्लॉट को कब्जामुक्त कराया जाए और आरोपियों के खिलाफ कठोर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए। इस पत्र को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी साझा किया गया है, जिसके बाद पुलिस अधिकारियों ने थाना प्रेमनगर को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। यह मामला बरेली में भूमाफियाओं की बढ़ती दबंगई और प्रशासनिक निष्क्रियता को उजागर करता है, जिस पर आमजन की निगाहें टिकी हैं।

# बिथरी विधायक के अगुवाई में बल्लिया में निकली तिरंगा यात्रा

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** बिथरी चैनपुर विधायक डाक्टर राघवेंद्र शर्मा की अगुवाई में रविवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें क्षेत्र के अनेक लोगों ने भाग लिया। यात्रा की शुरुआत बल्लिया कस्बा के गीता पैलेस से शुरू हुई और समापन कस्बे के आखिरी छोर पर किया गया। बिथरी चैनपुर विधायक डॉ राघवेन्द्र शर्मा ने कहा कि अब भारत आतंकी हमले के बाद चुप नहीं बैठता है। बल्कि हमारी सेना पाकिस्तान के घर में घुसकर मारती है। प्रधानमंत्री ने सेना को छूट दे रखी है। हमारी सेना पाकिस्तान को ऐसा जख्म दिया है कि वह अभी भी कराह रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बिजेंद्र शर्मा, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा राजू उपाध्याय ने की। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि वेद प्रकाश यादव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अरविंद सिंह चौहान प्रतिनिधि हरेंद्र सिंह पटेल, राहुल दीक्षित, गिरीश गुप्ता, शिवकुमार साहू,शैलेन्द्र वर्मा, दिनेश जायसवाल टिंकू, राजीव गुप्ता राजू, पंडित सर्वेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, रिंकू गुप्ता, मनोज गुप्ता, नरेश उपाध्याय, रितेश पटेल, रामकुमार सिंह, विनीत चौबे, सत्यप्रकाश गुप्ता, संजीव पाठक प्रधान, कृपाल सिंह, संदीप मिश्रा, ठाकुर कौशल सिंह, अमित शर्मा, अनिल कश्यप,आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने यूपीएससी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने आज संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सर्विसेज -2025 की प्ररम्भिक परीक्षा को सकुशल व शुचिता के साथ सम्पन्न कराने जे उद्देश्य से विभिन्न परीक्षा केन्द्रो का निरिक्षण किया।

जिलाधिकारी ने तिलक इण्टर कालेज, मनोहर भूषण इण्टर कालेज, गुलाब कालेज में बनाए गये परीक्षा केन्द्रो का निरिक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षार्थी शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा देते हुए पाए गये। जिलाधिकारी द्वारा कन्ट्रोल रुम आदि के माध्यम से भी परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया गया, जिसमें सभी कैमरे संचालित पाये गये। इस अवसर पर सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्यो व अन्य संबंधित स्टॉफ को निर्देश दिये कि परीक्षा हेतु निर्धारित नियमों का उचित प्रकार से अनुपालन किया जाए तथा परीक्षा सकुशल, शांतिपूर्ण एंव नकलविहीन सम्पन्न करायी जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे सहित समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# बरेली कॉर्पोरेट लीग में जारिया कलेक्शन ने प्रो स्ट्राइकर को हराया

-स्वतंत्र भारत-





**बरेली।** डी जी इंफ्रा ग्रुप के तत्वाधान में श्री राम मूर्ति स्मारक क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे बरेली कॉर्पोरेट लीग में आज लारिया कलेक्शन व प्रो स्ट्राइकर्स के मध्य खेला गया। जिसमे लारिया कलेक्शन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जारिया कलेक्शन ने हेमंत बिष्ट के 60 व नासिर रजा के 34 रनों की मदद से 20 ओवर में 161 रनों का लक्ष्य प्रो स्ट्राइकर के समक्ष रखा।प्रो स्ट्राइकर्स की ओर से प्रसून गंगवार ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रो स्ट्राइकर्स की टीम 18.4 ओवर में 129 रन बनाकर आल आउट हो गयी। जिसमें कामरान ने सर्वाधिक 52 रन बनाये।जारिया कलेक्शन ने यह मैच 31 रनों से जीत लिया। जारिया की ओर से इरफान घोसी ने 3,नासिर व यामीन ने 2-2 विकेट लिए। हेमंत विष्ट को मैन ऑफ द मैच दिया गया।

इस अवसर पर एस आर एम एस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, डॉ कोमल सिंह बिष्ट, शशांक रस्तोगी, रियाज अफरीदी, शुभम कौशिक, अतुल यादव, जारिया कलेक्शन के मालिक जहीर उद्दीन आदि उपस्थित रहे। आज के मैच के अंपायर संदीप पाल व पिंटू सिंह थे तथा स्कोरिंग अनूप गुप्ता ने की।

# संक्षिप्त समाचार

## पूरनपुर रेलवे स्टेशन पर नई दिल्ली-ऐशबाग ट्रेन का अतिरिक्त ठहराव

**बरेली।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को मद्देनजर रखते हुए 04050/04049 नई दिल्ली-ऐशबाग-नई दिल्ली आरक्षित विशेष गाडियों का पुरनपुर रेलवे स्टेशन पर 5 मिनट का अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। फलस्वरुप 25 मई से 13 जुलाई 2025 तक नई दिल्ली से प्रत्येक शुक्रवार, रविवार को चलने वाली गाड़ी संख्या 04050 पूरनपुर रेलवे स्टेशन पर 06.30 बजे पहुंच कर 06.35 बजे छूटेगी। इसी प्रकार वापसी यात्रा में 26 मई से 14 जुलाई 2025 तक ऐशबाग से प्रत्येक शनिवार, सोमवार को चलने वाली 04049 विशेष गाड़ी पूरनपुर रेलवे स्टेशन पर 23.50 बजे पहुँचकर 23.55 बजे छूटेगी।

पहले से चलाई जाने वाली 05030/05029 लालकुआं-वाराणसी सिटी-लालकुआं आरक्षित विशेष गाड़ियों का भी पुरनपुर रेलवे स्टेशन पर 5 मिनट का अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। 25 मई 2025 को लालकुआं से चलने वाली गाड़ी संख्या 05030 पूरनपुर रेलवे स्टेशन पर 14.10 बजे पहुंच कर 14.15 बजे छूटेगी। इसी प्रकार वापसी यात्रा में 26 मई 2025 को वाराणसी सिटी से चलने वाली 05029 विशेष गाड़ी पूरनपुर रेलवे स्टेशन पर 03.43 बजे पहुँचकर 03.48 बजे छूटेगी।

## लखनऊ हाईवे पर रोलर से टक्कर लगने पर बाइक सवार हुआ घायल



**फतेहगंज पूर्वी।** लखनऊ हाईवे पर आज दोपहर एक बजे के करीब सिमरा गांव के सामने एक रोलर के पीछे से बाइक सवार टकरा गया जिसके गम्भीर चोटें आई हैं। पुलिस ने बताया कि बाइक सवार अमन निवासी यासीन असीलपुर मेरठ सीतापुर जा रहा था तभी उसकी मोटरसाइकिल रोलर के पीछे टकरा गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को बरेली एम्बुलेंस द्वारा इलाज के लिए भिजवाया है। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि एक्सीडेंट में घायल व्यक्ति को बरेली अस्पताल इलाज हेतु भिजवाया है।

## बाइक सवार छीनकर ले गए महिला का पर्स, रिपोर्ट दर्ज

**फरीदपुर।** अपनी ससुराल से पत्नी की विदा करा कर बाइक से अपने घर जा रहे दंपति की पत्नी का पर्स छीन कर बाइक सवार दो बदमाश भाग गए दंपति ने थाना पुलिस को घटना की तहरीर देकर दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना बिथरी चैनपुर के गांव उमरिया निवासी रियासत पुत्र हसमत ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि वह शुक्रवार को अपनी पत्नी की विदा करने के लिए फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव पचौमी अपनी बाइक से गया हुआ था। वह शाम को अपनी पत्नी की विदा करा कर वापस अपने घर जा रहा था तभी शाम समय लगभग 7:40 पर जैसे ही वह जनता होटल के पास पहुंचा ही था तभी बाइक सवार दो अज्ञात बदमाश आए और मेरी पत्नी के कंधे पर टंगा पर्स को झपट्टा मार कर छीन कर फरार हो गए पर्स में कुछ जेवर और लगभग 10000 नकद रखे हुए थे। दंपति ने थाना पुलिस को घटना की तहरीर देकर दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## बस की टक्कर से छोटा हाथी सड़क पर पलटा, कई लोग घायल



**फरीदपुर।** दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर वृंदावन रेस्टोरेंट के समीप भट्टे की लेबर लेकर तिलहर जा रहे छोटा हाथी को पीछे से आ रही बस ने टक्कर मार दी जिससे छोटा हाथी पलट गया जिसमें पीछे बैठी कई लोग घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने दौड़कर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को थाना कैंट के गांव ठिरिया निवासी छोटा हाथी चालक नादिर खां अपने बाहन से बाबा भट्टा ग्राम उडला जागीर थाना बिथरी से लेबर को लेकर तिलहर जा रहा था जैसे ही वह वृंदावन रेस्टोरेंट के समीप पहुंच ही था की पीछे से तेज गति से आ रही एक बस ने उसे टक्कर मार दी जिससे छोटा हाथी रोड पर पलट गया और उसमें बैठी सवारियां चीख पुकार करने लगी। चीख पुकार सुनकर मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर छोटा हाथी को रोड से हटवाया और रोड पर लगे जाम को खुलवाया इस घटना में राजेश कश्यप उनकी पत्नी, दो लड़कियां व एक पुत्र घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया।

## श्री हरि मंदिर प्रबंध समिति की ओर से लगातार चल रही छबील सेवा

**बरेली।** श्री हरि मंदिर प्रबंध समिति बरेली एवं महिला मंडल बरेली द्वारा एकादशी के पवन पर्व पर सोमवार को पच्चीसवें दिवस शरबत की छबील सेवा मंदिर के मुख्य द्वार पर हुई। मंदिर सचिव रवि छाबड़ा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री ठाकुर जी अपार कृपा से भीषण गर्मियों में श्री हरि मंदिर प्रबंध समिति एवं महिला मंडल द्वारा राहगीरों,स्कूली बच्चों व आम जनता के लिए रोज दोपहर 12.30 बजे से शरबत का छबील सेवा श्री हरि मंदिर मुख्य द्वार पर चल रही है जो कि प्रभु इच्छा तक चलेगी।

# भीम आर्मी ने मीरगंज में दलित, मुस्लिम एवं पिछड़ा वर्ग महासम्मेलन किया आयोजित

## प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलदीप भार्गव ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** मीरगंज क्षेत्र में रविवार को भीम आर्मी द्वारा एक भव्य दलित, मुस्लिम एवं पिछड़ा वर्ग महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भीम आर्मी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलदीप भार्गव उपस्थित रहे।



कार्यकर्ताओं ने सिंधौली चौराहे पर सैकड़ों की संख्या में एकत्र होकर डॉ. भार्गव का भव्य स्वागत किया। जनसैलाब के साथ निकाले गए रोड शो के माध्यम से वे कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे, जहां उपस्थित जनसमूह ने उनका जोरदार अभिनंदन किया।

अपने संबोधन में डॉ. भार्गव ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा, गांव-गांव की जनता भाजपा की अत्याचारपूर्ण नीतियों और गुंडागर्दी से त्रस्त है। अब वक्त आ गया है कि भीम आर्मी का हर कार्यकर्ता जनता के सुख-दुख में सहभागी बनकर उन्हें भाजपा के चंगुल से मुक्त कराए। उन्होंने 2026 के पंचायत चुनाव को परिवर्तन का अवसर बताते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस बार भाजपा को करारा जवाब देना है।

सम्मेलन में भीम आर्मी के प्रदेश महासचिव एडवोकेट विकास बाबू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अतुल वाल्मीकि, जिला अध्यक्ष सुशील कुमार गौतम, दुर्वेश अली अंसारी, तहसील अध्यक्ष अंकित सागर, विधानसभा अध्यक्ष रवि चौधरी, सिद्धांत गौतम, राहुल गंगवार, विपिन कुर्मी, पवन गंगवार, मंजू देवी, जफर खान, पिंटू सागर, सौरभ भारतीय, सुरेश कोरी, शंकर वाल्मीकि, सोनू सागर, भरत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सामाजिक एकता, शिक्षा, आरक्षण, राजनीतिक भागीदारी एवं उत्पीड़न के विरुद्ध संघर्ष जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

# खरदाह इलाका गजनेरा में चोर दीवार काटकर नकदी समेत आभूषण लेकर फरार

## शादी वाले घर में चोरी होने से लोगों में भारी नाराजगी

-स्वतंत्र भारत-

**भुता।** थाना क्षेत्र के ग्रामों में अभी भी चोरी होने का सिलसिला हम नहीं रहा है। क्षेत्र के ग्राम खरदाह इलाका गजनेरा में शनिवार रात चोरों ने फिर किसान के घर में नकब लगाकर सोने चांदी के आभूषण ब कपड़े 20000 नगदी सहित लाखों रुपए का सामान चोर चुरा ले जाने में सफल रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस चोरों की तलाश करती रही है, लेकिन कोई चोर हाथ नहीं आया। पीड़ित ने तहरीर देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है। खरदाह इलाका गजनेरा में राजकली पत्नी ओमप्रकाश ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार की रात परिवार के साथ सो रहे थे। तभी रात्रि में पीछे से कमरे में नकब लगाकर बक्सा एवं अलमारी का ताला तोड़कर 20000 नगद पांच पैंडल का हार, एक पेंडल का हार, एक टीका, एक बेसर, दो अंगूठी, झाले, एक जोड़ी कुंडल, एक जोड़ी चकरी पायल, कमर का बिछुआ, एक जोड़ी पतली पायल, शादी के कपड़े ,जेंट्स एवं लेडिस के कपड़े सहित सामान को चुरा ले गए। पीड़िता ने बताया कि उसके घर परिवार में रविवार को बारात भी है, शादी का सारा सामान घर में रखा हुआ था।



लगातार क्षेत्र के ग्रामों में चोर बेखौफ होकर चोरों का गिरोह पुलिस को खुली चुनौती दे रहा है। लेकिन पुलिस अभी तक किसी भी चोरी का खुलासा नहीं कर पाई है। लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में पुलिस के प्रति भारी आक्रोश पनप रहा है।

इधर थाना प्रभारी भारत सिंह ने बताया कि चोरी की घटना की सूचना मिली है पुलिस टीम लगा दी गई है जल्दी चोरों को पकड़कर जेल भेजा जाएगा। पिछले दिनों व्यापार मंडल ने क्षेत्र में हो रही चोरियों की रोकथाम को लेकर थाना प्रभारी को एक ज्ञापन भी दिया था। लेकिन उसके बावजूद भी पुलिस चोरों को पकड़ने में निष्क्रिय साबित हो रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की हुई मौत

-स्वतंत्र भारत-



**भुता।** थाना क्षेत्र के ग्राम सहजन पुर में कृष्णकुमार मिश्रा उम्र लगभग 50 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत। सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरोसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

मृतक के छोटे बेटे शोभित ने बताया मेरे पिता सुबह लगभग 7बजे घर से निकल गए थे। इसी दौरान बारिश भी होने लगी थी। बारिश रुकने के पश्चात लगभग सुबह 10बजे मैंने देखा। कि मेरे पिता गांव में बनी मेरे रिश्तेदार की झोपड़ी में मेरे पिता का शव पड़ा हुआ था। उनके गर्दन पर घाव का निशान था। जिससे काफी खून निकल रहा था। शव को देख शोभित की चीख पुकार सुन आसपास के ग्रामीण भी इकट्ठे हो गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर साक्ष्य एकत्र कर लिए हैं।

मृतक कृष्ण कुमार मिश्रा गांव में पंडिताई आदि काम किया करते थे। मृतक के दो बेटे व एक बेटी है। अचानक मौत से मृतक की पत्नी अनीता देवी का रो रो कर बुरा हाल है।

ग्रामीणों के मुताबिक मृतक कृष्ण कुमार मिश्रा के एक महीने पहले मोटरसाइकिल से एक्सीडेंट होने के कारण दोनों हाथों में चोट व पट्टी बंधी हुई थी। वह अपने हाथों से कोई कार्य आदि नहीं कर पाते थे। घटना स्थल पर पुलिस को किसी तरह के संघर्ष व बचाव आदि के साक्ष्य भी नहीं मिले हैं। इसलिए पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है। इसलिए मौत का स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। थाना प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह का कहना हैं कि शव को शील करके पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट होने पर अग्रीम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# आर्य समाज मंदिर की टीम ने उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रधानाध्यापिका को सम्मानित किया



-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** नगर के आर्य समाज मंदिर फरीदपुर में चल रहे साप्ताहिक यज्ञ के उपरांत किशोर चंद कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाध्यापिका श्रीमती बीनू सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए आर्य समाज मंदिर के प्रधान विजय बहादुर गौड़ की टीम द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा आर्य समाज एक संगठन नहीं बल्कि विचारधारा है यह एक ऐसा आंदोलन जो सत्य धर्म और समाज सेवा के मूल्य पर आधारित है स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा स्थापित यह संस्था आज भी शिक्षा सामाजिक सुधार और वैदिक संस्कृति के प्रचार प्रसार में अग्रणी भूमिका निभा रही है। आर्य समाज हमें सिखाता है कि जीवन में केवल पूजा नहीं, बल्कि सेवा समानता और सत्य के मार्ग पर चलना ही सच्चा धर्म है, यह संस्था नारी शिक्षा बाल विवाह उन्मूलन और अंधविश्वास के खिलाफ हमेशा से उठती आई है ,सच कहूं तो आर्य समाज हमारे समाज का एक उज्जवल दीपक है, जो अज्ञान के अंधकार को दूर करने में निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर राम नरेश गौड़, भूदेव तोमर, मनुवीर सिंह, श्यामलाल कश्यप विजेंद्र गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, सोहनलाल, अजय जयसवाल, सुधीर अग्रवाल, सत्य देव शास्त्री, ओमकार कठेरिया पर्वत सिंह आदि सनातन प्रेमी उपस्थित रहे।

# गर्मी में चिड़ियों - परिंदों की करें सेवा सकोरा बांटकर लोगों को जागरुक किया

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** गर्मी के मौसम में चिड़ियों, परिंदों को पानी और दाना की कमी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को दूर करने के लिए विश्व जागृति मिशन बरेली मंडल द्वारा चिड़ियों के लिए दाना और सकोरा बांटने का अभियान शुरू किया है।

इस अभियान के तहत आज श्री भारत माता मंदिर राजेंद्र नगर से इस कार्यक्रम की शुरूआत महामंत्री पवन कुमार अरोड़ा द्वारा चिड़ियों के लिए दाना और पानी के सकोरा बांटकर की गई।

विश्व जागृति मिशन बरेली मंडल के उप प्रधान संजय गर्ग ने कहा कि गर्मी के मौसम में चिड़ियों को बहुत परेशानी होती है। हमारा उद्देश्य है कि हम चिड़ियों परिंदों की मदद करें और उन्हें गर्मी से राहत दिलाएं । कार्यक्रम को सफल बनाए में संयोजक संदीप मेहरा, नरेंद्र नाथ खुराना, महेंद्र पाठक, महेंद्र गंगवार, विजय अग्रवाल, प्रमोद सक्सेना, शिवम सिंह, वेद अरोड़ा,





संजीव अग्रवाल, पंडित रवि पांडे, सुदर्शन सिंह बिष्ट, राजकुमार चोपड़ा ,राकेश गुप्ता, राजीव शर्मा का सक्रिय सहयोग रहा।

श्री भारत माता मंदिर में मंजू गोयल के सानिध्य में श्री सुंदरकांड का पाठ किया गया। जिसमें सभी श्रद्धालुओं गुरु भाई बहनों ने बढ़- चढ़ कर भाग दिया। सुंदर कांड पाठ के साथ में महिला प्रधान ममता गर्ग, वंदना अग्रवाल, सविता अरोड़ा, रश्मि अग्रवाल, शांति बिष्ट, मंजू गोयल, वंदना अग्रवाल, गीता जोशी कृष्ण अरोड़ा करुणा सक्सेना, नीरेश महेश्वरी, निर्मल सिंह, इंदिरा खंडेलवाल, मंजू अग्रवाल का सहयोग प्राप्त हुआ।

# सोशल मीडिया पर देश के बारे में नकारात्मक बातों का करें खंडन

## ● एसपी जादौन ने मेधावियों को दिए मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र

स्वतंत्र भारत





**हरदोई।** स्वामी कल्याणानंद पीजी कॉलेज द्वारा जनपद के 12वीं कक्षा के उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं को बाल विद्या भवन में प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पुलिस अधीक्षक को हर्षवर्धन सिंह ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

स्वामी कल्याणानंद पीजी कॉलेज के प्रबंधक एवं स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत समन्वयक हर्षवर्धन सिंह ने जनपद के 12 वीं कक्षा में उत्तीर्ण मेधावी छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि नीरज कुमार जादौन द्वारा सम्मानित कराया। विशिष्ट अतिथि के रूप में बाल विद्या भवन की डायरेक्टर एवं आरआर इंटर कॉलेज की प्रबंधिका श्रीमती कीर्ति सिंह, राजेश सिंह चैहान, जिला कार्यवाहक संजीव खरे, स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक अवनीश द्विवेदी एवं प्रांत समन्वयक हर्षवर्धन सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस अधीक्षक द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ। आकांक्षा गुप्ता ने सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच का संचालन कवि श्याम त्रिवेदी ने किया। हर्षवर्धन सिंह ने संस्थान के बारे में विस्तार से बताया।

स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक अवनीश द्विवेदी ने कहा कि लर्निंग के साथ अर्निंग भी जरूरी है स्वदेशी अपना कर स्टार्टअप शुरू करें जिससे बेरोजगारी को दूर किया जा सकता है अपने स्वदेश की उत्पादित वस्तुओं का ही प्रयोग करें। जिला कार्यवाह संजीव खरे ने बताया कि बच्चों में संस्कारिक शिक्षा देना जरूरी है संस्कार युक्त शिक्षा से ही बच्चों का राष्ट्र निर्माण संभव है। पुलिस अधीक्षक ने मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित करते हुए कहा कि जो बच्चे अच्छे नंबर लाए हैं,वे पढ़ाई में अपने आपको नियमित रखें। श्री जादौन ने कहा कि छात्रों को अनुशासन और सुनने की प्रतिभा आनी चाहिए। कौआ की तरह चतुर,बगुला की तरह ध्यान करने वाले,स्वान की तरह कम निंद्रा,तथा कम खाने वाला, ग्रह का त्याग करने वाले ही विद्यार्थी के पांच लक्षण हैं। विकास पूर्ण संसाधनों से ही नहीं होता है नियमों के परिपालन से होता है, छोटे बच्चों को आप सिखा सकते हो,हमें फंडामेंटल राइट्स अधिकारों के साथ कर्तव्य की भावना भी आनी चाहिए। जाति ,भेदभाव की संकीर्णता से विद्यार्थियों को निकलकर राष्ट्र प्रेम की भावना को व्यक्त करना चाहिए। अच्छे विचार कहीं से भी ग्रहण करना चाहिए। अपने देश के बारे में फैलाई जा रही नकारात्मकता से सावधान रहें और अपने जीवन को कठिन बनाएं। सोशल मीडिया पर जो नॉरेटिव बनता है,देश ,पीएम के बारे में गलत, कहे,उसे सोशल मीडिया के माध्यम से मर्यादित जवाब दें, देश में सकारात्मक वातावरण बनाने में उन बातों का काउंटर करें। कीर्ति सिंह ने कहा कि अपने माता-पिता और गुरुओं का सम्मान करें, वह आपको क्या क्या शिक्षा ना दे,सिखा दे ,बना दे, यह प्रेरणा आनी चाहिए,गुरु यही चाहता है। मेधावी छात्रों अच्युत शुक्ला 94.8 प्रतिशत, दीपेंद्र कुमार सिंह 93.8 प्रतिशत, अखिल कुमार सिंह 93.25 प्रतिशत, अंश प्रताप सिंह 92.8 प्रतिशत, मोहम्मद अनस 92.75 प्रतिशत ,साक्षी सिंह 92.25 प्रतिशत, श्रद्धा देवी 91.4 प्रतिशत ,नितिन कुमार 90.5: प्रतिशत,गिरिराज 90.25 प्रतिशत, जयंती श्री मिश्रा 88.25 प्रतिशत,जाह्नवी सिंह 88.6 प्रतिशत,अनुभव सिंह 87.25 प्रतिशत, यशी गुप्ता 87.2 प्रतिशत, राशि गुप्ता प्रतिशत वाले और अन्य विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। हर्षवर्धन सिंह ने पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए टिप्स का उपस्थित छात्रों से आह्वान किया कि वह उनकी बातों का अनुसरण और चिंतन करें। आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## पास्को एक्ट का आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**हरदोई।** बघौली थाना क्षेत्र में पन्द्रह दिन पूर्व एक युवक द्वारा एक किशोरी से अभद्र व्यवहार करने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 9 मई को किशोरी के पिता द्वारा थाना बघौली पर तहरीर दी गयी कि प्रवीण पुत्र मिश्रीलाल निवासी ग्राम बरौली थाना बघौली द्वारा उसकी पुत्री के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। इस संबंध में थाना पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के दौरान पास्को एक्ट की वृद्धि कर आरोपी की तलाश शुरू की थी। थाना बघौली के उपनिरीक्षक धर्मराज और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी को गिरफ्तार जेल भेज दिया गया ।



## कलियुग में मानव जीवन का आधार है सत्संग-अनूप ठाकुर महाराज

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** हरदोई के ग्राम मिरकापुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिवस में असलापुर धाम से पधारें सुप्रसिद्ध कथावाचक अनूप ठाकुर जी महाराज ने कहा कि सत्संग से बढ़कर जीवन में कुछ भी नहीं। सत्संग से लोक-परलोक दोनों सुधर जाते हैं। सत्संग ही मानव जीवन का आधार है! उन्होंने कहा कि अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। अपने निज रूप को भूलकर नश्वर देह और भौतिक सुख संसाधनों को अपना मान लेना अहंकार है। इस अहंकार की वजह अविद्या और अज्ञानता है। जब हमें भगवत शरणागति का ज्ञान होता है तब यह अविद्या और अज्ञानता स्वतरू मिट जाती है और अहंकार समाप्त हो जाता है। व्यास अनूप ठाकुर ने कंस वध के विषय पर कहा कि अधर्म का नाश कर धर्म की रक्षा करने के संकल्प के साथ ही भगवान इस धरती पर अवतरित हुए थे। उन्होंने अपने मामा कंस का वध करके बुराई पर अच्छाई का अधर्म पर धर्म का संदेश दिया। कंस मन का प्रतीक है, आज भी वह प्रत्येक मानव को बुराईयों की ओर ले जा रहा है। अनूप महाराज ने कहा कि मन शिक्षा से नहीं बल्कि दीक्षा से नियंत्रित होता है। मनुष्य की मन, बुद्धि और सोच के अनुसार धर्म की अनेक परिभाषाएं है, पर ये परिभाषाएं भी मानव मन को बदलने में असमर्थ है। इसलिए आवश्यकता है श्रीकृष्ण जैसे गुरु की शरण में जाने की वहीं इस मथुरा रुपी देह में ईश्वर का प्रगटीकरण करते है और तभी मन रूपी कंस की समाप्ति होगी! इस मौके पर परिक्षित शिवानी नंदकिशोर राठौर, लालाराम पांडे, सूरज तिवारी, वीरू सिंह, अजीत सिंह, अमन सिंह, सत्यम सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, दुर्गेश सिंह , विजय सिंह, बलवीर सिंह समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहें मौजूद रहें!



## सीएमओ ने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने की रिपोर्ट दर्ज करवाई

### ● कछौना सीएचसी अधीक्षक के तबादले को लेकर सीएमओ से की थी अभद्रता

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** सीएचसी कछौना के अधीक्षक का डीएम की संतुति पर स्थानांतरण करने पर कछौना कस्बे के एक व्यक्ति द्वारा सीएमओ ऑफिस जाकर उनसे अभद्र भाषा में बात करने पर सीएमओ ने कोतवाली देहात में आरोपी के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। सीएमओ डा रोहिताश कुमार के अनुसार 19 मई को प्रेमलता गुप्ता पत्नी हरप्रसाद गुप्ता निवासी मो ठाकुरगंज कछौना एवं सविता देवी स्टाफ नर्स (संविदा) ने जिला अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर डा रजनीश कुमार अधीक्षक सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र कछौना के विरुद्ध शिकायत की जिसके क्रम में जिला अधिकारी के द्वारा मोबाईल पर डा रजनीश कुमार को तत्काल कछौना से हटाये जाने के निर्देश दिये गये जिसके अनुपालन में उनका का स्थानान्तरण अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कछौना से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भरखनी किया गया किन्तु डा रजनीश कुमार द्वारा अभी तक आदेश का अनुपालन नहीं किया तथा स्थानान्तरण निरस्त कराये जाने हेतु अनावश्क दबाव बनाया, जिला अधिकारी द्वारा जांच कराकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित भी किया गया है, 24 मई को अपरान्ह 03.45 बजे से 04.00 बजे के मध्य दुर्गेश सिंह पुत्र विजय बहादुर निवासी दीन नगर कछौना सीएमओ कार्यालय में उनके कक्ष में अचानक आये और उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों के समक्ष अभद्रता की और अधीक्षक का तबादला स्थगित करने का दवाब बनाया।ऐसा न करने पर देख लेने की धमकी देते हुये चले गये, उनकी इस अभद्रता से कार्यालय के राजकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। सीएमओ ने लिखित तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई है।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सीएमओ हरदोई द्वारा किए गए तबादले निरस्त

हरदोई। सीएमओ हरदोई द्वारा मनमाने ढंग से किए गए तबादलों को निदेशालय द्वारा निरस्त करने से बड़ा झटका लगा है।अपर निदेशक स्वास्थ्य ने आदेश जारी कर 15 मई से अब तक सीएमओ द्वारा किये गए समस्त तबादलों का आदेश रद्द कर दिया है। हालांकि 31 मई को सीएमओ हरदोई रोहताश कुमार रिटायर हो रहे हैं और अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में सीएमओ ने अधीक्षकों सहित तमाम स्वास्थ्यकर्मियों का तबादला कर दिया था। ये तबादले विभाग में चर्चा का विषय बने थे, पर अब वो कर्मचारी आ गए हैं जो अपने मनचाहे स्थान के लिए मिठाई आदि हेतु बुकिंग करा चुके थे।

### दबंगों ने मारपीट कर घायल किया

**शाहाबाद हरदोई।** अनुराग रावत पुत्र श्रीनिवास के अनुसार 21 मई को शाम 5 बजे प्रार्थी अपने घर में था उसी समय शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दिलेर गंज निवासी सूरज, अनु, कोमल, रूबी उसके घर पर आए और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से पीटने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## किशोरी से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**हरदोई।** अतरौली थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व एक दलित किशोरी के साथ गलत कार्य किए जाने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 20 मई को किशोरी के पिता द्वारा थाना अतरौली पर तहरीर दी गयी कि अभियुक्त लाला पुत्र केशन निवासी ग्राम जैतखेडा थाना अतरौली द्वारा उसकी पुत्री के साथ गलत कार्य किया गया। इस संबंध में पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध दलित और पास्को एक्ट सहित दुष्कर्म की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी। थाना अतरौली के उपनिरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।जहां से उसे जेल भेज दिया गया।




## रानी अहिल्याबाई होलकर भारत की नारी जाति के लिए गौरव

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर जन्म की शताब्दी समारोह अभियान के अंतर्गत हरदोई सदर बिलग्राम मल्लावां गोपामऊ तथा संडीला विधानसभा में पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन संपन्न हुए।

जेके ग्रैंड रिसॉर्ट में संपन्न हरदोई सदर विधानसभा के सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा मौजूद रही विशिष्ट अतिथि विधायक सदर विधायक एवं आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल रहे तथा अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने की संचालन आईटी प्रमुख सौरभ सिंह गौर ने किया।

संडीला नगर में आयोजित पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप सण्डीला की जन प्रिय विधायिका अलका अर्कवंशी व सम्मेलन संयोजक महेन्द्र कुमार सोनी जिला संयोजक एन.जी.ओ प्रकोष्ठ सहित पार्टी के सम्मानित मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्तागण, क्षेत्र के सम्मानित प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा माताएं बहने उपस्थित रही। गोपामऊ विधानसभा में भी पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन संपन्न हुआ। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत मंत्री रजनी तिवारी ने जिला कार्यालय पहुंच अहिल्याबाई के जीवन पर लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन की भी उपस्थित रहे। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने प्रदर्शनी देखने के बाद कार्यकर्ताओं से कहा कि अहिल्या बाई महिला सशक्तिकरण की एक सशक्त उदाहरण है। 1766 से लेकर 1795 में अपनी मृत्यु तक, देवी अहिल्या बाई होल्कर ने मध्य भारत के एक बड़े हिस्से पर इतनी कुशलता से शासन किया कि उनके तीस साल के शासन को उदार और प्रभावी शासन का आदर्श माना जाता है। उनकी मातृ-देखभाल में, राज्य समृद्ध हुआ और लोग खुश रहे। उन्हें देवत्व का अवतार कहा गया। कहा जाता है कि उनका जीवन न केवल भारत की नारी जाति के लिए गौरव की बात है, बल्कि उच्च और निम्न, शासक और शासित सभी के लिए एक आदर्श है और सनातन धर्म को पुनर्जीवित करने के उनके अथक प्रयास और पिछले छह सौ वर्षों के मुगल शासन के दौरान जो कुछ भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ था, उसके पुनर्निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान ने उन्हें भारत के इतिहास में सबसे महान व्यक्तियों में शुमार किया।

मल्लावां में संपन्न बिलग्राम मल्लावां विधानसभा के सम्मेलन में मुख्य अतीत पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सुरेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में रहे विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह आशु सम्मेलन का संचालन संजय सिंह गुड्डू ने किया। इस अवसर पर जिला मंत्री नीतू वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक, सोशल मीडिया संयोजक प्रद्युम्न मिश्रा, युवा मोर्चा अध्यक्ष आकाश सिंह, महिला मोर्चा महामंत्री रीना गुप्ता, सुभाष पांडे, सुहाना शरणजीत कौर मौजूद रहे।



## खबर एक नजर

### प्रहलाद कुण्ड के जीर्णोद्वार का कार्य आरंभ

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** हरदोई जनपद के पौराणिक महत्व वाले प्रहलाद कुंड के जीर्णोद्वार के लिए नगर के जागरूक निवासियों तथा सामाजिक संस्था प्रहलाद नगरी जन कल्याण समिति द्वारा प्रहलाद कुण्ड के लगातार मांग की जा रही थी। जिसके लिए समिति के अध्यक्ष शिवम द्विवेदी ने प्रमुख सचिव को कई पत्र लिखे। जिसका संज्ञान लेकर शासन ने कई बार जिला प्रशासन व नगरपालिका प्रशासन को निर्देशित किया। आखिरकार तत्कालीन जिलाधिकारी मंगला प्रसाद ने गत माह नगरपालिका को कार्य करने के लिए निर्देश दिए। जिस पर नगरपालिका ने प्रहलाद कुण्ड पर कार्य शुरू करा दिया है। गौरतलब है कि तत्कालीन जिलाधिकारी पुलकित खरे ने प्रहलाद कुण्ड को दुरुस्त कराया था। उसके बाद एक लम्बी समयावधि गुजरने के बाद समिति के प्रयासों से काम शुरू हुआ है। प्रहलाद नगरी जन कल्याण समिति के इस संघर्ष को लेकर आमजनता में खूब चर्चा है।

### ससुराल वालों पर लगाया पुत्री की दहेज की मांग को लेकर हत्या का आरोप

**शाहाबाद हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कठवां निवासी विवाहिता के पिता में एसपी को प्रार्थना पत्र देकर पाली कस्बे निवासी पुत्री की ससुराल वालों पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए जांच करवाने की गुहार लगाई है।हत्यारोपी खुले आम घूम रहे हैं पुलिस गिरफ्तारी नहीं कर रही है। पीड़ित मुन्ना शाह पुत्र सहगीर शाह के अनुसार उसने अपनी पुत्री आशिया उर्फ हया का विवाह करीब पांच वर्ष पूर्व पाली कस्बे के आबिद नगर मोहल्ले निवासी मलहहन शाह के पुत्र मुबारक अली उर्फ अमन के साथ किया था।उसने हैसियत मुताबिक दान दहेज भी दिया था।लेकिन अतिरिक्त दहेज में चार पहिया वाहन और पांच लाख नगद की मांग को लेकर उसकी पुत्री का पति, ससुर, सास नसरीन,देवर आशू और जीशान उसकी पुत्री को आए दिन प्रताड़ित करते थे।14 मई को फोन द्वारा उसे पता चला उसकी पुत्री की मृत्यु हो गई।वह जब पुत्री की ससुराल पहुंचा तो आरोपी उसकी पुत्री के शव को लावारिस छोड़कर फरार हो गए।पुत्री की ससुराल के घर के पड़ोसियों ने बताया दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट कर उसकी पुत्री की हत्या कर दी गई।उसने थाना पाली पर तहरीर देकर सूचना दी और अपनी पुत्री का पोस्टमार्टम करवाया।हत्यारोपी खुलेआम घूम रहे हैं।पाली पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर रही है।पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन को लिखित प्रार्थना पत्र भेजकर कार्यवाही कर हत्यारों की गिरफ्तारी की गुहार लगाई है।

### किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने में सहयोगी आरोपी गिरफ्तार

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** कासिमपुर थाना क्षेत्र से 20 दिन पूर्व बहला फुसलाकर ले जाई गई किशोरी के मामले में पुलिस ने नामजद सहयोगी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 5 मई को किशोरी के पिता द्वारा थाना कासिमपुर पर तहरीर दी गयी कि अटल उर्फ अतलू पुत्र श्रीराम निवासी ग्राम नौनिया जगन्नाथपुर थाना महोली जनपद सीतापुर व अन्य नामजद अभियुक्त द्वारा वादी की पुत्री को बहला फुसालकर अपने साथ ले गये। इस संबंध में थाना कासिमपुर पुलिस ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में पॉक्सो एक्ट की वृद्धि कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। थाना कासिमपुर के उपनिरीक्षक बालेंद्र सिंह और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी अटल उर्फ अतलू पुत्र श्रीराम को गिरफ्तार किया गया। शेष अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया है।



### पुलिस ने लापता आठ वर्षीय बालक को बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र से घर से खेलते समय लापता हुए आठ वर्षीय बालक के मामले में पुलिस ने उसे सकुशल बरामद कर कानूनी कारुवाह पूर्ण कर उसके परिजाओं के सुपुर्द कर दिया है। प्राप्त विवरण में 24 मई को एक महिला द्वारा कोतवाली देहात पर सूचना दी गयी कि उनका 08 वर्षीय पुत्र बिना बताये घर से कहीं चला गया है। जोकि वापस घर नहीं आया, काफी खोजबीन के बाद भी कोई पता नहीं चला। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा जनपद में अपहृत ध् गुमशुदा बच्चोंध्बालकों की सकुशल बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन स्माईल के क्रम में गठित पुलिस टीम के मुखिया प्रभारी निरीक्षक अशोक सिंह और पुलिस बल द्वारा स्थानीय व्यक्तियोंध्सोशल मीडिया आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। प्राप्त सूचना के आधार पर उक्त गुमशुदा बालक को सकुशल बरामद किया गया एवं विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए परिजनो को सुपुर्द किया गया।



### परिवहन विभाग की मिली भगत से चल रही डबल डेकर बसें

**हरदोई ।उप** संभागीय परिवहन विभाग की मिली भगत से जनपद में डबल डेकर बस मालिकों की पौ बारह हो रखी है। कई वर्षों से यह खेल सबकी आंखों के सामने हो रहा है चर्चा किए जाने पर किसी के पास इसका सटीक जवाब नहीं है। कभी-कभी मीडिया में यह मुद्दा आता है ।तो एक आद दिनों के लिए यह सेवा कम हो जाती है। उसके बाद पुनः द्रुत गति से डबल डेकर बस सेवा शुरू हो जाती है। डबल डेकर बसों के संचालन के मामले को लेकर प्रत्येक स्तर पर लापरवाही अथवा अनदेखापन ही चल रहा है। परिवहन विभाग के अधिकारियों के जिम्मेदारों से इस संबंध में जब भी बात करी जाती है तो टाल मटोल का रवैया सामने आता है । जिससे लगता है की परिवहन विभाग के संरक्षण में चल डबल डेकर बसे चल रही हैं। हरदोई से हरियाणा राजस्थान पंजाब दिल्ली के लिए डबल डेकर बसे चल रही है ।पूर्ण रूप से फिटनेस ना होने के बावजूद भी सड़कों पर फर्राटा भर रही डबल डेकर बसे हैं। जनपद में अवैध तरीके से चल रही डबल डेकर बेसन से वर्षों से आए दिन हादसे हो रहे हैं।बस संचालकों को हरदोई उप संभागीय परिवहन विभाग का पूर्ण रूप से संरक्षण प्राप्त दिख रहा है।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 273 मरीजों का हुआ उपचार



**हलिया (मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 273 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक डॉक्टर विवेक खरे कि देखरेख में आयोजित किया गया मेला में कुल 69मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन बिना चिकित्सक के उपस्थिति में स्वास्थ्य कर्मियों के देखरेख में आयोजित किया गया जिसमे कुल 45मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बालकृष्ण मिश्रा के देखरेख में सम्पन्न हुआ जिसमें कुल 59मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डॉक्टर रविराज के देखरेख में आयोजित किया गया जिसमें कुल 57मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में आयोजित किया गया जंहा पर कुल 43 मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया गया नया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 273मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है।

इस दौरान चिकित्सक डॉक्टर निर्मल, फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार,सुभाष पटेल किशोर कुमार,राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफ नर्स माया आदि मौजूद रहें।

# नोडल अधिकारी ने जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्य का किया औचक निरीक्षण



**जौनपुर।** निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण/नोडल अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत फूलपुर में पेयजल परियोजना कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। नोडल अधिकारी द्वारा ओवरहेड टैंक निर्माण, पंप हाउस, बाउंड्री वॉल, सोलर पैनल, सोलर पंप आदि का निरीक्षण किया गया। योजना के समस्त कार्य पूर्ण एवं आराजी फूलपुर के सभी कनेक्शन से जलापूर्ति होती हुई पायी गयी। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी द्वारा स्वयं नल खोलकर जलापूर्ति का निरीक्षण भी किया गया। ग्राम समूह की महिलाओं ने नोडल अधिकारी के समक्ष पानी की गुणवत्ता की जांच भी की। उन्होंने ग्राम वासियों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए हर घर नल से जल योजना के तहत जल कनेक्शन के बारे में जानकारी ली। आयोजित चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं आदि के बारे में भी जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारित करने के निर्देशित दिए। इस दौरान उन्होंने टेक्निकल ट्रेनिंग ले रहे प्रशिक्षुओं तथा योजना से लाभान्वित लाभार्थियों से संवाद की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाडिया, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राम अक्षयबर चौहान, जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी परियोजना निदेशक के. के. पांडे, एक्सईएन जल जीवन मिशन ग्रामीण, बीडीओ सिकरारा आदि उपस्थित रहे।

# आर्केस्ट्रा में मारपीट करने वाले युवकों पर मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के उमरिया गांव निवासी बुद्धसेन शर्मा ने रविवार को थाने में तहरीर देकर आर्केस्ट्रा में हुए विवाद की रंजिश को लेकर गांव निवासी दो युवक व दो अज्ञात व्यक्ति द्वारा छोटे भाई को गाली गलौज देते हुए मारने पीटने व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायल युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया उपचार के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दी गई तहरीर में बताया है की 22 मई को गांव में आई बरात में आर्केस्ट्रा देखने को लेकर गांव निवासी चुन्नी पाण्डेय से बात विवाद हो गया था की इसी बात की रंजिस को लेकर रविवार की सुबह पिपरा बाजार में सैलून की दुकान पर चुन्नी पाण्डेय व देवव्रत पाण्डेय व दो व्यक्ति जिनका नाम पता अज्ञात पहुंचकर छोटे भाई उमेश शर्मा को गाली गलौज देते हुए मारने पीटने लगे जिससे भाई को चोटे आई है। जाते समय जान से मारने की धमकी भी दिए है। जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो नामजद सहित चार लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की बरात में आर्केस्ट्रा में बात विवाद की रंजिश को लेकर मारपीट करने वाले दो नामजद सहित चार के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर घायल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया है। मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## बाइक सवार दो युवक गिरकर घायल, रेफर

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पिपरा बाजार में रविवार कि दोपहर बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिरकर बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचे परिजनों ने दोनों को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर के लिए लेकर चले गए है। थाना क्षेत्र के सिकटा गांव निवासी 22 वर्षीय शिवशंकर व 28 वर्षीय रामआसरे बाइक से किसी कार्य से पिपरा की तरह गए थे की पिपरा बाजार में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ी जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

# जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए जिलाधिकारी ने लिया ढैचा की खेती का सहारा



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने हेतु किसानों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिये यूरिया का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर किया जाता है, क्योंकि इससे फसलों में नाइट्रोजन की आपूर्ति होती है, जो पौधों के विकास के लिये बेहद जरूरी है, किंतु यह रासायनिक खाद, यूरिया, फास्फोरस, पोटाश या पेस्टीसाइड्स आदि जैव उर्वरक व कीटनाशक नहीं है, जिसके कारण प्राकृतिक और जैविक खेती का मकसद पूरा नहीं हो पाता है। यही वजह है कि इसके दुरगामी समाधान के लिए अब किसानों के बीच ढैचा की खेती पर जोर दिया जा रहा है। यह जिलाधिकारी द्वारा कृषक हित की दृष्टि से अनुकरणीय प्रयास है और इसी दिशा में किसानों के बीच जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए एक माह पूर्व किसान खरीफ फसल गोष्ठी के माध्यम से जनपद जौनपुर में जो ढैंचा की बुवाई को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है, कोशिश है कि देशी खेती को बढ़ावा देने के लिए ढैंचा की खेती की दिशा में क्रांतिकारी कदम हो सकता है। नैसर्गिक खाद उत्पादन की यह विधि सस्ती, सर्वसुलभ, पर्यावरण अनुकूल और विभिन्न मायनों में लाभदायक है। इसलिए उन्होंने समस्त किसान भाइयों से अनुरोध किया है कि इस नेक व जनहितकारी प्रयास का अनुकरण करें और किसानों की आय दुगुनी करने के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के हाथों को मजबूत करे। उन्होंने बताया कि कि ढैंचा की खेती सामान्य तरीके से ही करते हैं। इसकी बुवाई के मात्र डेढ़ महीने के अंदर ढैंचा के पौधों की लंबाई 3 फीट हो जाती है और इसकी गांठों में नाइट्रोजन का भंडार भर जाता है। लिहाजा इसी समय ढैंचा की कटाई करके खेतों में फैला देते है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए प्राकृतिक खाद उत्पादन विधि में ढैंचा की बुवाई और 45 दिन में उसे पलट देने यानी खेत की मिट्टी में उसे जोतकर मिला देना एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिससे गांवों में कम खर्च करके अच्छी फसल ली जा सकती है, क्योंकि यह विधि मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के लिए आदिकाल से उपयोग की जा रही है, यह मिट्टी में नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश की मात्रा को बढ़ाता है। ढैंचा की जड़ में नाइट्रोजन होता है, इसकी पत्तियों के रस में खरपतवार व कीटनाशक गुण होते हैं। इसलिए यह बहुउपयोगी पैदावार है। यह पौधा कार्बनडाईऑक्साइड को भी अवशोषित करता है, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता बढ़ती है। मिट्टी की जैविक संरचना में सुधार होता है। इस ढैंचा को आमतौर पर बारिश के मौसम में बोया जाता है और फिर मिट्टी में मिला दिया जाता है, जिससे मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा बढ़ती है। इसके इस्तेमाल के बाद यूरिया की एक तिहाई जरूरत कम होगी और खरपतवार की संभावना भी कम हो जाती है। इस प्रकार ढैंचा की उपज से मिट्टी की उर्वरता में सुधार होता है। ढैंचा नाइट्रोजन स्थिरीकरण के माध्यम से मिट्टी में नाइट्रोजन की मात्रा को बढ़ाता है। इसलिए इससे विभिन्न फसलों को आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं और यूरिया, पोटाश, डीएपी आदि विदेशी खादों और कीटनाशक आदि की जरूरत कम पड़ती है।

# बारात जा रहे बाइक सवार असंतुलित हो गिरे, घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया देवरी मार्ग पर मुडपेली गांव में शनिवार की देर रात पटपरा गांव में बारात जा रहे एक बाइक पर दो सवार असंतुलित होकर सड़क के किनारे लगे पेड़ से टकराकर घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के सिकटा गांव निवासी 22 वर्षीय शिव शंकर व नौगांव गांव निवासी ममेरे भाई 28 वर्षीय रामाश्रये दोनों एक ही बाइक पर बैठकर पटपरा गांव में बारात में सम्मिलित होने जा रहे थे कि अचानक असंतुलित होकर बाइक सवार सड़क के किनारे पेड़ से टकरा गए जहां दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने सर एवं बदन में गंभीर चोट होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया है। इस संबंध में डॉक्टर विवेक खरे ने बताया कि दोनों के शरीर में गंभीर चोट होने के कारण रक्त स्राव ज्यादा हो गया था जिसके कारण प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## तीसरे दिन रामगया घाट पर गंगा में उतराया मिला युवक का शव

**जिगना (मिर्जापुर)।** विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुर गाँव के मड़गुड़ा मजरा में उतराया मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस नेशव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शव बरामद होने की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। शुक्रवार की सुबह गाँव के घाट पर स्नान करनेके दौरान राहुल डूब गया था।

घाट पर उसका कपड़ा, मोबाइल बरामद हुआ था। स्थानीय गोताखोरों व एसडीआरएफ टीम ने दो दिन तक सुबह से शाम तक रेस्क्यू आपरेशन चलाया फिर भी शव बरामद नहीं हुआ। रविवार की सुबह शिवपुर घाट सेपांच सौ मीटर पूरब में उतराया हुआ शव देखकर मौके पर भीड़ जुट गई। कुछ ही देर में परिवार वाले पहुँच गए। शव देखते ही पहचान लिया। मृतक युवक छह भाइयों में सबसे छोटा था। वह छत्तीसगढ़ में राजगीर मिस्त्री के साथ शटरिंग का काम करता था। घटना सेदो दिन पहलेही गाँव आया हुआ था।


**श्री राजगोपाल संस्कृत महाविद्यालय अयोध्या जिला–अयोध्या, उ0प्र0** संशोधित विज्ञापन सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से सम्बद्ध श्री राजगोपाल संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय अयोध्या धाम जनपद अयोध्या में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित वेतनमान में आरक्षण नियमों के अन्तर्गत चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशित है, के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं विज्ञापन की तिथि से 21 दिन के अन्दर रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से समस्त संलग्नक, **शैक्षिक** प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ रु0 500/– का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट जो प्रबंधक, श्री राजगोपाल संस्कृत महाविद्यालय अयोध्या के पक्ष में देय होगा। आवेदन पत्र निम्नलिखित पदों हेतु आमंत्रित किए जाते हैं– विभागाध्यक्ष व्याकरण –1 पद सह विभागाध्यक्ष व्याकरण –2 पद सह विभागाध्यक्ष साहित्य–1 पद सह विभागाध्यक्ष वेदान्त –1 पद स0विभागाध्यक्ष वेद–1 पद स0 विभागाध्यक्ष ज्योतिष –1पद शिक्षक साहित्य –1 पद शिक्षक आधुनिक (हिन्दी)–1 पद उक्त पदों की अर्हता– संबन्धित विषय में आचार्य अथवा एम0ए0 उपाधि कम से कम द्वितीय श्रेणी। परम्परागत उपाधि को वरीयता। नोट–एतदर्थ पूर्व प्रकाशित विज्ञापन दिनांक 30.10.2024 एवं 22.2.2025 के अनुसार जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है उनके पूर्व प्रेषित प्रार्थना पत्र स्वीकार्य हैं।स्पष्टीकरण– उक्त विज्ञापन में क्रमशः सह विभागाध्यक्ष एवं स0 विभागाध्यक्ष को सहायक विभागाध्यक्ष पढ़ा एवं समझा जाय। प्रबन्धक–**श्री राजगोपाल संस्कृत महाविद्यालय अयोध्या जिला– अयोध्या, उ0प्र0**

सी.आर.-402/L


# जेवर व नगदी की चोरी

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत एक गांव मे हुई चोरी में कर तीन घरों से हजार रुपए की नगदी व जेवरात चोरी कर ले गए इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर गांव में चोरों ने गांव निवासिनी जकीरुल निशा के मकान को निशाना बनाया। पीड़िता ने बताया कि शुक्रवार की रात वह बरामदे में सो रही थी रात्रि लगभग 1 बजे नींद टूटी तो कमरे का दरवाजा खुला पाया, घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा हुआ था। पीड़िता ने बताया कि बदमाश अलमारी का ताला तोड़कर एक लाख रुपए से अधिक के सोने- चांदी के जेवरात व पांच हजार रुपए नगदी चोरी कर ले गए। इस दौरान चोरों ने पड़ोस में रहने वाले राम लौटन एवं कमरजहां के मकान को भी अपना निशाना बनाया । यहां से चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए।पीड़िता जकीरुल निशा की तहरीर पर पुलिस ने तीनों घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## रास्ते पर खड़ंजा ना लगने से नाराज युवक चढ़ा टावर पर, सीओ के आश्वासन पर मामला हुआ शांत

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र के बम्हरौली गांव में रास्ते पर खड़ंजा लगाने को लेकर चल रहे विवाद में 45 वर्षीय युवक रविवार की दोपहर बाद गांव स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया। पुलिस उपाधीक्षक समीर कुमार सिंह द्वारा खड़ंजा लगवाने का आश्वासन दिए जाने के बाद युवक नीचे उतर आया। गांव निवासी राजेंद्र माली पुत्र राम जी और उनके चाचा मनोज माली पुत्र छेदु के बीच पिछले कई वर्षों से घर के बगल से गुजरे रास्ते पर खड़ंजा लगाने को लेकर विवाद चल रहा है पता चला है कि वर्ष 2009 में पीड़ित के चाचा मनोज द्वारा आवागमन के रास्ते पर लगा खड़ंजा उखाड़ दिया गया था जिसके बाद से आज तक खड़ंजा नहीं लग सका है। पता चला हैं कि आज राजेंद्र के घर मेहमान आए हुए थे इसी दौरान दोपहर बाद लगभग ढाई बजे पड़ोस में रहने वाले चाचा मनोज के परिवार द्वारा पीड़ित के दरवाजे पर कूड़ा फेंक दिया गया। जिसको लेकर चाचा भतीजे में कहा सुनी हो गई। पूर्व से खड़ंजा निर्माण की मांग को लेकर कई बार प्रशासन को एप्लीकेशन दे चुके राजेंद्र ने आज की घटना से पीड़ित होकर आत्मदाह करने का निर्णय ले लिया और पेट्रोल लेकर टावर पर चढ़ गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और काफी मन मनौव्वल की लेकिन समस्या का समाधान न होने तक पीड़ित ने टावर से उतरने से इनकार कर दिया।

## सड़क दुर्घटना में रिक्शा चालक और सवारी घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग पर रविवार की दोपहर दतौली चौराहे पर हुई सड़क दुर्घटना में भिटरिया की ओर से आ रहे ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे चालक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। असन्द्रा थाना क्षेत्र के कादीपुर गांव निवासी शिवकुमार 50 वर्ष रविवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे अपने ई रिक्शा पर नई सड़क से सवारियां बैठाकर हैदरगढ़ आ रहे थे कि तभी दतौली चौराहे पर तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी जिसमें रिक्शा चला रहे शिव कुमार, अपनी मम्मी के साथ हैदरगढ़ आ रहे श्लोक सिंह 10 वर्ष पुत्र कल्लू सिंह निवासी खुसेहटी देवीगंज सहित 4 लोग घायल हो गए गम्भीरघायलों को फ्रैक्चर के चलते जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।

## ननिहाल आया बालक टोटो के धक्के से घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के डोहर गांव में शनिवार की शाम टोटो के धक्के से बालक घायल हो गया। मौके पर पहुँचे बालक के परिजनों ने बालक को उपचार के लिए अस्पताल लेकर आए जंहा पर बालक का उपचार हुआ है। टोटो चालक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। विंध्याचल थाना क्षेत्र के हरई गांव निवासी प्रदीप विश्वकर्मा ने शनिवार की देर शाम हलिया थाने में तहरीर देकर बताया है की अपने परिवार के साथ ससुराल डोहर आया है की शाम मेरा 4 वर्षीय पुत्र उत्कर्ष सड़क पार कर रहा था की सोठिया की तरफसे आ रहे टोटो का चालक तेजगति व लापरवाही पूर्वक पुत्र को टक्कर मार दिया जिससे पुत्र को चोटे आई है। तहरीर मिलने पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।


स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

## सूचना

मैं कैलाश पुत्र बजरंग निवासी ग्राम युसुफनगर बगियामऊ थाना सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ अपने पुत्र प्रदीप व बहू साधना के खराब चाल चलन एवम परिवार वालो से गाली गलौज, जान से मार देने की धमकी देने कारण दिनांक 24/05/2025 को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति व अपने संबंधों से बेदखल कर दिया है।

सी.आर.-406/L-43

## NOTICE

I BRIJESH KUMAR BANAUDHA R/O-355 RAJMAN BAJAR, CANTT, LUCKNOW HAVE CHANGED MY SON'S NAME FROM AVIRAL BANAUDHA TO AVIRAL VERMA. IN FUTURE HE WILL BE KNOWN & IDENTIFIED AS AVIRAL VERMA.

सी.आर.-403/L-25

## सूचना

मैंने अपना नाम SALMAN IMRAN AHMED से बदलकर MOHD SALMAN KHAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o- MOHD IMRAN KHAN R/o- F-11/172 RAJAJIPURAM DIST-LUCKNOW-226017 (U.P)

सी.आर.-405/L-25

## सूचना

मैं मुरलीधर अंबेडकर पुत्र स्व. एम. प्रसाद निवासी बसंत विहार कॉलोनी, कुंज गली रमना, लालबाग, लखनऊ, सूचित करता है कि मैंने अपनी पुत्री का नाम आराध्या से बदल कर आराध्या सिंह (Aradhya Singh ) कर दिया है। भविष्य में उसे सभी उद्देश्यों हेतु आराध्या सिंह के नाम से जाना-पहचाना व पढ़ा जाए।

सी.आर.-404/L-40



## कार्यालय नगर पंचायत बरवर-खीरी

**पत्रांकः 82/नं0पं0ब0/15वाँ वित्त आयोग/ई-प्रक्योरमेन्ट/2025-26 दिनांक-23.05.2025**

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बरवर मे 15वाँ वित्त आयोग व अवस्थापना निधि व मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्यों की ई-निविदा आमंत्रित करने हेतु स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। तत्क्रम में पोर्टल पर ई-निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि कार्य हेतु अलग-अलग (सूची मे उल्लिखित धनराशि के बराबर ) RTGS/NEFT द्वारा नगर पंचायत बरवर के खाता संख्या 003500320000221, IFSC Code ICIC00KHIRI जिला सहकारी बैंक, बरवर में जमा कराकर, प्रति ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। तत्क्रम मे ई-निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट www.etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| वेबसाइट पर ई-निविदा अपलोड होने की तिथि व समय | 23.05.2025 समय 11:00 बजे प्रातः |
| ई-निविदा खरीदने / व डालने की तिथि व समय | 23.05.2025 समय 12:00 बजे अपरान्ह से 06.06.2025 समय 12:00 बजे अपरान्ह तक |
| ई-निविदा डाउनलोड करने / खोलने की तिथि व समय | 06.06.2025 को अपरान्ह 03 बजे। |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बरवर-खीरी**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत बरवर-खीरी**


# 91 यूपी बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

**स्वतन्त्र भारत गाजीपुर।** 91 यूपी बटालियन एनसीसी (ग्रुप ए) के तत्वावधान में स्वामी हरसेवानंद पब्लिक स्कूल, वाराणसी में आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (Combined Annual Training Camp) सफलता पूर्वक संपन्न हो गया। 15 मई से 24 मई 2025 तक चले इस शिविर में 500 से अधिक एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बहुआयामी प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर का शुभारंभ 91 UP BN के कमान अधिकारी कर्नल अमर सिंह के जोशीले और मार्गदर्शक प्रेरणादायक संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा, एनसीसी युवाओं के लिए एक ऐसा मंच है जो उन्हें न केवल अनुशासित नागरिक बनाता है, बल्कि उनमें नेतृत्व, साहस और सेवा की भावना भी विकसित करता है। यह शिविर केवल सैन्य प्रशिक्षण नहीं, बल्कि जीवन निर्माण की प्रयोगशाला है। उनके उद्बोधन ने कैडेट्स को पूरे शिविर के दौरान उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया।शिविर में कैडेट्स को कचरा प्रबंधन, आपदा प्रतिक्रिया, सशस्त्र बलों में करियर विकल्प, तथा एसएसबी इंटरव्यू की तैयारी जैसे विषयों पर विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ड्रिल, फायरिंग, शारीरिक फिटनेस, और मानसिक सुदृढ़ता पर केंद्रित अभ्यासों ने शिविर को और प्रभावशाली बनाया।समापन सत्र में ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर कुलबीर सिंह की ओजस्वी और अत्यंत प्रभावशाली प्रेरणात्मक वार्ता ने समस्त कैडेट्स को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा, एनसीसी सिर्फ एक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। जो युवा एनसीसी की आग से तपते हैं, वे देश की रीढ़ बनते हैं। ऊँचे सपने देखो, और उन्हें साकार करने की शक्ति अपने भीतर पैदा करो। यही एनसीसी की सच्ची भावना है। उनकी वाणी ने कैडेट्स में देशसेवा और समर्पण की गहरी भावना को जागृत किया। शिविर के दौरान राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) और सेना भर्ती कार्यालय की टीमों ने कैडेट्स को संकट प्रबंधन, टीम वर्क, संचार कौशल, रचनात्मक सोच, और सार्वजनिक भाषण तकनीकों से भी परिचित कराया। कैडेट्स ने इन सत्रों को अत्यंत उपयोगी और प्रेरणास्पद बताया। शिविर का समापन एक भव्य सांस्कृतिक संध्या के साथ हुआ, जिसमें कैडेट्स ने देशभक्ति गीतों, नृत्यों, नाट्य प्रस्तुतियों और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया।

इस सांस्कृतिक संध्या ने पूरे शिविर को उत्साह, ऊर्जा और गौरव के रंगों से सराबोर कर दिया। एनसीसी के इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर न केवल युवाओं को फौजी अनुशासन सिखाते हैं, बल्कि उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में सक्षम और सजग नागरिक बनने की प्रेरणा भी देते हैं। यह शिविर राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और नेतृत्व के आदर्श मूल्यों का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा। निःसंदेह, एनसीसी के ये कैंप्स भविष्य के भारत को गढ़ने की प्रयोगशालाएं हैं–जहां हर कैडेट अपने भीतर छिपे वीर और नेतृत्वकर्ता को पहचानता है। इस भव्य आयोजन ने यह सिद्ध किया कि एनसीसी के कैंप्स सिर्फ प्रशिक्षण केंद्र नहीं, बल्कि भविष्य के कर्णधारों की कार्यशाला हैं–जहां नेतृत्व, सेवा और समर्पण को आकार मिलता है।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

## पाक से आकर निशाना बनाया तो चुकानी होगी भारी कीमत



**वॉशिंगटन।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा है कि पहलगाम हमलों के बाद अब एक नया नियम बनने जा रहा है कि पाकिस्तान में बैठे किसी भी व्यक्ति को यह मानने की अनुमति नहीं दी जाएगी कि वे सीमा पार कर सकते हैं और बिना किसी सजा के भारतीय नागरिकों की हत्या कर सकते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसके लिए उन्हें भारी कीमत चुकानी होगी।

शशि थरूर गुयाना, पनामा, कोलंबिया, ब्राजील और अमेरिका में भारतीय सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के खिलाफ भारत के संकल्प को दुनिया के सामने लाएगा और पाकिस्तान के आतंकवाद से संबंधों की पोल खोलेगा। अलग-अलग देशों का दौरा करने वाला बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडल इस बात पर जोर दे रहा है कि पाकिस्तान के साथ हालिया संघर्ष पहलगाम आतंकी हमले से शुरू हुआ था, न कि ऑपरेशन सिंदूर से, जैसा

### दुश्मन देश को शशि थरूर की दो टूक

कि इस्लामाबाद ने आरोप लगाया है। भारत की ओर से शुरू किए गए जवाबी ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ढांचे को निशाना बनाया था।

यहां भारतीय-अमेरिकी समुदाय के प्रमुख सदस्यों और प्रमुख मीडिया और थिंक टैंक के शख्सियतों के एक चुनिंदा समूह के साथ बातचीत में थरूर ने कहा कि पाकिस्तान को भारत का संदेश स्पष्ट है- हम कुछ भी शुरू नहीं करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दे रहे थे। आपने शुरू किया, हमने जवाब दिया। अगर आप रुकेंगे, तो हम रुकेंगे और वे रुक गए। 88 घंटे तक संघर्ष चला। हम उस पर बहुत निराशा के साथ पीछे देखते हैं, क्योंकि ऐसा बिल्कुल भी नहीं होना चाहिए था। लोगों की जान चली गई। साथ ही हम इस अनुभव को दृढ़ निश्चय और नए सिरे से दृढ़ संकल्प के साथ देखते हैं। उन्होंने कहा कि अब एक नया मानदंड बनना चाहिए। पाकिस्तान में बैठे किसी भी व्यक्ति को यह मानने की अनुमति नहीं दी जाएगी कि वे सीमा पार करके हमारे नागरिकों को बिना किसी सजा के मौत के घाट उतार सकते हैं। थरूर ने कहा, इसकी कीमत चुकानी होगी और यह कीमत व्यवस्थित रूप से बढ़ती जा रही है।

## भारत-रूस सहयोग और प्रगाढ़ हुआ : भारतीय दूतावास

**मॉस्को।** मॉस्को में स्थित भारतीय मिशन ने कहा कि भारत और रूस के बीच आपसी विश्वास और सहयोग पर आधारित संबंध समय पर खरे उतरे हैं तथा रूसी सांसदों, अधिकारियों व अन्य हितधारकों के साथ एक सर्वदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल की बातचीत ने वैश्विक एवं क्षेत्रीय महत्व के मुद्दों पर द्विपक्षीय रणनीतिक सहयोग को और प्रगाढ़ बनाया है। द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) की सांसद कनिमोई करुणानिधि के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद को लेकर रूस में था। प्रतिनिधिमंडल ने रूस के हितधारकों को 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी देते हुए व्यापक चर्चा की। मॉस्को में स्थित भारतीय दूतावास ने एक बयान में कहा, भारत और रूस के बीच आपसी विश्वास और सहयोग पर आधारित संबंध समय पर खरे उतरे हैं। ये संबंध दोनों देशों की विशेष रणनीतिक साझेदारी पर आधारित हैं। बयान में कहा गया कि 23-24 मई को रूसी सांसदों, अधिकारियों, वैचारिक संस्थाओं और मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की बैठक ने वैश्विक और क्षेत्रीय महत्व के मुद्दों पर दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग को और प्रगाढ़ बनाया है।

## पाक की सोच से परे होगा दुस्साहस का अंजाम : ओवैसी

**मनामा।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बहरीन में प्रमुख हस्तियों के साथ बातचीत के दौरान

### बहरीन में बोले एआईएमआईएम सांसद

पाकिस्तान को एक नाकाम मुल्क बताया। ओवैसी ने कहा, हमारी सरकार ने हमें यहां इसलिए भेजा है, ताकि दुनिया को पता चले कि भारत पिछले कई सालों से किस खतरे का सामना कर रहा है। दुर्भाग्य से हमने कई निर्दोष लोगों की जान गंवाई है। यह समस्या पाकिस्तान से ही पैदा हुई है और हमेशा ही होती है। जब तक पाकिस्तान इन आतंकवादी समूहों को



बढ़ावा देना, सहायता देना और प्रायोजित करना बंद नहीं करता, तब तक यह समस्या दूर नहीं होगी। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार ने हर भारतीय की जान की रक्षा के लिए सभी कदम उठाए हैं। इस सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अगली बार अगर पाकिस्तान ऐसा दुस्साहस करेगा, तो यह पलटवार उनकी उम्मीद से परे होगा...। ओवैसी ने कहा कि भारत ने उकसावे के बावजूद बार-बार अधिकतम संयम बरता है। पहलगाम हमले को याद करते हुए उन्होंने आतंकवाद की मानवीय कीमत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, कृपया इस नरसंहार की मानवीय त्रासदी पर विचार करें। छह दिन पहले शादी करने वाली एक महिला सातवें दिन विधवा हो गई। दो महीने पहले ही शादी करने वाली एक अन्य महिला ने भी इस हमले में अपने पति को खो दिया। उन्होंने कहा, सरकार और मीडिया, हमारी वायु रक्षा प्रणाली, हमारी तकनीक और युद्ध क्षमताओं ने पाकिस्तान जैसे नाकाम मुल्क की ओर से शुरू की गई हर चीज को सफलतापूर्वक रोका और बेअसर किया।

## हार्वर्ड में अंतर्राष्ट्रीय छात्र दाखिले पर ट्रंप का नया हमला

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय पर अपने हमले तेज़ कर दिए हैं। उन्होंने अपने प्रशासन के उस कदम का बचाव किया, जिसके तहत अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को विश्वविद्यालय में दाखिला देने की हार्वर्ड की क्षमता पर रोक लगाने की कोशिश की जा रही थी। यह नया हमला एक अमेरिकी न्यायाधीश द्वारा शुक्रवार को ट्रम्प प्रशासन की इस कार्रवाई को निलंबित करने के बाद आया है। न्यायाधीश ने ट्रम्प प्रशासन को हार्वर्ड विश्वविद्यालय की विदेशी छात्रों को नामांकित करने की क्षमता को रद्द करने से रोक दिया है, जो ट्रम्प की नीतियों के अनुरूप शिक्षा में प्रथाओं को ढालने के व्हाइट हाउस के प्रयासों को बढ़ावा दे रहा था।


## केरल तट के पास एक ओर झुका लाइबेरियाई जहाज

**तिरुवनंतपुरम।** केरल तट से करीब 38 नॉटिकल मील दूर समुद्र में समुद्री ईंधन लेकर जा रहा लाइबेरिया का एक कंटेनर जहाज शनिवार दोपहर एक तरफ झुक गया। जहाज में भरा ईंधन समुद्र में फैल गया। इसे लेकर केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) ने अलर्ट जारी किया है। उन्होंने लोगों से कहा कि समुद्र तट पर बह कर आए कंटेनर या तेल न छुएं। क्षेत्र में भारतीय तटरक्षक बल

### समुद्र में फैला ईंधन, अलर्ट जारी

(आईसीजी) राहत व बचाव कार्य में लगा है। बताया जा रहा है कि रात आठ बजे तक तटरक्षक बल ने चालक दल के 21 सदस्यों को बचा लिया।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक एमएससी एल्सा 3 नामक 184 मीटर लंबा यह जहाज शुक्रवार को विझिनजाम बंदरगाह से कोच्चि के लिए रवाना हुआ था। जहाज के मालिकाना हक वाली कंपनी ने 24 मई को दोपहर करीब 1:25 बजे भारतीय अधिकारियों को सूचित किया कि जहाज 26 डिग्री तक झुक गया है और तुरंत



मदद चाहिए। जहाज के 24 सदस्यीय चालक दल में एक रूसी कप्तान, 20 फिलीपीनी, 2 यूक्रेनी और 1 जॉर्जियाई नागरिक शामिल हैं। जानकारी मिलने पर भारतीय तटरक्षक बल ने बचाव कार्य शुरू किया। जहाज के पास जहाज और विमान तैनात किए गए। जहाज पर मौजूद 24 चालक दल के सदस्यों में से नौ लोग जीवनरक्षक नौकाओं में चले गए थे। आईसीजी के डोर्नियर ने आगे की निकासी की सुविधा के लिए जहाज के पास अतिरिक्त जीवनरक्षक नौकाएं उतारी। डीजी शिपिंग ने भारतीय तटरक्षक बल के साथ समन्वय करते हुए जहाज प्रबंधकों को जहाज के लिए तत्काल बचाव सेवाएं देने के निर्देश जारी किए। बचाए गए चालक दल के सदस्यों को तटरक्षक बल के एक जहाज पर प्राथमिक उपचार दिया जा रहा।

## अमेरिका में दो पाकिस्तानी गद्दार हुए गिरफ्तार

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में दो पाकिस्तानी गद्दारों को गिरफ्तार किया गया है जो कि मनी लॉन्ड्रिंग और इमिग्रेशन फ्रॉड में लगे हुए थे। टेक्सास

### फर्जी कंपनी के नाम पर सरकार को भी दे रहे थे चकमा

के रहने वाले आरोपियों के बारे में एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल ने जानकारी देते हुए कहा कि अब्दुल हादी मुर्शिद और मोहम्मद सलमान नासिर नाम के शख्स रिलायबल वेंचर्स के नाम से कंपनी चलाते थे। वे वीजा फ्रॉड, अवैध इमिग्रेशन और मनी लॉन्ड्रिंग में संलिप्त थे। मुर्शिद पर अवैध रूप से अमेरिका की नागरिकता लेने की कोशिश करने का भी आरोप है। काश पटेल ने एफबीआई टीम को शाबाशी देते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। एफबीआई ने जानकारी दी है कि अगर ये दोनों दोषी पाए जाते हैं तो दोनों को 20 साल तक की जेल हो सकती है। आरोप है कि दोनों आरोपी न्यूजपेपर में फर्जी नौकरी का विज्ञापन देते थे। अमेरिकियों को पहले नौकरी देने के नाम पर जब उन्हें अमेरिकी सरकार से मंजूरी मिल जाती थी तब वे वीजा सीकर्स के नाम पर ग्रीन कार्ड के लिए अप्लाई करते थे। वे वीजा सीकर्स से पैसा ले लेते थे और इसी का कुछ हिस्सा उन्हें वापस कर देते थे। वे इसे सैलरी बताते थे।

## कीव में रूसी मिसाइल हमले, 12 की मौत

**कीव।** रूस-यूक्रेन के बीच जहां एक ओर कैदियों की अदला-बदली हो रही है। वहीं दूसरी ओर मॉस्को के लगातार कीव पर हमले जारी हैं। रूस

### दोनों देशों ने की 303 कैदियों की अदला-बदली

ने रविवार रात को लगातार दूसरी बार यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। अफसरों ने बताया कि हमले में 12 लोगों की मौत हो गई। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कहा कि रविवार सुबह तीन बजे तक राजधानी में 10 लोग घायल हो चुके हैं। वहीं रूस और यूक्रेन ने रविवार को 303 कैदियों की अदला-बदली की।



यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने कहा कि कीव क्षेत्र में ही चार लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए। मेयर ने बताया कि होलोसिव्स्की जिले में एक छात्रावास पर ड्रोन से हमला किया गया और इमारत की एक दीवार में आग लग गई। जबकि दि्नप्रोव्स्की जिले में एक निजी घर नष्ट हो गया और शेवचेनकिव्स्की जिले में एक आवासीय इमारत की खिड़कियां तोड़ दी गईं। यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने एक्स पर कहा कि रात भर की नींद हराम करने के बाद यूक्रेन में रविवार की सुबह मुश्किल भरी रही। कई हफ्तो में सबसे बड़ा रूसी हवाई हमला पूरी रात चला। यूक्रेनी आपातकालीन सेवा ने कहा कि रूस ने विभिन्न प्रकार की 69 मिसाइलों और 298 ड्रोन का इस्तेमाल किया। वहीं रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने रात भर में 110 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया। वहीं शुक्रवार और शनिवार को रूस-यूक्रेन ने कैदियों की अदला-बदली की। शनिवार को दोनों पक्षों ने 307 सैनिकों को वापस बुलाया। जबकि एक दिन पहले दोनों पक्षों ने 390 लोगों को रिहा किया था। पिछले हफ्ते इस्तांबुल में हुई बैठक में दोनों पक्षों के बीच हुई बातचीत के पहले चरण में सैकड़ों सैनिकों और नागरिकों की अदला-बदली की गई। यह समझौता तीन साल पुराने युद्ध में युद्ध विराम तक पहुंचने के असफल प्रयासों के बीच सहयोग जैसा था।

## एक नज़र

### गाजा में मारे गए नौ बच्चे

**खान यूनिस।** गाजा में एक डॉक्टर के घर पर हुए इजरायली हवाई हमले में उसके दस बच्चों में से नौ की मौत हो गई है। नासेर अस्पताल के एक डॉक्टर के अनुसार, डॉ. अला अल-नज्जर का एक बच्चा और उनके पति घायल हो गए, लेकिन बच गए। अस्पताल में काम करने वाले ब्रिटिश सर्जन ग्रीम ग्रूम ने जीवित बचे 11 वर्षीय बच्चे का ऑपरेशन किया। उन्होंने बीबीसी को बताया कि यह असहनीय रूप से क्रूर है कि उनकी मां जिन्होंने बाल रोग विशेषज्ञ के रूप में बच्चों की देखभाल में कई साल बिताए एक ही मिसाइल हमले में अपने लगभग सभी बच्चों को खो सकती हैं।

### आतंकी चला रहे बांग्लादेश : शेख हसीना

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि यूनुस अमेरिका के इशारे पर देश को बेच रहे हैं और आतंकवादियों की मदद से सत्ता चला रहे हैं। यह हमला उस समय हुआ है जब देश में एक बार फिर प्रदर्शन तेज हो गए हैं। हाल ही में ऐसी खबरें आई थीं कि सेना द्वारा दिसंबर में चुनाव की मांग के बाद यूनुस ने इस्तीफे की धमकी दी थी। शेख हसीना ने फेसबुक पोस्ट में लिखा कि उनके पिता और बांग्लादेश के संस्थापक बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान ने अमेरिका को सेंट मार्टिन द्वीप देने से इनकार कर दिया था और इसके चलते उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ी। उन्होंने लिखा, मैं सत्ता में बने रहने के लिए देश को बेचने की कल्पना भी नहीं कर सकती। जिस देश की आजादी के लिए 30 लाख लोगों ने जान दी, उसे कोई एक इंच भी किसी को कैसे दे सकता है? शेख हसीना ने आरोप लगाया कि यूनुस ने आतंकवादियों और प्रतिबंधित संगठनों की मदद से सत्ता हथियाई है। उन्होंने कहा, उन्होंने आतंकियों की मदद से सत्ता छीनी है। जिन आतंकवादियों से हमने बांग्लादेश के लोगों को बचाया, आज वही खुली छूट में हैं। जेलें खाली कर दी गई हैं और सभी को छोड़ दिया गया है। अब बांग्लादेश पर आतंकियों का राज है।

### नार्थ कोरिया के तीन शिपयार्ड अधिकारी हिरासत में

**सियोल।** उत्तर कोरिया में नौसैन्य विध्वंसक जहाज के हाल ही में असफल प्रक्षेपण के लिए तीन शिपयार्ड अधिकारियों को हिरासत में लिया गया है। यह जहाज उत्तर कोरिया का दूसरा ज्ञात विध्वंसक जहाज है। असफल प्रक्षेपण के बाद किम को शर्मिंदगी उठानी पड़ी। घटना को लेकर तानाशाह किम जोंग उन काफी नाराज बताए जा रहे हैं। उन्होंने कहा था कि यह एक अपराध है। यह लापरवाही की वजह से हुआ है। उन्होंने दोषियों को कड़ी सजा देने की कसम खाई थी। इससे पहले उत्तर कोरिया की सरकार ने बताया था कि उन्होंने युद्धक जहाज की असफल लॉन्चिंग के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ जांच और उनकी गिरफ्तारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में रविवार को कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने चोंगजिन शिपयार्ड में मुख्य अभियंता, पतवार निर्माण कार्यशाला के प्रमुख और प्रशासनिक मामलों के उप प्रबंधक को हिरासत में लिया है।

## पाकिस्तान नहीं आतंकिस्तान कहो : प्रियंका चतुर्वेदी

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद पर पाकिस्तान की पोल खोलने के बनाए गए प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा प्रियंका चतुर्वेदी ने पाकिस्तान पर जमकर हमला बोला

### यूरोप रवानगी से पहले शिवसेना सांसद ने पाक को जमकर धोया

है। उन्होंने पाकिस्तान पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि पाकिस्तान अब पाकिस्तान नहीं है वह आतंकिस्तान है और इसी के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर किया था।

एजेंसी से बात करते हुए शिवसेना उद्धव गुट की सांसद ने कहा, पाकिस्तान अब आतंकिस्तान बन चुका है। हम आज यूरोपीय देश जा



रहे हैं, जिन्होंने कई आतंकी हमलों का सामना किया है। यह बात उन्हें भी पता है कि उन सभी आतंकी हमलों की जड़ें कहीं न कहीं पाकिस्तान से जुड़ी हुई हैं। पाकिस्तान की जनता को जिहाद के लिए कहा जा रहा है.. उन्हें हथियार और ट्रेनिंग दी जा रही है।

प्रियंका ने कहा, हम पिछले तीन-चार दशकों से आतंकवाद से पीड़ित हैं और हम पाकिस्तान को इसका माकूल जवाब भी दे रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर एक पूर्ण और अंतिम जवाब था कि अगर आप यहां आकर गड़बड़ियां फैलाएंगे तो हम आपको नष्ट करने में पूरी तरह से सक्षम हैं। शिवसेना यूबीटी की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी विदेश जाने वाले दूसरे समूह का हिस्सा है। इस समूह का नेतृत्व भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद कर रहे हैं। इसमें एमजे अकबर, गुलाम अली, समिक भट्टाचार्य और प्रियंका चतुर्वेदी, डी पुंडेश्वरी जैसे मशहूर वक्ता शामिल हैं। यह दल ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली और डेनमार्क की यात्रा करेगा।

## अब अमेरिकी ही छोड़ने लगे अपना देश

### ब्रिटिश नागरिकता के लिए छह हजार से अधिक ने किया आवेदन

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने चुनाव प्रचार के दौरान अमेरिका को फिर से महान बनाने का वादा करते हुए दूसरी बार सत्ता में आए। ट्रंप ने पदभार संभालते ही टैरिफ और अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर कई बड़े कदम उठाए। हालांकि ट्रंप के इन कदमों के बावजूद कई अमेरिकी अपना ही देश छोड़कर जाने लगे हैं। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय (होम ऑफिस) द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले 12 महीनों में रिकॉर्ड 6,618 अमेरिकी नागरिकों ने ब्रिटिश नागरिकता या अनिश्चितकालीन निवास (इंडेफिनिट लीव टू रिमेन) के लिए आवेदन किया है। यह संख्या 2004 के बाद से सबसे अधिक है, जब से इस तरह के आंकड़ों का रिकॉर्ड रखा जाने लगा। इस उछाल का विशेष रूप से संबंध डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत से जोड़ा जा रहा है, जो जनवरी 2025 में शुरू हुआ।

आंकड़ों के अनुसार, 2024 की अंतिम तिमाही में अमेरिकी आवेदनों में 40 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें लगभग 1,700 आवेदन अक्टूबर से दिसंबर के बीच प्राप्त हुए। यह अवधि अमेरिका में नवंबर 2024 के राष्ट्रपति चुनाव और ट्रंप की जीत के साथ मेल खाती है। आप्रवासन वकीलों का कहना है कि ट्रंप के दोबारा चुने जाने और उनकी नीतियों, विशेष रूप से आप्रवासन और सामाजिक मुद्दों पर उनके रुख के कारण, कई अमेरिकी नागरिक ब्रिटेन में वैकल्पिक निवास विकल्प तलाश रहे हैं। लंदन में विल्सन्स सॉलिसिटर्स के आप्रवासन वकील मुहुंथन परमेश्वरन ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया, चुनाव के तुरंत बाद और ट्रंप की विभिन्न घोषणाओं के बाद से हमें अमेरिकी नागरिकों से आवेदन के लिए पूछताछ में वृद्धि देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि कई अमेरिकी, जो पहले से ही ब्रिटेन में रह रहे हैं, अब दोहरी नागरिकता चाहते हैं ताकि भविष्य में उनके पास अमेरिका लौटने का विकल्प न रहने की स्थिति में सुरक्षा हो।

## 'कुमकुम भाग्य' में जया भट्टाचार्य की इंट्री



पॉपुलर और लंबे वक्त से चल रहा शो 'कुमकुम भाग्य' इन दिनों एक नए ट्रैक के साथ दर्शकों की दिलचस्पी बनाए हुए है, जिसमें प्रार्थना (प्रणाली राठौड़) और रौनक (अक्षय देव बिंद्रा) की कहानी एक नए मोड़ पर पहुंच चुकी है। हाल ही में नमिक पॉल की एंट्री शिवांश के तौर पर हुई है, जो एक इंटेंस और मिस्टेरियस कैरेक्टर है। अब इस ड्रामा में और तड़का लगाने आ रही हैं जानी-मानी एक्ट्रेस जया भट्टाचार्य, जो शिवांश की बुआ मां के रोल में दिखेंगी। शिवांश उन्हें बहुत मानता है और घर में उनका काफी असर है। पहली नज़र में वो एक समझदार और संभालने वाली महिला लगती हैं, लेकिन असली कहानी इससे कहीं आगे की है। अपने स्ट्रॉन्ग और लेयर्ड किरदारों के लिए पहचानी जाने वाली जया इस बार एक ऐसा रोल निभा रही हैं, जिसमें चालाकी, प्लानिंग और छुपे हुए इरादे शामिल हैं। शिवांश के सामने वो प्यार और केयर दिखाती हैं, लेकिन उनके मन में स्मिता (गुरदीप पुंज) को लेकर एक पुरानी नाराज़गी है, जो अब बदले की शक्ल ले चुकी है, और यही ट्विस्ट आने वाले एपिसोड्स में जबर्दस्त ड्रामा लेकर आएगा। जया भट्टाचार्य कहती हैं, ''कुमकुम भाग्य का हिस्सा बनकर अच्छा लग रहा है। इतने जाने-पहचाने चेहरों को देखकर और उन्हें इतना आगे बढ़ा हुआ देखकर बहुत अच्छा लगता है। ये नया कैरेक्टर बहुत दिलचस्प है क्योंकि इसमें कई शेड्स हैं। ये मुझे ग्रे शेड वाले रोल्स को और बेहतर तरीके से एक्सप्लोर करने का मौका दे रहा है।''


## छोटी-छोटी खुशियों का खजाना होते हैं बैग्स!

एक बैग सिर्फ सामान रखने की चीज नहीं है, बल्कि यह किसी की जिंदगी की खास झलक भी दिखाता है।एण्डटीवी की अभिनेत्रियों ने उन वस्तुओं के बारे में बताया कि जिनके बिना उन्हें घर से निकलना पसंद नहीं है। 'भीमा' में धनिया की भूमिका निभा रहीं स्मिता सेबल ने बताया, ''मेरे साथ हमेशा रहने वाली मेरी सबसे जरूरी चीजों में से एक बैंडेज है। इसके साथ ही मैं मेकअप के लिये जरूरी चीजें भी रखती हूँ, जिनके बिना मेरा काम नहीं चल सकता, जैसे कि हाइड्रेटिंग लिप बाम, एक छोटा-सा मिरर और काजल। मेरे बैग में बादाम व गुलाबजल की एक छोटी बॉटल भी रहती है।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा की भूमिका निभा रहीं हिमानी शिवपुरी ने कहा, ''मेरा हैंडबैग एक छोटा-सा खजाना है, जिसमें मेरी जरूरतों और भावनाओं से जुड़ी चीजें हैं। मैं हमेशा एक बिस्कुट का पैकेट रखती हूँ, जो रास्ते में मिलने वाले स्ट्रीट डॉग्स के लिए होता है। इसके अलावा, मेरे बैग में चश्मा और एक अच्छी पेपरबैक नॉवल जरूर होती मेरे बैग में होम्योपैथिक दवाओं का एक छोटा पाउच भी होता है जिनका मैं सालों से इस्तेमाल करती आई हूँ।'' 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाबी का किरदार निभाने वालीं शुभांगी अत्रे ने बताया, ''मेरे बैग में मिलने वाली मेरी पसंदीदा चीजों में से एक है छोटा-सा एक क्रिस्टल। मेरे बैग में एक छोटी डायरी भी होती है, जिसमें मेरे विचार, प्रेरक बातें और निजी सोच लिखी होती हैं। इसके अलावा, मैं एक लाइट फ्लोरल परफ्यूम भी रखती हूँ, जो मेरा मूड तरोताजा कर देता है। एक स्किन हाइड्रेटिंग स्प्रे मुझे सीन के बीच तरोताजा रखता है, और हर्बल टी के सैशे लंबी शूटिंग के दौरान काम आते हैं।

## बाजार दर्पण

मिशिका
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
Cares For Your Health & Wealth...
आपका विश्वास हमारा प्रयास
वि-केयर इंडिया हेल्थ कार्ड बनवाएं और लाभ उठाएं
एक छत के नीचे सारी सुविधायें उपलब्ध है।
24X7 EMERGENCY
आपातकालीन सेवा में आपका भरोसेमंद साथी
अधिक जानकारी के लिए हॉस्पिटल रिसेप्शन पर सम्पर्क करें
9792934124, 7275534124
पता: 301डी, नियर सेंट जोसेफ स्कूल, जे.के. चौराहा, लखनऊ रोड कानपुर

SHRI GANGA ORTHOCARE CENTRE
Dr. D.K. Dubey
M.S. (Ortho)
Senior consultant, Orthopaedic Surgeon
Dr. Anurag Diwedi
M.B.B.S., D.Ortho(Mumbai)
Orthopaedic Surgeon
अति आधुनिक मॉड्यूलर OT और टीवी सिस्टम सी-आर्म-मशीन द्वारा टूटी हड्डी को जोड़ने एवं आधुनिक तरीकों से ऑपरेशन किये जाते है !
घुटने एवं कूल्हे के जोड़ प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध है
कमर, गर्दन व जोड़ों के दर्द व जकड़न के लिए एवं चोट व प्लास्टर के बाद जकड़े जोड़ों की चाल खोलने के लिए आधुनिक मशीनों द्वारा फिजियोथैरेपी एवं पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध है
इटावा में जोड़ संबंधित सही और बेहतर उपचार के लिए आज ही परामर्श लें
Shri Ganga Orthocare Centre
CONTACT: 9068067700, 9411942021
Address: Old Agra Road Etawah



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोन:- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089